CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 36°C
न्यूनतम : 26°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 27 जून 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 165 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 1 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**शहरों में घर खरीदना गरीबों के बजट से कोसो दूर: राहुल गांधी**
पेज 2



**कार्लसन के साथ नौ साल के आरित ने खेला ड्रॉ**
खेल टाइम्स



**इस्लामी हिज़्री के पहले महीने मुहर्रम की अज़ीम है फ़ज़ीलत**
संपादकीय



**डोनाल्ड ट्रम्प की टेंशन बढ़ा रही ख़ुफ़िया रिपोर्ट**
पेज 12

## कांग्रेस ने महाराष्ट्र व हरियाणा चुनाव की वीडियो रिकॉर्डिंग मांगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव के मतदाताओं की सूची, मतदान के दिन की वीडियो रिकॉर्डिंग तथा मशीन रीडेबल कॉपी उपलब्ध कराने की मांग की है। कांग्रेस ने चुनाव आयोग सचिवालय के सचिव अश्विनी कुमार मोहल को 25 जून को लिखे दो पेज के पत्र में कहा है कि महाराष्ट्र तथा हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जिन सवालों को उठाया है, उन्हें लेकर आयोग ने 12 जून को जो जवाब दिया है , उसके मद्देनजर पार्टी मांग करती है कि उसे मतदाता सूची और मतदान के दिन के वीडियो फुटेज एक सप्ताह में उपलब्ध कराए जाएं। पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस यह मांग लगातार कर रही है और उसकी मांग के अनुरूप वोटर लिस्ट तथा वीडियो फुटेज उपलब्ध कराना आयोग के लिए कठिन काम नहीं है।

## चुनाव आयोग ने 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों को सूची से हटाया

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने ऐसे 345 पंजीकृत गैर- मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की पहचान कर उनको सूची से हटाने का काम शुरू कर दिया है, जो पिछले छह वर्षों में एक भी चुनाव लड़ने की आवश्यक शर्त को पूरा करने में विफल रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्त डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी ने मिलकर 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी है।

## जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में एक आतंकी ढेर

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार सुबह से जारी एनकाउंटर में एक आतंकी मारा गया है। इलाके में तीन और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। सेना और पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी है। आईजीपी जम्मू जोन भीम सेन ने बताया कि बसंतगढ़ के बिहाली इलाके में पिछले एक साल से 4 आतंकियों के छिपे होने की खबर थी। गुरुवार सुबह साढ़े 8 बजे इनकी जानकारी मिलने के बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान आतंकियों ने सिक्योरिटी फोर्सेज के जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया है।

## सुप्रीम कोर्ट मराठा आरक्षण पर जुलाई में करेगा विचार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय महाराष्ट्र में शिक्षा और रोजगार में मराठाओं को 10 फीसदी आरक्षण प्रावधान को चुनौती देने वाली याचिका पर 14 जुलाई के बाद विचार करेगा। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने गुरुवार को एक अधिवक्ता की संबंधित मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की गुहार पर यह अनुमति दी।

# एक्सिओम-4 मिशन अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से सफलतापूर्वक जुड़ा, रचा इतिहास

## शुभांशु 28 घंटे सफर करके इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे



**फ्लोरिडा, वार्ता**

**एक्सिओम-4** मिशन का स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़ गया और इसके साथ ही,भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने इतिहास रच दिया। वह आईएसएस में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए।

भारतीय अंतरिक्ष आकांक्षाओं के लिए एक बड़ी छलांग लगाते हुए भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला गुरुवारको इतिहास में तब दर्ज हो गए जब ड्रैगन कैप्सूल आईएसएस पर हार्मनी मॉड्यूल से भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे धीरे-धीरे जुड़ गया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने इसकी पुष्टि की है। ग्रुप कैप्टन शुक्ला इस मिशन के पायलट हैं। इस मिशन ने बुधवार को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। मिशन में ग्रुप कैप्टन शुक्ला के साथ पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन,पोलैंड के स्लावोज़ उज्नान्स्की- विस्निएव्स्की और हंगरी के टिबोर कपू गए हैं। इस बीच शुक्ला ने अंतरिक्ष से दिल को छू लेने वाला संदेश भेजा, जिसने लाखों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से नमस्कार! जब मैं कैप्सूल में बैठा था, तो मेरे दिमाग में बस यही विचार था कि 'चलो बस चलते हैं' और फिर अचानक, कुछ नहीं-आप तैर रहे थे। पृथ्वी के ऊपर तैरते हुए मैं दृश्यों का आनंद ले रहा था, एक बच्चे की तरह सीख रहा था। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम पर बारीकी से नजर रखने वाले वैज्ञानिक डा. आरसी कपूर ने कहा कि डॉकिंग एक नाजुक ऑपरेशन है, जिसके लिए अत्यधिक सटीकता की आवश्यकता होती है।

> ■ भारतीय अंतरिक्ष आकांक्षाओं के लिए एक बड़ी छलांग, ISS में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने शुभांशु शुक्ला

## नीट-यूजी: सुप्रीम कोर्ट का दिल्ली हाईकोर्ट से मामला ट्रांसफर करने से इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2025 को चुनौती देने वाली एक रिट याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने असद खत्री की गुहार ठुकराते हुए कहा कि यह याचिका सार्वजनिक हित के तथ्यों पर आधारित नहीं है और इसलिए इस विवाद का शीर्ष अदालत की बजाय उच्च न्यायालय में ही निपटारा किया जाना चाहिए।

# पाक रक्षा मंत्री से नहीं मिले राजनाथ सिंह

## SCO समिट: साझा दस्तावेज में पहलगाम हमले का जिक्र नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ के नापाक इरादों को नाकाम करते हुए सदस्य देशों के आतंकवाद पर संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया। एससीओ के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों की दो दिन की बैठक चीन के किंगदाओ में हो रही है। चीन की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक हुई। इसमें भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, दोनों शामिल हुए थे। हालांकि, राजनाथ सिंह ने पाकिस्तानी रक्षा मंत्री से मुलाकात नहीं की। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद पर सदस्य देशों के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि चीन और पाकिस्तान संयुक्त वक्तव्य में जम्मू- कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले का उल्लेख नहीं करना चाहते थे और इसके बजाय पाकिस्तान में जाफर ट्रेन हाइजैक के मामले को वक्तव्य में शामिल करने पर आमादा थे। सूत्रों ने कहा कि भारत ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया। इससे एससीओ की बैठक के संपन्न होने पर संयुक्त वक्तव्य जारी नहीं किया जाएगा।

> भारत ने एससीओ में आतंकवाद पर संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इन्कार किया

> शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के संपन्न होने पर संयुक्त वक्तव्य जारी नहीं किया जाएगा

### आतंकवाद के खात्मे को SCO का एकजुट होना जरूरी: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एससीओ के सदस्य देशों के समक्ष आतंकवाद पर भारत का रुख एकदम स्पष्ट करते हुए दो टूक शब्दों में कहा कि आतंकवाद का हर कृत्य आपराधिक तथा अनुचित है और संगठन को सामूहिक सुरक्षा के लिए इस खतरे को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट होना चाहिए।

# सीजेआई गवई का बड़ा बयान: संविधान सबसे ऊपर, संसद नहीं

**अमरावती।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि भारत का संविधान सबसे ऊपर है। हमारे लोकतंत्र के तीनों अंग (न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका) संविधान के अधीन काम करते हैं। सीजेआई गवई ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि संसद सर्वोच्च है, लेकिन मेरी राय में संविधान सर्वोपरि है।

सुप्रीम कोर्ट के 52वें सीजेआई के रूप में शपथ लेने वाले जस्टिस गवई होमटाउन अमरावती में अपने अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। सीजेआई गवई ने कहा कि संसद के पास संशोधन करने की शक्ति है, लेकिन वह संविधान के मूल ढांचे को बदल नहीं सकती। सीजेआई गवई ने कहा कि एक जज को हमेशा याद रखना चाहिए कि हमारा एक कर्तव्य है और हम नागरिकों के अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों और सिद्धांतों के संरक्षक हैं। हमारे पास केवल शक्ति नहीं है, बल्कि हम पर एक कर्तव्य भी डाला गया है।

> ■ कहा: लोकतंत्र के तीनों हिस्से इसके अधीन, संसद के पास संशोधन की शक्ति, लेकिन मूल ढांचा नहीं बदल सकती




## सीवीआर-एफडीआर के डेटा की जांच पूरी, निष्कर्ष शीघ्र

**अहमदाबाद विमान हादसा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के बोइंग 787.8 ड्रीमलाइनर विमान के कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर्स (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर्स (एफडीआर) का डेटा प्रयोगशाला में निकाल लिया गया है और जल्द ही इसका निष्कर्ष सामने आने की संभावना है।

नागर विमानन मंत्रालय ने गुरुवार को यहां एक बयान में यह जानकारी दी। भारत, अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) की शिकागो संधि (1944) के हस्ताक्षरकर्ता और आईसीएओ अनुलग्नक 13 और विमान (दुर्घटनाओं और घटनाओं की जांच) नियम, 2017 के अनुसार विमान दुर्घटनाओं की जांच करता है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ऐसी जांच के लिए नामित प्राधिकरण है। बयान में कहा गया है कि एयर इंडिया फ्लाइट एआई-171 से जुड़ी दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना के बाद, एएआईबी ने तुरंत एक जांच शुरू की और निर्धारित मानदंडों के अनुरूप 13 जून को एक बहु-विशेषज्ञ दल का गठन किया। अंतर्राष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार गठित टीम का नेतृत्व एएआईबी के महानिदेशक द्वारा किया जाता है और इसमें एक विमानन चिकित्सा विशेषज्ञ, एक एटीसी अधिकारी और एनटीएसबी के प्रतिनिधि शामिल हैं, जो इस तरह की जांच के लिए आवश्यक निर्माण और डिजाइन राज्य (यूएसए) से सरकारी जांच एजेंसी है।

## उत्तराखंड: टेम्पो ट्रैवलर अलकनंदा में बहा, 12 के मरने की आशंका

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** चारधाम यात्रा मार्ग पर गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाईवे पर घोलतीर के पास यात्रियों से भरी मिनी बस (टेंपो ट्रैवलर) 250 मीटर गहरी खाई में गिरकर अलकनंदा नदी में समा गई। हादसे में 3 यात्रियों की मौत हो गई, 9 लापता हैं, जबकि 4 गंभीर घायलों को एयर एंबुलेंस से एम्स ऋषिकेश भेजा गया है। बस में कुल 20 यात्री सवार थे, जो विभिन्न राज्यों (मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र) से चारधाम यात्रा पर निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस और आईटीबीपी ने सर्च और रेस्क्यू अभियान चलाया, लेकिन नदी का जलस्तर बढ़ा होने के कारण बस का सुराग नहीं लग सका।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने हिमाचल में जानमाल के नुकसान पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण लोगों के मारे जाने की घटनाओं पर शोक व्यक्त करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से राहत बचाव कार्यों में प्रशासन की मदद करने का आग्रह किया है। गांधी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश से हुए जान-माल के नुक़सान की खबर बेहद दुखद है। कई लोग अब भी लापता हैं। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और लापता लोगों के सकुशल लौटने की आशा करता हूं। प्रशासन और राहत दल पूरी तत्परता से काम कर रहे हैं।

### हिंसा का समर्थन नहीं करती सपा: अखिलेश

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा है कि अगर इटावा की घटना का पता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पता चल गई, तो कहीं वे सीएम योगी को डांट न पिला दें। पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि पिछले 16 साल से कथावाचक ने चोटी रखी थी। बीजेपी के लोग इस घटना में शामिल हैं, उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हिंसा का समर्थन नहीं करती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में कुछ भी हो सकता है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने तंज किया कि अगर ट्रंप जी को पता चल जाए, इटावा में ये हुआ है तो ट्रंप न डांट दें। अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी कुंभ पर झूठ बोल सकती है, मरने वाले का आंकड़ा छुपा सकती है। शंकराचार्य झूठ बोल सकते हैं, पुलिस कैश पैसे बांटती है। उन्होंने कहा कि जातीय संघर्ष पर बात करने की वाले सीएम अब तक क्या सो रहे हैं।

# नीट परीक्षा में धांधली की व्यापक स्तर पर हो जांच: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा-नीट में हो रही कथित धांधली को लेकर राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनटीए) पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया और कहा कि जिस एनटीए को इस परीक्षा को पारदर्शी तरीके से कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह भ्रष्टाचारी एजेंसी बन गई है और युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है।

कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के प्रभारी कन्हैया कुमार ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश की एनटीए 'राष्ट्रीय भ्रष्टाचार एजेंसी' बन चुकी है। नीट परीक्षा होती है, तो भ्रष्टाचार से जुड़ी नई-नई चीजें सामने आती हैं। एनटीए जो भी परीक्षा कराती है, उसका डेटा लीक हो जाता है। एनटीए अविश्वनीय बन चुकी है और यह परीक्षा एजेंसी किसी भी परीक्षा को पारदर्शी तरीके से आयोजित नहीं कर पा रही है, इसलिए



■ एनएसयूआई प्रभारी कन्हैया कुमार ने उठाई मांग

इसके अधिकारियों की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एनटीए के जरिए हो रही नीट परीक्षा के आयोजन में भ्रष्टाचार अत्यंत गंभीर तरीके से सामने आ रहा है। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने महाराष्ट्र में भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें कुछ लोग गिरफ्तार हुए हैं और इसमें गंभीर बात यह है कि प्राथमिकी में पैसा लेकर ओएमआर शीट बदलने की बात सामने आई है। नीट परीक्षा के माध्यम से बच्चे डॉक्टर बनते हैं, जो देश की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ होती है। इस प्राथमिकी के बाद एनटीए फिर शक के घेरे में है, लेकिन उसके खिलाफ अब तक कोई बड़ी जांच नहीं बिठाई गई है। कांग्रेस की मांग है कि एनटीए की जांच हो और नीट परीक्षा पारदर्शिता तरीके से आयोजित कराई जानी चाहिए। सीबीआई कह रही है कि इस मामले में एनटीए का कोई अधिकारी शामिल नहीं है, तो उसे यह भी बताना चाहिए कि फिर मामला दर्ज क्यों कराया गया है।

### शहरों में घर खरीदना गरीबों के लिए बना सपना



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि महंगाई चरम पर है और शहरी अर्थव्यवस्था में गरीब तथा मध्यम वर्ग के लोगों के लिए घर खरीदना सपना बनकर रह गया है। गांधी ने सोशल मीडिया 'फेसबुक' पर एक पोस्ट में आज कहा कि हां, आपने सही पढ़ा और अगर यकीन नहीं हो रहा तो दोहरा देता हूं। मुंबई में घर लेने के लिए भारत के सबसे अमीर पांच प्रतिशत लोगों को भी 109 साल तक अपनी आमदनी का 30 प्रतिशत बचाना पड़ेगा। यही हाल ज्यादातर बड़े शहरों का है, जहां आप अवसर और सफलता की तलाश में एड़ियां घिस देते हैं। कहां से आएगी इतनी बचत। उन्होंने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग की विरासत दौलत नहीं, जिम्मेदारियां होती हैं। बच्चों की महंगी शिक्षा, महंगे इलाज की चिंता, माता-पिता की ज़िम्मेदारी या परिवार के लिए छोटी-सी गाड़ी। फिर भी दिलों में रहता है एक सपना 'एक दिन' एक घर होगा अपना।

# केजीएमयू का पुराना नाम बहाल करे सरकार

**लखनऊ, वार्ता**



■ छत्रपति शाहूजी महाराज के नाम पर हो

समाजवादी पार्टी को दलित विरोधी पार्टी बताते हुये बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को कहा कि बसपा सरकार के कार्यकाल में किंग जार्ज मेडिकल यूनीवर्सिटी (केजीएमयू) का नाम छत्रपति शाहूजी महाराज मेडिकल यूनीवर्सिटी किया गया था, जिसे सपा सरकार ने बदल दिया था। अब मौजूदा भाजपा सरकार को चाहिये कि केजीएमयू का नाम फिर बदल कर छत्रपति शाहूजी महाराज मेडिकल यूनीवर्सिटी करे। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- कोल्हापुर, महाराष्ट्र रियासत में दलितों को नौकरी में आरक्षण देने का क्रान्तिकारी कदम उठाकर भारत में आरक्षण के जनक के रूप में अमर हो जाने वाले राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज को आज उनकी जयंती पर शत-शत नमन व अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित तथा उनके समस्त अनुयाइयों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# इटावा में पुलिस पर फेंके पत्थर की फायरिंग, 12 हिरासत में

**इटावा, वार्ता**

■ सड़क पर उतरी अहीर रेजिमेंट नेशनल हाईवे किया जाम

यादव कथावाचक को पीटने और अभद्रता के मामले में गुरुवार को इटावा में बवाल हो गया। गुरुवार को अहीर रेजिमेंट और यादव संगठन के करीब 2 हजार लोगों ने 2 जगह प्रदर्शन किया। पहला प्रदर्शन बकेवर थाने के सामने हुआ। लोगों ने कथावाचक के दो साथियों को छुड़ाने के लिए थाने का घेराव किया।

पुलिस ने समझाना चाहा, तभी भीड़ ने पुलिस की गाड़ी पर पथराव कर दिया, जिसमें एक गाड़ी का शीशा टूट गया। पुलिस ने हंगामा बढ़ता देख 12 थानों की फोर्स बुलाई और प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा, हवाई फायरिंग भी की गई। यहां पुलिस ने 12 लोगों को हिरासत में लिया है। दूसरा प्रदर्शन आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हुआ। यादव समाज के लोगों ने एक्सप्रेस-वे पर बाइक रैली निकाली। पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की लेकिन प्रदर्शनकारी आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे की ओर बढ़ गए। दरअसल, यादव समाज संगठन के अध्यक्ष गगन यादव ने कथावाचक की पिटाई का विरोध जताया था। गुरुवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ इटावा आने का एंलान किया था, जिसके बाद पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया था। इसके विरोध में कई जिलों से यादव समाज के लोग इटावा पहुंचे। गुरुवार को दांदरपुर गांव से यादव समाज और अहीर रेजिमेंट के युवाओं से पुलिस की झड़प हो गई। इस दौरान अहीर रेजिमेंट ने पुलिस पर पथराव और फायरिंग की। साथ ही पुलिस की गाड़ी भी तोड़ दी। मामला बढ़ा, तो प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया।

## कांवड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर योगी ने दिए निर्देश

# भड़काऊ नारे व हथियार न लहराएं: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ 11 जुलाई से नौ अगस्त तक चलेगी कांवड़, मोहर्रम के कार्यक्रम 27 जून से 7 जुलाई के बीच होंगे पूरे

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि भड़काऊ नारे और हथियारों का प्रदर्शन बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगा। साथ ही सीएम ने कांवड़ यात्रा को लेकर कहा कि कांवड़ यात्रा के जो भी मार्ग हैं, जहां से भी श्रद्धालु कांवड़ लेकर गुजरेंगे, वहां पर खुले में मांस की बिक्री नहीं होगी। सीएम ने कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अधिकारियों के साथ अहम बैठक की, ताकि इन त्योहारों में कानून व्यवस्था बनी रहे और किसी भी तरह का कोई भी विवाद सामने न आए।

सीएम ने कहा कि श्रावण का पवित्र हिंदू महीना 11 जुलाई से 9 अगस्त तक मनाया जाएगा, जिसके दौरान कांवड़ यात्रा, श्रावणी शिवरात्रि, नाग पंचमी और रक्षा बंधन मनाया जाता है। इसके साथ ही जगन्नाथ रथ यात्रा 27 जून से 8 जुलाई के बीच और मोहर्रम 27 जून से 7 जुलाई के बीच होने की उम्मीद है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सीएम ने कहा कि यह त्योहारों का पूरा समय कानून- व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता, शिक्षा और आपदा प्रबंधन के मामले में काफी ज्यादा संवेदनशील है, इसलिए सभी संबंधित विभागों और जिला प्रशासनों को समन्वय और जवाबदेही के साथ काम करना चाहिए। सीएम ने त्योहारों को लेकर सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि भड़काऊ नारे, हथियारों का प्रदर्शन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी के साथ कौशांबी, इटावा, औरैया की घटनाओं पर मुख्यमंत्री गंभीर हैं। सीएम ने कहा कि जातीय संघर्ष फैलाने की साजिश हो रही है, अराजक लोगों को बेनकाब करें। सीएम ने कहा कि पुलिस स्टेशनों, सर्किलों और चौकियों के स्तर पर स्थानीय प्रशासन को कांवड़ संघों के साथ लगातार बातचीत में रहना चाहिए और सभी व्यवस्थाओं का पूर्व आकलन करना चाहिए।

### यूपी में ग्रीन गोल्ड लेकर घर जाएंगे नवजात

■ सरकारी अस्पताल में जन्में बच्चों को योगी सरकार से मिलेगा ये गिफ्ट

**लखनऊ।** योगी सरकार की ओर से यूपी को हरा भरा प्रदेश बनाने के लिए एक से सात जुलाई तक जन्म लेने वाले बच्चों को अब ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट के साथ पौधे भी दिए जाएंगे। यह पौधे यूपी के सभी जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी व अन्य सरकारी अस्पताल में जन्मे बच्चों को प्रदान किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से वन विभाग यह कार्य करने जा रहा है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने बताया कि पौधरोपण महाभियान-2025 में जनता की सहभागिता पर सरकार का जोर है। नवजात को उपहार स्वरूप पौधा देना बच्चे के जीवन में समृद्धि व विकास का परिचायक है। इसी के अनुरूप पहली से सात जुलाई (वन महोत्सव) की अवधि में जन्मे नवजात शिशुओं को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट के साथ एक पौधा भेंट के रूप में प्रदान किया जाएगा। वन महोत्सव के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर वन विभाग मूर्त रूप प्रदान करेगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने सभी प्रभागों के वनाधिकारी को निर्देश दिया है कि स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर संस्थागत प्रसव से जन्मे बच्चों को यह सर्टिफिकेट व पौधा दिया जाए। संस्थागत प्रसव में जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी व अन्य सरकारी अस्पतालों को शामिल किया जाए। भेंट स्वरूप सागौन, शीशम समेत इमारती प्रजाति के पौधों को प्राथमिकता दी जाए।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 83755.87
निफ्टी 25549

सोना रु. 97159
प्रति 10 ग्राम (24 केरेट)

चांदी रु. 107150
प्रति किलो




# बाजार में तूफानी तेजी, नौ माह के उच्चतम स्तर पर

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ब्याज दरों में अधिक कटौती के लिए फेडरल रिजर्व में संभावित नेतृत्व परिवर्तन करने को लेकर जारी अटकलों से यूरोपीय बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में तूफानी तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1000.36 अंक अर्थात 1.21 प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब नौ महीने के उच्चतम स्तर 83 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 83755.87 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 304.25 अंक यानी 1.21 प्रतिशत उछलकर 25549 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.56 प्रतिशत मजबूत होकर 46,362.77 अंक और स्मॉलकैप 0.12 प्रतिशत बढ़कर 53,960.57 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4153 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2097 में लिवाली जबकि 1900 में



बिकवाली हुई, वहीं 156 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2975 कंपनियों के शेयरों में से 1474 में तेजी जबकि 1397 में गिरावट रही, वहीं 104 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार गुरुवार को डॉलर तीन साल के निचले स्तर पर आ गया, जबकि वैश्विक शेयर बाजारों ने बीते तीन दिनों में दूसरी बार नया रिकॉर्ड उच्च स्तर हासिल किया। इसकी वजह अमेरिकी फेडरल रिजर्व में संभावित नेतृत्व परिवर्तन को लेकर अटकलें बताई जा रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प फेडरल रिजर्व के मौजूदा अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की जगह जल्द ही नया चेहरा नियुक्त करने पर विचार कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि ट्रम्प फेड से ब्याज दरों में तेजी से कटौती करने की मांग कर रहे हैं और इसी दिशा में अगले कुछ महीनों में पॉवेल का विकल्प चुनने की योजना बना रहे हैं। इस अटकल के बाद निवेशकों ने अमेरिकी ब्याज दरों में संभावित कटौती पर दांव लगाना शुरू कर दिया, जिससे डॉलर में भारी बिकवाली देखी गई। वहीं वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी का रुख बना रहा और बाजार नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए। इससे बीएसई में फोकस्ड आईटी, आईटी और रियल्टी में 1.04 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 18 समूहों में तेजी रही। इस दौरान कमोडिटीज 1.39, सीडी 0.42, ऊर्जा 1.68, एफएमसीजी 0.61, वित्तीय सेवाएं 1.25, हेल्थकेयर 0.28, इंडस्ट्रियल्स 0.58, दूरसंचार 0.80, यूटिलिटीज 1.24, ऑटो 0.51, बैंकिंग 0.95, कैपिटल गुड्स 0.36, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.79, धातु 2.28, तेल एवं गैस 1.88, पावर 1.13, टेक 1.13 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.88 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.26, जर्मनी का डैक्स 0.84 और जापान का निक्केई 1.65 प्रतिशत उछल गया।

### सोने के भाव में कोई परिवर्तन नहीं दिखा

**नई दिल्ली।** सोने के दाम में गुरुवार को कोई बदलाव देखने को नहीं मिला। आईबीजेए के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 97,159 प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं चांदी की कीमत 1,950 बढ़कर 1,07,150 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,05,200 पर थी।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,100 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,850 रही, जब कि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,950 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 थी, वहीं कोलकाता मे 24 कैरेट सोने की कीमत 98,950 और 22 कैरेट की कीमत 90,700 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,950 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,700 थी, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 व 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750 रही।

# खाद्य तेलों में टिकाव, गेहूं महंगा, गुड़ सस्ता

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि गेहूं महंगा हो गया वहीं गुड़ और मूंग दाल के भाव गिर गए।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 36 रिंगिट बढ़कर 3975 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.20 सेंट की गिरावट के साथ 51.62 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी:



मीठे के बाजार में मिलाजुले रुख रहा। इस दौरान गुड़ 50 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया, जबकि चीनी के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में मूंग दाल में 150 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी का रुझान मिश्रित रहा। इस दौरान गेहूं 50 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया, जबकि चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5600-5700, दाल चना 6600-6700, मसूर काली 7900-8000, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 9500- 9600, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3000-3100 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4200-4300, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4350-4450 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल: सरसों तेल 17033 रुपये, मूंगफली तेल 17948 रुपये, सूरजमुखी तेल 16116 रुपये, सोया रिफाइंड 14102 रुपये, पाम ऑयल 13333 रुपये और वनस्पति तेल 14666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# अमरनाथ यात्रा में तीर्थयात्रियों की संख्या में गिरावट: मनोज सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आज कहा कि वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकृत तीर्थयात्रियों की संख्या में पिछले साल की तुलना में मामूली गिरावट देखी गई है। हालांकि अब स्थिति में सुधार के संकेत दिख रहे हैं।

उन्होंने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तीर्थयात्रा के लिए सभी मार्गों और आधार शिविरों में जम्मू-कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सिन्हा ने कहा कि यात्रा के लिये 22 अप्रैल से पहले पंजीकरण में उछाल आया था, लेकिन आतंकवादियों ने पहलगाम में इस दिन पर्यटकों को निशाना बनाया, जिसमें 26 लोग मारे गए। सिन्हा ने कहा कि 22 अप्रैल के बाद पंजीकरण में थोड़ी गिरावट देखी गई। इस साल के आंकड़ों की तुलना 2024 से करते हुए उपराज्यपाल ने खुलासा किया कि इस बार अब तक 35,000 से 40,000 कम तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि कुल संख्या पिछले साल की तुलना में 10.19 प्रतिशत कम है। उन्होंने कहा कि गिरावट के बावजूद प्रशासन इस बाबत 'आशावादी' है, क्योंकि स्थिति में सुधार है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल तक यात्रा के लिए 2,36,801 पंजीकरण किए गए थे। हमने 22 अप्रैल से पहले पंजीकरण कराने वाले सभी लोगों से संपर्क किया और उनसे यात्रा में भाग लेने की पुष्टि करने के लिए कहा। अब तक 85,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने आने की पुष्टि की है और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। सुरक्षा के मसले पर उपराज्यपाल ने आश्वासन दिया कि इस बाबत व्यापक व्यवस्था की गई है और पिछले वर्षों की तुलना में सुरक्षा कर्मियों का संख्याबल भी अधिक है। उन्होंने कहा ष्सुरक्षा के दृष्टिकोण से जम्मू- कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना और केन्द्रीय सुरक्षा बलों ने सभी यात्रा मार्गों और आधार शिविरों में सुरक्षित और शांतिपूर्ण तीर्थयात्रा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। सिन्हा ने कहा कि अमरनाथ यात्रा 2025 के सुचारू और सुरक्षित संचालन के लिए मजबूत और बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि चाहे वह क्षेत्र वर्चस्व हो, माउंटेन रेस्क्यू पेट्रोल (एमआरपी) की तैनाती हो, या आधार शिविरों पर तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था हो।

# ईरान-इजरायल युद्ध से भारतीय कालीन उद्योग को अरबों का झटका

**भदोही।** ईरान-इजरायल युद्ध का असर कालीनों के निर्यात पर दिखाई पड़ने लगा है। कालीन नगरी भदोही में अरबों रुपये के निर्यात ऑर्डर निरस्त होने से कालीन उद्योग में बेचैनी है। कारपेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (सीईपीसी) के प्रशासनिक समिति सदस्य एवं अखिल भारतीय कालीन निर्माता संघ (एकमा) के मानद सचिव पीयूष बरनवाल ने बताया कि ईरान व इजरायल दोनों भारतीय कालीनों के अच्छे आयातक देशों में माने जाते हैं।

युद्ध उन्माद में उलझे इन देशों में भारतीय कालीन की मांग न के बराबर हो गई है। वहीं अमेरिका भारतीय कालीनों का प्रमुख आयातक देश है, जहां भारतीय कालीनों के कुल निर्यात का 25 से 30 फीसद अकेले अमेरिका को जाता है। ईरान-इजरायल युद्ध में अमेरिका के कूदने से हालात और बिगड़ने के आसार बन गए हैं। अस्थिरता के कारण अमेरिकी देशों से आने वाले बायर कतरा रहे हैं। जिसका भारी भरकम खामियाजा कालीन उद्योग जगत को भुगतना पड़ रहा है। पहलगाम की घटना की प्रतिक्रिया में भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद तुर्की के पाकिस्तान को खुले समर्थन से बिगड़े हालातों के बीच दोनों देशों के बीच तनाव बड़ा है। तुर्किए भी भारतीय कालीनों का एक मजबूत कालीन आयातक देश माना जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद तुर्की में भी कालीन निर्यात पर काफी विपरीत असर पड़ा है।

### मणिपुर में पर्यटन उद्योग को भारी नुकसान

**इंफाल।** मणिपुर में कोविड महामारी और उसके बाद मई 2023 की शर्मनाक घटना के बाद राज्य में पर्यटन उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस दौरान घरेलू और विदेशी पर्यटकों पर लगाए गए कड़े प्रतिबंधों की वजह से भी उनकी संख्या में भारी कमी दर्ज की गई है। मणिपुर हमेशा से ही विदेशी पर्यटकों के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र रहा है, जहां आने के लिए प्रोटेक्टेड एरिया परमिट (पीएपी) की आवश्यकता होती है। इस नियम में कुछ समय के लिए ढील दे दी गई थी, लेकिन इसे फिर से 19 दिसंबर 2024 को विदेशी (संरक्षित क्षेत्र) आदेश 1958 के तहत लागू कर दिया गया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बंद मकान के ताले तोड़कर लाखों की चोरी

## पीछा करने पर की फायरिंग, चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली क्षेत्र के गांव मौहउददीनपुर में उस समय सनसनी फैल गई जब देर रात बदमाशों ने एक बंद मकान का ताला तोडघ्कर लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। ग्रामीणों द्वारा चोरों का पीछा कर पकड़ने का प्रयास किया गया तो चोरों ने ग्रामीणों पर फायर झोक दिया। पीड़ित नगर के हाइवे स्तिथ चीतल ग्रैंड में नौकरी करता है जबकि उसकी पत्नी अपने मायके मुजफ्फरनगर गई हुई थी। पड़ोसियों के जागने पर घटना का पता चला।



देर रात कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहद्दीनपुर निवासी शोएब और अमजद रात के लगभग दो बजे पानी की पीने के लिए कमरे से बहार आये थे उसी समय उन्हें उनके पड़ोसी अनवर के बंद मकान में कुछ खटपट होती सुनाई दी दोनों ने अनवर के मकान के पास जाकर देखा तो मकान में अधादर्जन नकाबपोस चोर घुसे हुय थे। दोनों भाइयों ने अनवर परिजनों को घटना की सूचना दी। जिसके बाद दोनों भाइयों ने चोरों को पकड़ने का प्रयास किया तभी चोरों ने तमंचे से फायर कर दिया गनीमत यह रही कि गोली साइड से निकल कर दीवार में जा लगी। जिसमे दोनों भाई बाल बाल बच गए। वही पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई। शोएब ने बताया कि पांच बदमाश थे, जिन्होंने ताला तोडकर लाखों रुपये की चोरों कर फरार हो गए। उन्होंने यह भी बताया दो साल पहले गांव दो चोरी की घटना हो चुकी हैं, जिनका अब तक कोई खुलासा नहीं हुआ है। गोली चलने की आवाज सुन मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल की।

ग्राम प्रधान पति तोसिद ने जानकारी देते हुय बताया कि चोरों ने उसका भाई अनवर खतौली चीतल ग्रैंड में गार्ड की नोकरी करता है जो रात में ड्यूटी पर था और उसकी पत्नी बच्चों समेत अपने मायके गयी हुई थी। उन्होंने बताया कि चोर घर मे रखे लाखो के सोने चांदी के जेवर सोने की गले की चेन, सोने की अंगूठी, कानो के कुंडल, बाली, और घर मे रखे लगभग सात हजार रुपए चोरी कर फरार हो गए। अनवर ने कोतवाली पर चोरों के खिलाफ तहरीर देते हुय कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर लेकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। देर रात गांव में हुई चोरी की घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## स्कैनिंग मशीन में पकडा गया अंडर वियर चोर

**मुजफ्फरनगर।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र में मेरठ रोड स्थित एक शोरुम से एक युवक ने चोरी का प्रयास किया। आरोपी ड्रेसिंग रुम से अंडरवियर चोरी कर बाहर निकल रहा था। मुख्य गेट पर लगी स्कैनिंग मशीन से बीप की आवाज आने पर उसे पकड कर पुलिस को सौंप दिया गया। मेरठ रोड पर स्थित शोरुम में एक युवक खरीदारी करने आया था। उसे शोरुम से अंडरवीयर को लेकर ड्रेसिंग रुम में चला गया। आरोपी अंडरवियर को पहनकर ड्रेसिंग रुम से बाहर निकलकर शोरुम से बाहर जाने लगा। मुख्य गेट पर लगी स्कैनिंग मशीन से बीप की आवाज आने पर महिला गार्ड ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने महिला गार्ड से अभद्रता कर दी। उसके बाद खुद ही अपनी बाइक की चॉबी अपने सिर में मारकर धमकी दी। आरोपी को पकड कर पुलिस को सौंप दिया।

# इंस्टाग्राम आईडी हैक कर अश्लील फोटो की अपलोड

## साइबर थाने में पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है कॉलेज के एक लडके ने एक लडकी की इंस्टाग्राम आईडी को हैक किया और उस पर लडकी व अपने फोटो को एडिट कर अश्लील तस्वीर बनाकर अपलोड कर दी। यह देखकर भोली-भाली लडकी ही नहीं उसका पूरा परिवार शर्मसार हो गया। इस खेल में पीड़ित लडकी की दूसरी सहपाठी भी शामिल बताई गई यह मामला साइबर सेल प्रभारी ही नहीं पुलिस के उच्च अधिकारियों के संज्ञान में भी पहुंचा तो मामले की बारिकी से छानबीन की गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी छात्र को हिरासत में लेकर



पूछताछ शुरू कर दी। फिलहाल पुलिस ने इस मामले को दर्ज भी कर लिया है।

सिविल लाइन क्षेत्र की रहने वाली एक भोली-भाली युवती व उसका परिवार कई रोज से मानसिक रूप से परेशान था। उनकी समस्या यह थी कि किसी अज्ञात युवक ने इंस्टाग्राम आईडी को हैक कर के युवक ने अपने व युवती का फोटो एडिट कर अपलोड कर दिया था।

इस तरह की तस्वीर देखकर पूरा परिवार शर्मसार था। उस समय तक तो परिवार व युवती इज्जत की खातिर शांत बैठे रहे, लेकिन जब मामला बढ़ने लगा तो उन्होने कानून की मदद लेना उचित समझा। इस मामले को एसपी क्राइम व साइबर सेल प्रभारी के संज्ञान में डाला गया। इतना ही नहीं पीड़िता की ओर से पुलिस अधिकारियों को एक तहरीर देकर इंसाफ भी मांगा गया। पुलिस को बताया गया था कि उसकी इंस्टाग्राम आईडी को हैक कर रखा है और आगे भी अश्लील फोटो अपलोड हो सकते है। पीड़िता ने फोटो व इंस्टाग्राम डीलिट कराने की मांग करते हुए इंसाफ मांगा था, क्योकि इस मामले को लेकर पूरा परिवार भयभीत था। इस मामले का संज्ञान पुलिस के आला अधिकारियों ने भी लिया, मामले की गहनता से छानबीन भी की गई तो इंस्टाग्राम आईडी को हैक करने वाला प्रकाश में आ गया। वह परिचित निकला और एक कॉलेज का छात्र भी है पुलिस ने इस मामले को दर्ज किया और आरोपी युवक से पूछताछ शुरू कर दी है। अब पुलिस आगे क्या कार्यवाही करती है यह तो सोचने की बात है, लेकिन पीड़ित परिवार अभी भी डरा हुआ है। इससे पूर्व भी कई ऐसे मामले प्रकाश में आ चुके है। जिन पर पुलिस शिकंजा भी कस चुकी है।



मुजफ्फरनगरः एमडीए उपाध्यक्ष से मिलने पहुंचा द्वारिकासिटी सोसायटी का प्रतिनिधि मण्डल।

# कांवड़ मार्ग पर रेत देखकर भड़कीं चेयरपर्सन

**बझेड़ी रोड पर चल रहे नाले निर्माण की गुणवत्ता भी परखी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कांवड़ मार्ग का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को परखा तो इस दौरान बझेडी रोड पर हो रहे जलभराव में लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क को सही करने के बजाये वहां पर रेत डाल देने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए ईओ को सड़क ठीक कराने के साथ ही पालिका द्वारा जल निकासी के लिए बनवाये जा रहे सीसी नाला का निर्माण समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिये।



गुरूवार को सभासदों, भाजपा नेताओं और पालिका के अधिकारियों के साथ शिव चौक पहुंची और भगवान शिव का पूजन करने के बाद उन्होंने कांवड़ मार्ग पर की जा रही व्यवस्थाओं को परखने का काम किया। इस औचक निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा कच्ची सड़क डिवाईडर पर लगे पेड़-पौधों की छंटनी करने के लिए तत्काल ही मालियों को लगाकर कार्य शुरू कराया तो वहीं रास्ते में भ्रमण करते हुए सड़क और पथ प्रकाश की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

चेयरपर्सन ने बताया कि 15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत करीब 39 लाख रुपये की धनराशि इस पर खर्च की जा रही है। इस दौरान भाजपा नई मंडी मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेड़ा, युवा भाजपा नेता विकल्प जैन, सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, कुसुमलता पाल, नवनीत गुप्ता, प्रशांत गौतम, योगेश मित्तल, देवेश कौशिक, अर्जुन प्रजापति, अनुज कुमार, अमित पाल, अमित पटपटिया, हिमांशु कौशिक, अमित शर्मा, भाजपा नेता पवन अरोरा, दिनेश पुंडीर, आदेश गौतम, शोभित गुप्ता, कपिल पाल, प्रमोद कुमार के साथ ही ईओ डॉ प्रज्ञा सिंह, जेई निर्माण कपिल कुमार व राजीव सोनकर, जेई जलकल जितेन्द्र कुमार सहित पालिका के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## चिलचिलाती धूप में जाम ने निकाला दम

**मुजफ्फरनगर।** जनपद की यातायात व्यवस्था बेपट्री नजर आ रही है भीषण गर्मी और उमस ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। ऊपर से शहर की सड़क पर लगने वाला जाम भी चिल चिलाती धूप में लोगों का दम निकाल रहा है। गुरूवार को शहर के महावीर चौक, प्रकाश चौक व नावल्टी चौक पर दिनभर जाम लगा रहा जिससे यहां से गुजरने वाले राहगीर चिलचिलाती धूप में बेहाल नजर आए।

साथ ही स्कूलों की छुट्टी होने के बाद रिक्शा में सवार छोटे बच्चे भी चिलचिलाती धूप में जाम के बीच में फंसकर हलकान रहे।

# 17 लाख ठगी में फरार डी-गैंग का सदस्य दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने 17 लाख की ठगी में फरार चल रहे 15 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ने बीमा पॉलीसी के नाम पर ठगी की वारदात की थी और वह डी गैंग 95 का सदस्य है। पुलिस का कहना है कि दो साथी पहले ही जेल जा चुके है जबकि दो की तलाश जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा व एसपी क्राइम इन्दु सिद्धार्थ ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि जनवरी माह में रिटायर्ड राजकीय अधिकारी अश्वनी से बीमा पॉलीसी की रकम दिलाने के नाम पर 17 लाख रूपयें की ठगी की गई थी यह मामला साइबर थाने में दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस ने अशोक निवासी गाजियाबाद और लोकेन्द्र निवासी बुलेन्द्र शहर को गिरफ्तार कर लिया था उनसे की गई पूछताछ के बाद पुलिस इस मामले में फरार शौकीन निवासी शेरनगर व उसके साथियों की तलाश में लग गई थी पुलिस ने शौकीन पर 15 हजार रूपयें का इनाम घोषित कर दिया था। जनपद के पुलिस मुखिया ने बताया कि आरोपी के खाते में ठगी के इक्कीस लाख रूपये आए थे इस गिरोह ने दूसरे राज्यों में भी ठगी की घटनाएं की है। पूछताछ के बाद पता चला कि आरोपी शौकीन के दो साथी अभी फरार है और शौकीन डी गैंग 95 का सदस्य है। पुलिस ने लिखा पढ़ी कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

# द्वारिका सिटी का निर्माण बंद होने से लोगों में आक्रोश

## द्वारिका वैलफेयर सोसायटी प्रतिनिधि मण्डल ने डीएम व एमडीए उपाध्यक्ष से मिलकर सुनाई पीड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** महत्वाकांक्षी आवासीय परियोजनाओं में शुमार द्वारिका सिटी सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बाद गहरे संकट में फंसी हुई है। निर्माण कार्यों पर अचानक लगी रोक के चलते न केवल प्लॉटधारक ही नहीं बल्कि वहां पर अपने सपनों का घर बनाकर मकानों में रह रहे सैकड़ों परिवार भी रोजमर्रा की मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे हैं। मरम्मत करने से भी पुलिस और प्रशासन के अफसर रोक रहे हैं। इससे परेशान लोग कभी डीएम की दर पर दस्तक देते हैं तो कभी एमडीए के अधिकारियों को अपनी पीड़ा सुना रहे हैं।

दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने गुंजन गुप्ता द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए द्वारिका सिटी में विवादित भूमि पर निर्माण कार्यों को तत्काल प्रभाव से रोकने का निर्देश जारी किया। इस आदेश के अनुपालन में जिला प्रशासन ने संपूर्ण द्वारिका क्षेत्र में निर्माण कार्य पर प्रतिबंध लगा दिया और क्षेत्र में ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी भी शुरू कर दी है। प्रशासन की ओर से चेतावनी दी गई है कि किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य सुप्रीम कोर्ट की अवमानना माने जाने की स्थिति में लाया जाएगा और दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। गुरूवार को वैलफेयर सोसायटी के सचिव मनोज कुमार सिंह के साथ प्रकाश चौधरी, मनोज सिंघल, अंशुमन अग्रवाल, दिनेश जैन एडवोकेट, अंकुर जैन, एसपी सिंह, बिजेन्द्र गुप्ता, विनोद प्रभाकर, ऋषभ जैन, अंकित गोयल, राजिव बंसल, मयंक जैन समेत दर्जनों लोगों ने एमडीए कार्यालय पहुंचे और उपाध्यक्ष कविता मीणा से बात करते हुए अपनी पीड़ा उनके सामने रखी। द्वारिका सिटी में पहले से रह रहे परिवारों का कहना है कि अब स्थिति सहनशक्ति से बाहर हो चुकी है। न तो वे अपने अधूरे मकानों की मरम्मत करवा पा रहे हैं और न ही जरूरी सुविधाएं कर पा रहे हैं। द्वारिका सिटी के निवासियां ने अपनी पीड़ा उठाते हुए कहा कि हम यहां बच्चों के साथ रह रहे हैं। एमडीए वीसी कविता मीणा ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन कर रहे हैं। यदि पीड़ित पक्ष को कोई राहत चाहिए तो वे स्वयं कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करें।

ताराचन्द वैदिक पुत्री (पी.जी.)
कालेज, मुजफ्फरनगर
माँ शकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बन्ध एवं NCTE & AICTE से मान्यता प्राप्त
B.Ed
सत्र-2025-27
न्यूनतम फीस-उत्कृष्ट शिक्षा
नगर के मध्य स्थित एकमात्र महिला महाविद्यालय
प्रवेश हेतु निः शुल्क काउंसलिंग।
एससी एसटी छात्राओं को छात्रवृत्ति के आधार पर प्रवेश।
मेधावी छात्राओं को शुल्क में विशेष छूट।
अनुभवी व योग्य शिक्षकों द्वारा शिक्षण।
पाठ्यक्रम पूर्ण करने के उपरांत प्लेसमेंट की सुविधा।
पता नई मण्डी, निकट बालाजी धाम, मुजफ्फरनगर
सम्पर्क करे:- 9760008988, 9917000198



मुजफ्फरनगरः क्रीडा भारती केन्द्र का उद्घाटन करते अधिकारी।

# क्रीडा भारती केंद्र का किया उद्घाटन

## खेलों को बढ़ावा देने के लिए क्रीडा अधिकारी ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** क्रीड़ा भारती के क्रीड़ा केंद्र का खेल अधिकारी पूनम बिश्नोई ने उद्घाटन किया। क्रीड़ा भारती की अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य रानी लक्ष्मी बाई पुरस्कार से सम्मानित उप क्रीड़ा अधिकारी कुमारी पूनम बिश्नोई द्वारा वीर माता जीजा भाई शूटिंग क्रीड़ा केंद्र का उद्घाटन किया, क्रीड़ा भारती के बहुत जल्दी अन्य क्रीड़ा केंद्रों का भी सुचारू रूप से संचालन किया जाएगा, ताकि समाज के हर वर्ग एवं जन-जन तक पहुंचाया जा सके। वीर माता जीजा बाई क्रीडा केंद्र की संरक्षक कुमारी पूनम बिश्नोई ने जल्द ही गांव गांव तक खेलों को पहुचाने का भगीरथ प्रयास का लक्ष रखा है। स्वस्थ समाज से स्वस्थ व बलशाली राष्ट्र बनता है, क्रीड़ा भारती व खेल विभाग का एक ही लक्ष है कि देश के 140 करोड़ लोगों तक खेलों को पहुंचाये. जिससे स्वस्थ् सामाज व स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण हो सके। इस अवसर जिलाध्यक्ष क्रीड़ा भारती प्रमोद कुमार के द्वारा इस केंद्र को सुचारू रूप से चलाया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा खिलाडियों का निर्माण हो सके। प्रमोद कुमार द्वारा खेलों को आगे बढ़ाने के लिए उप क्रीड़ा अधिकारी पूनम बिश्नोई के साथ विशेष बैठक की गई, ताकि जनपद की प्रतिभाओं को उचित अवसर प्रदान किया जा सके। चौधरी चरण सिंह स्टेडियम में खिलाड़ियों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी स्टेडियम में आकर अपना रजिस्ट्रेशन करा के प्रशिक्षण लेने हेतु उप क्रीड़ा अधिकारी कुमारी पूनम बिश्नोई द्वारा समाज के सभी नागरिको को आह्वान किया गया। मोहित मालिक, शिवानी लाल, नवनीत रहे।




# टावर चोर से 60 लाख का सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** तितावी थाना पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने मोबाइल टावर से कीमती उपकरण चोरी करने वाले गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके कब्जे से टावर के उपकरण जिनकी कीमत 60 लाख रूपयें है तथा घटना में प्रयुक्त कार बरामद होना बताया है।



पुलिस लाइन परिसर में प्रेस वार्ता के दौरान एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि तितावी पुलिस व एसओजी पानीपत खटीमा मार्ग पर चैकिंग कर रही थी जहां ढौलरा फ्लाईओवर से पहले रेस्ट ऐरिया के निकट संदिग्ध कार दिखाई दी जब कार की तलाशी ली गई तो उसमें मोबाइल टावर में प्रयोग होने वाले 15 बीबीयू एक आरआरयू यूनिट मिली। पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया और उससे पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शाहनवाज पुत्र समसूदीन निवासी मालवीय नगर दिल्ली और अपने फरार साथी का नाम शानवाज उर्फ सोनू पुत्र जफर निवासी गीतापुरी भूड़ खतौली बताया। आरोपी अपने गिरोह के साथ मिलकर टावरों का कीमती सामान बेचकर अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करते है। और बरामद हुए बीबीयू यूनिट उसने अपने गैंग के साथ मिलकर कई स्थानों से चोरी किए थे। बरामद सामान बुढ़ाना के ऐयरटेल कम्पनी के टावर से भी चोरी किया गया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त होने वाली कार भी बरामद की है। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी कई जनपद के थानों में टावर चोरी करने वाला गिरोह गिरफ्तार हो चुका है, लेकिन इसके बावुजूद भी जनपद व दूसरों राज्यों से टावरों के कीमती सामान चोरी करने वाले गिरोह सक्रिय है।

## रोटी बनाने में थूकने का वीडियो वायरल, युवक गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** एक मुस्लिम होटल पर रोटी बनाने समय रोटी पर थूकने का वीडियो वायरल हुआ है। जांच पडताल कर शहर कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया।

बृहस्पतिवार को एक वीडियो तेजी से वायरल हुई जो पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गई। इस वीडियो को एक्स पर ट्वीट किया गया था। जिसमें रुडकी रोड पर एक होटल पर रोटी बनाने वाला युवक रोटी पर थूक रहा था। वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस अधिकारियों ने कार्रवाई का आदेश दिया। शहर कोतवाली पुलिस ने वीडियो की जांच पडताल की। पुलिस बृहस्पतिवार दोपहर में होटल पर पहुंची तो वहां भीड लगी थी और लोग वीडियो के बारे में चर्चा कर रहे थे। कुछ युवक उग्र भी हो रहे थे।

पुलिस ने उन्हें वीडियो दिखा कर आरोपी युवक के बारे में जानकारी की और होटल पर मौजूद आरोपी युवक दक्षिणी कृष्णापुरी निवासी शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया। शहर कोतवाली पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक का शांति भंग की आशंका में चालान किया है। युवक ने रोटी पर थूकने से इनकार कर कहा है कि वह तो रोटी बनाते हुए फूंक मार रहा था।

# जानसठ तहसील के सामने 20 साल से जारी पुल की मांग जल्द होगी पूरी: मिथलेश

**मुजफ्फरनगर।** प्राप्त समाचार के अनुसार जानसठ तहसील के सामने 20 साल पहले हाईवे का निर्माण हुआ था। 1 साल पहले हाईवे को फोन लेन सरकार द्वारा किया गया।

जानसठ तहसील के सामने जानसठ कस्बे की सारी आबादी निवास करती है वह जानसठ तहसील में कार्य कराने के लिए आने वाले व्यक्तियों को भी तहसील के सामने वकीलों के पास जाना पड़ता है जिस कारण अनेक दुर्घटनाएं सड़क पार करते हुए हो जाती है व जानसठ तहसील के वकीलों को व जानसठ तहसील के निवासियों को काफी परेशानी का सामना सड़क पार करते हुए करना पड़ता है। 20 साल से जानसठ तहसील की जनता व जानसठ तहसील के वकील लगातार हाईवे पर तहसील में जाने के लिए पुल निर्माण की मांग करते रहे हैं। लेकिन 20 साल से कोई जनप्रतिनिधि या कोई प्रशासनिक अधिकारी इस मांग को लेकर कोई रुचि नहीं दिखाई। जिस कारण यह जन समस्या 20 साल से लगातार बनी हुई है। इस संबंध में शशि सैनी अध्यक्ष बार जानसठ व उपाध्यक्ष अनुज कंसल व राहुल गोयल एडवोकेट माननीय विधायक मिथलेश पाल से मिले और उनके सामने यह समस्या रखी। विधायक मिथिलेश पाल द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए जिला. धिकारी मुजफ्फरनगर व NHAI के अधिकारियों से बात की। जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर को विधायक द्वारा स्पष्ट किया गया की पुल निर्माण शीघ्र से शीघ्र कराकर जनता की समस्या हल करवाई जाए। गुरूवार को विधायक मिथिलेश पाल के आदेश व निर्देशानुसार राहुल गोयल



एडवोकेट जिलाधिकारी से मिले वह विधायक द्वारा लिखा गया पत्र जिलाधिकारी को दिया वह जिलाधिकारी को सारी समस्या से अवगत कराया। जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर द्वारा पुल निर्माण पर सहमति दी गई वह NHAI के अधिकारियों को तत्काल पुल निर्माण के लिए पत्र जारी किया गया।

## दो युवकों पर लगाया भाई को गायब करने का आरोप

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली के मोहल्ला लद्धावाला निवासी नेजाब ने शहर कोतवाली पुलिस को बताया कि उसके भाई फरीद को रामपुरी निवासी रवि व पिंकू अपने साथ घुमाने के लिए लेकर गए थे। उसके भाई को दोनों युवकों के साथ घर से गए हुए एक माह हो चुका है। उसका भाई अभी तक वापस नही आया। दोनों आरोपी घूम कर वापस आ गए है।

उनसे फरीद के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कोई सही जवाब नही दिया है। पूरा परिवार पिछले एक माह से लगातार शहर कोतवाली व पुलिस अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर काट रहा है। अभी तक फरीद का पता नही चला। परिजनों ने दोनों युवकों पर शक जताया है कि उन्होंने उनके बेटे को बंधक बनाकर कही छिपा कर रखा है। उसके साथ अनहोनी भी हो सकती है। उधर, शहर कोतवाली पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया है। युवक की तलाश में पुलिस टीम लगी है। केदारनाथ तक युवक को तलाशने के लिए पुलिस टीम गई है।

# दुकानों के बाहर फड न बनने पर गुड़ आढ़तियों ने जताई नाराजगी

**मुजफ्फरनगर।** आज नवीन मंडी स्थल पर द गुड खाण्डसारी एंड ग्रेन मर्चेंट एसो. के अध्यक्ष संजय मित्तल के बुलावे पर डीडीसी निर्माण खालिद हसन व मंडी समिति सचिव वीरेंद्र चंदेल को साथ लेकर नवीन मंडी स्थल स्थित तिकोना मंडी के दुकानों के बाहर फड़ न बनने पर भारी रोष प्रकट किया तथा निरीक्षण कराते हुए कहा की काफी लंबे समय से इन फड़ो को बनवाने की मांग करते हुए आ रहे हैं।

बरसात के दिनों में दुकानों के बाहर तालाब बना रहता है जिससे दुकानों पर आने वाले व्यापारियों एवं ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, इस पर डीसी खालिद हसन ने कहा कि मुझे 2 महीने का समय दीजिए मैं इन फडो को जल्द से जल्द निर्माण करा दूंगा, उन्होंने अपने साथ आए उनके



कार्यालय के बड़े बाबू मोहन शर्मा को इन फडो की नपाई करने के लिए निर्देशित किया मंडी सचिव वीरेंद्र चंदेल ने बताया आप की जो एसोसिएशन की नए वाटर कूलरों की मांग थी, 10 नए वाटर कूलर मंडी समिति में आ चुके हैं जल्दी लगवा दिए जाएंगे तथा 100 स्ट्रीट लाइट जो आपकी मांग थी वह भी 10 दिन में आ जाएंगी।

# 2 जुलाई को भाकियू तोमर एसएसपी कार्यालय पर करेगी महापंचायत

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव ने गांव पूरा मे प्रदेश सचिव नीशू त्यागी के आवास पर हुई सभा का संचालन शहजाद मलिक ने किया और सभा मे मे सैकडो किसानो ने भाग लिया आज सभा मे मंडी पुलिस का लाठी चार्ज का मुद्दा छाया रहा संगठन के चीफ चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि बडे ही दुख के साथ कहना पड रहा कि किसान अन्न दाता है और पूरे देश का पेट पालने का काम कर रहा है और उसके बाद भी किसान को पुलिस कि लाठी खानी पड रही है उन्होने कहा कि अगर मुजफ्फरनगर पुलिस यै सोच रही है कि किसानों पर लाठीचार्ज करके उन्है डरा दिया जाएगा या फिर उनका मनोबल तोड दिया जाऐगा ऐसा नही होगा और संगठन आगामी 2 जुलाई को कप्तान औफिस पर किसान सम्मान बाचाऔ महापंचायत कर लाठी चार्ज का जवाब दिया जाऐगा और किसानो का सम्मान सर्वे परी है चौधरी संजीव तोमर ने कहा है कि जनपद मुजफ्फरनगर क्रांतिकारी कि धरती है किसी भी तरह भाकियू (तोमर) पीछे नही हटेगा लाठी चार्ज के दौरान हमारे किसानो और महिलाओं को मंडी पुलिस द्वारा घसीटकर पीटा गया जिसके कुछ फोटो भी वायरल हो रहै जिसमै राजकुमार दरोगा विनोद सिपाही तेजबीर सिपाही धनेश सिपाही महिलाओं के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे निहत्थे किसानो पर लाठीचार्ज चार्ज कर पुलिस अपनी



बहादुरी का परिचय दे रही है लाठी चार्ज के दौरान कुछ पुलिसकर्मी कर्मी शादी वर्दी मे भी मौजूद थे चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि इतना बडा मामला होने के बाद हमारी सरकार और मुजफ्फरनगर प्रशासन मौन है चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि दौषी पुलिसकर्मीयो को जल्द ही सस्पेंड नही किया जाता संगठन कप्तान औफिस गाजीपुर बौर्डर कि तर्ज पर अनिश्चितकालीन पंचायत करेगा चाहै कुछ भी हो संगठन पीछे नही हटेगा और पीड़ित किसानों को इंसाफ दिलाने का काम करेगा। इस मौके पर मुख्य रूप जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी, कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष महबूब बालियान, पवन त्यागी, दीपक तोमर, हनी चौधरी, अमित किलशना त्यागी, विकास त्यागी, प्रदीप त्यागी, कालू राम त्यागी, प्रमोद त्यागी, सचिन त्यागी, रजनीश त्यागी, नरेन्दर त्यागी, नौ बहार, यशपाल कश्यप, रामकुमार जाटव आदि मौजूद रहै।

# एक माह पूर्व बना नाला बारिश ने किया ध्वस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव लोई का नाला एक महीने पहले ही गांव के प्रधान के द्वारा बनाया गया था जिसको इस मानसून की पहली बारिश ने ध्वस्त कर ग्राम प्रधान के विकास कार्यों की पोल खोलकर रख दी क्योंकि आरोप के मुताबिक इसमें ग्राम प्रधान ने घटिया सामग्री लगाई हुई थी।

इसको लेकर सैंकड़ों ग्रामीणों में ग्राम प्रधान के इस विकास कार्य को लेकर जबरदस्त रोष बना हुआ है और वे एसडीएम बुढ़ाना से इस नाले में हुए कार्य की जांच की मांग कर रहे हैं। अब इस नाले के टूट जाने से अगर इस बार फिर से बारिश होती है तो नाले में जाने वाला गांव की निकासी का सारा पानी सड़क पर आ जाएगा और फिर आने जाने वाले ग्रामीणों को भारी असुविधा उठानी पडेगी। इसके अलावा गांव में बने इस नाले के आसपास भी गंदगी के बड़े बड़े ढेर लगे हैं और आने जाने वाले ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। इस बारे में ग्रामीण इन पिछले साढ़े चार सालों मे समय समय पर ग्राम प्रधान को कह चुके हैं लेकिन गांव के प्रधान ने इस समस्या की तरफ कोई भी ध्यान नहीं दिया है। अब ग्रामीण साफ तौर पर यह भी कहने लगे हैं कि इस प्रधान को जिताना हमारी सबसे बड़ी भूल रही। इस बार हम ऐसे प्रधान का चुनाव करेंगे जो गांव की समस्याओं का निस्तारण कर सके।

# समाजवादी पार्टी ने मनाई छत्रपति साहू जी महाराज जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार राजर्षी छत्रपति साहू जी महाराज की जयंती समाजवादी पार्टी कार्यालय महावीर चौक मुजफ्फरनगर पर हर्षौल्लास से मनाई गई।

जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि छत्रपति साहू जी महाराज कोल्हापुर रियासत के शासक थे।

उन्होंने अपने शासनकाल 1894 से 1922 तक शिक्षा व सामाजिक न्याय के क्षेत्र में असाधारण कार्य किए तथा नौकरी



व शिक्षा संस्थाओं में आरक्षण सर्वप्रथम इनके द्वारा शुरू किए गए थे।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी उनके ऐतिहासिक योगदान पर नमन करते हुए उनकी जयंती हर्षौल्लास से मना रही है।

सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सतेंद्र सैनी जिला उपाध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन चौधरी ओमपाल सिंह,सपा नेता सत्येंद्र पाल सपा नेता हनीफ इदरीसी, जोगेंद्र सैनी,मौ. मेंहदी, शादाब राणा, गजेंद्र सिंह, काजी सरफराज सहित अनेक पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर उनके ऐतिहासिक योगदान पर विचार प्रकट किए।

# मंडी कॉम्प्लेक्स में बार-बार छापेमारी, ओयो संचालित होने की आशंका से मचा हड़कंप

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली के जानसठ तिराहे के समीप मंडी में बने एक कॉम्प्लेक्स को लेकर इन दिनों क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। इस कॉम्प्लेक्स में लगातार हो रही पुलिस की दबिशों से स्थानीय निवा. सियों में न सिर्फ दहशत का माहौल है, बल्कि आक्रोश भी पनपने लगा है।

जानकारी के अनुसार, अब तक इस कॉम्प्लेक्स में दो बार दिल्ली पुलिस व एक बार खतौली पुलिस की छापेमारी हो चुकी है। ताजा मामला गुरुवार का है जब दिल्ली पुलिस की एक टीम ने अचानक कॉम्प्लेक्स में दबिश दी, लेकिन इस दौरान उन्हें वहां कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और पुलिस टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा। सूत्रों की मानें तो कॉम्प्लेक्स में कथित तौर पर ओयो जैसे होटल का संचालन होने की आशंका जताई जा रही है

जहां दिल्ली, गाजियाबाद निवासी फरार युवक-युवतियों के होने की सूचना पर दिल्ली पुलिस अक्सर छापेमारी करती है। हालांकि, पुलिस द्वारा इस संबंध में कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। लगातार हो रही पुलिस कार्रवाई से कॉलोनियों में रहने वाले लोग खासे परेशान हैं।

कॉलोनीवासियों का कहना है कि बार-बार की छापेमारी से उनके क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। अफवाहों और आशंकाओं के बीच रहना अब मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि यदि कॉम्प्लेक्स में कोई अवैध गतिविधि संचालित हो रही है तो उसका स्थायी समाधान किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

## श्रीराम कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर का पीएचडी में चयन

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कालेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर रहे साकेत कालोनी निवासी राजदीप सहरावत का आईआईटी रूडकी में संस्थान सहायक योजना के तहत पॉलिमर और प्रोसेस इंजीनियरिंग विभाग/सी में शरद प्रवेश मिला है। राजदीप आईआईटी ने रुड़की से एमटेक कर श्रीराम कालेज में अस्सिटेंट प्रोफेसर के पद पर बीएससी व एमएससी के छात्र-छात्राओं को पढ़ाते रहे हैं। राजदीप ने फरवरी माह में गेट व जैम क्वालीफाई कर चुके हैं। राजदीप सहरावत ने बताया कि पीएचडी करने में तीन से पांच साल का समय लगेगा। पीएचडी करने केबाद वह पोस्ट डॉक्टरियन करेंगे। राजदीप सहरावत के पिता पुरकाजी के जूनियर स्कूल से रिटायर्ड अध्यापक हैं।

## डेढ माह से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**भोपा।** निवासी महिला ने गांव के ही युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। गुरूवार को डेढ माह से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने गांव निवासी रिहान उर्फ कल्लू के विरूद्ध तहरीर दी थी कि वह उस पर बुरी नीयत रखता था। बीते 15 मई की दोपहर तीन बजे वह अपने खेत पर काम करने गई थी तभी वहां आरोपी महिला के पास आया और उसके साथ छेडछाड करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने महिला के साथ मारपीट की। शोर सुनकर खेत में काम कर रहा महिला पति भी आ गया। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी।



**खतौली: कांवड़ यात्रा को लेकर खतौलीमें बैठक करते अधिकारी।**

# कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन अलर्ट

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। गुरुवार को सीओ व कोतवाल ने मीडियाकर्मियों के साथ बैठक कर यात्रा के दौरान सफाई, सुरक्षा, बिजली, पानी, ट्रैफिक सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की योजना साझा की। अधिका. रियों ने मीडिया और आमजन से सहयोग की अपील की।

सीओ और कोतवाल ने बताया कि यात्रा के दौरान पुलिस की तैनाती आठ घंटे की तीन शिफ्टों में की जाएगी। पुलिसकर्मी बाइक और सरकारी वाहनों के साथ मुस्तैद रहेंगे। गांवों से कांवड़ यात्रा देखने आने वाले लोगों से अपील की गई है कि वे सड़क किनारे ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी न करें। साथ ही नगरपालिका की कूड़ा गाड़ी भी मुख्य सड़कों से होकर नहीं गुजरेगी, बल्कि गलियों के रास्ते चलेगी।

**मीट विवाद न दोहराए, पहले से उठाए गए कदम**

पिछले वर्ष कांवड़ यात्रा में मीट को लेकर हुए विवाद को ध्यान में रखते हुए इस बार पहले से ही सतर्कता बरती जा रही है। मीट की दुकानों की सूची तैयार की जा रही है और आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए जा रहे हैं। यात्रा के दौरान ई-रिक्शा पूरी तरह बंद रहेंगे।

**प्रशासनिक स्तर पर गहराई से तैयारियां**

कांवड़ यात्रा की सुचारु व्यवस्था के लिए नगर को चार जोन व आठ सेक्टरों में बांटा गया है। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे यात्रा के दौरान अपने वाहन नगर में न लाएं। भंडारों के लिए 'एकल खिड़की प्रणाली' लागू करने की मांग की जिससे अनावश्यक भीड़ और भ्रम से बचा जा सके।

**बिजली विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल**

बिजली विभाग द्वारा तार बदलने का कार्य पिछले दो वर्षों से चल रहा है लेकिन कार्य की धीमी गति पर मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि विभाग की लापरवाही से किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। नहर पुल पर टूटी जाली को जल्द ठीक कराने के निर्देश दिए गए हैं। सिंचाई विभाग के अधिकारी बैठक में अनुपस्थित रहे, जिस पर प्रशासन ने नाराजगी जताई।

**लाइटिंग की स्थिति भी दयनीय**

भैसी कट से अलकनंदा तक लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। चीतल ग्रैंड के सामने हाईमास्क लाइट पिछले एक वर्ष से बंद है, जिससे ब्लॉक अधिका. रियों की लापरवाही उजागर हुई है।

**मौजूद रहे अधिकारी**

बैठक में सीओ रामआशीष यादव, एसडीएम संजय सिंह, तहस. ीलदार सतीश बघेल, एक्सईएन देवेंद्र कुमार, ईओ राजीव कुमार, स्वास्थ्य अधिकारी नेपाल सिंह, सीएचसी प्रभारी डॉ. अवनीश कुमार सहित कई विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# किमसं का अनिशिचतकालीन धरना आज भी रहा जारी

## विफल रही गन्ना समिति सचिव से हुई वार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** किसान मजदूर संगठन के दर्जनों कार्यकर्ता आज बृहस्पतिवार को चौथे दिन भी तहसील परिसर में अनिश्चतकाल. ीन धरने पर बैठे रहे।

धरनास्थल पर वक्ताओं ने कहा कि तहसील बुढ़ाना क्षेत्र में किसानों और गरीबों का जमकर उत्पीड़न हो रहा है। उधर भसाना की बजाज चीनी मिल किसानों के गन्ने का भुगतान नहीं कर पा रही है। बिजली की समस्या भी गंभीर बनी हुई है। चकबंदी विभाग में भ्रष्टाचार पूरी तरह से व्याप्त है। लावारिस गोवंश किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं ने बीती सोमवार को अपनी 24 मांगों का एक ज्ञापन बुढ़ाना उप जिला अधिकारी राजकुमार भारती को दिया था। उप जिलाधिकारी बुढ़ाना राजकुमार भारती और गन्ना समिति के सचिव ब्रजेश कुमार राय के साथ हुई वार्ता विफल रही थी।

पदाधिकारियों ने बताया कि 27 जून को बुढ़ाना तहसील परिसर में एक पंचायत का आयोजन होगा। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरण सिंह भाग लेंगे। धरने पर ख्रष्ण कुमार राणा, अनिल कुमार, सतेन्द्र कुमार, सतीश कुमार, संजय सिंह, रविंद्र सिंह, दिनेश ठाकुर, नरेंद्र भगत, लोकेश कुमार, घासीराम, सहदेव, जगदीश, टीलू, सुभाष चन्द्र, प्रकाश सिंह और ईश्वर सिंह आदि कार्यकर्ताओं की उपस्थिति देखने को मिली।




**बुढाना:धरने पर बैठे किसान।**

## अर्जुन अवार्डी प्रीति पाल बनी खण्ड विकास अधिकारी

**मुजफ्फरनगर।** पैरा एथलीट प्रीतिपाल द्वारा विश्व पटल पर नाम रोशन करने वाली अर्जुन अवार्ड प्रीतिपाल को उत्तर प्रदेश सरकार ने रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित करने के बाद अब खंड विकास अधिकारी बनाया गया है। इससे परिवार के साथ-साथ क्षेत्र में खुशी का माहौल बना हुआ है। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश की होनहार पैरा एथलीट व अर्जुन अवार्ड प्रीतिपाल को रानी लक्ष्मीबाई पुरुस्कार से नवाजने के बाद खंड विकास अधिकारी (बीडीओ)के पद पर नियुक्त कर एक मिसाल पेश की है। प्रीतिपाल रामराज थानाक्षेत्र के गांव हाशमपुर की रहने वाली हैं। उनके पिता गांव में दूध की डेरी चलाते हैं। प्रीतिपाल ने पेरिस में आयोजित पैरालंपिक गेम्स में दो कांस्य पदक जीतकर विश्व पटल पर भारत का नाम रोशन किया था।इसके बाद केंद्र सरकार की ओर से प्रीति को जनवरी माह में अर्जुन अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया था। प्रीति का योगदान देखकर उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रीतिपाल को रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार देने के अब खंड विकास अधिकारी के पद पर नियुक्ति दी है। प्रीतिपाल ने अपने जीवन में अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए पैरा एथलेटिक्स की दुनिया में शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने पेरिस पैरालंपिक के अलावा भी कई अन्य प्रतियोगिताओं में खुद को साबित किया और पदक जीतकर देश और राज्य का नाम रोशन किया। प्रीति को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा खंड विकास अधिकारी के पद पर नियुक्ति देने पर क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। प्रीति के परिजनों ने बताया कि प्रीति को लखनऊ बुलाकर नियुक्ति पत्र दे दिया है।

**नाम परिवर्तन**

पहले मेरा नाम आशीष था लेकिन अब मेरा सही नाम आशीष कुमार हो गया है। इसलिए भविष्य में मुझे अब सभी के द्वारा आशीष कुमार के नाम से ही जाना और पहचाना जाए।

**प्रार्थी आशीष कुमार**
**पुत्र मुकेश कुमार निवासी**
**गांव बडकता,**
**तहसील/थाना/ब्लाक**
**बुढ़ाना,**
**जनपद मुजफ्फरनगर, यूपी।**

# महिला को किडनेप कर डेढ़ माह में दो बार किया गैंगरेप

**बुढ़ाना।** एक महिला की मदद से गांव के 4 लोगों ने एक विवाहिता के संग लगभग डेढ़ महीने के भीतर उसे अलग अलग स्थानों पर ले जाकर 02 बार गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया। पहले वाले मामले में तो थाने में तैनात एक दारोगा ने पीडिता पर ही दबाव बनाकर और आरोपियों से धमकी दिलवाकर एफआर लगा दी थी तो रतनपुरी पुलिस द्वारा क्लीन चिट मिल जाने से बैखोफ चारों आरो. पियों ने फिर दोबारा से विवाहिता को अपने साथ ले जाकर कई दिनों तक गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया और उसके अश्लील वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। अब पुलिस पीडिता को बदचलन बता उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है। उधर विवाहिता 3 दिनों से अपने गांव से पलायन कर बुढ़ाना क्षेत्र में रह रही है जबकि चारों आरोपी विवाहिता से फिर तीसरी बार बदनीयती करने के उद्देश्य से उसे तलाश रहे हैं और पुलिस किसी बड़ी घटना की इंतजार में है। मिली जानक. ारी के अनुसार यह मामला बुढ़ाना सर्किल के रतनपुरी थाना क्षेत्र की कल्याणपुर चौकी क्षेत्र के एक गांव का है। जिसमें एक शादीशुदा महिला को उसके गांव के ही मनव्वर, नीशू और सदाकत ने जाहिदा नामक एक महिला की मदद से उसके घर में घुसकर उसके परिजनों की गैर मौजूदगी मे अपहरण कर दिल्ली के नरेला में ले जाकर गैंगरेप किया था। जिसमें पुलिस ने बड़ी मुश्किल से मामला दर्ज किया था। इस मामले में एक दारोगा की भूमिका संदिग्ध रही। जिसने आरोपियों को बचाने के उद्देश्य से आरोपियों से रुपये तो लिए ही बल्कि पीड़िता से भी आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के नाम पर 50 हजार रुपये हड़प लिए मगर आरोपियों के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं की उल्टे आरोपियों से उसके मासूम बच्चे की हत्या करने का डर दिखवाकर कोर्ट में आरोपियों के पक्ष में ही ब्यान दिलवाकर जबरदस्ती फैसला करवा दिया। इस केस में सबसे अजीब बात यह भी रही दारोगा ने दबाव में फैसला कराकर अपने सामने ही पीड़िता को आरोपियों के साथ बीते 08 मई को ये धमकी देकर भिजवा दिया कि यदि वो इनके साथ नहीं गयी तो ये सब तेरी हत्या कर देंगे। इस धमकी से डरकर पीड़िता आरोपियों के साथ चली गयी तो आरोपियों ने पीड़िता को गांव में ही एक मकान में बंधक बनाकर उसके साथ फिर से गैंगरेप कर उसकी अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल किया और कई दिन तक गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया और कहा कि अब पुलिस तेरा यकीन नहीं करेगी क्योंकि तू हमें पुलिस से क्लीन चिट दिला चुकी है। आरोप है कि आरोपी मनव्वर, नीशू, सदाकत व शोएब ने अलग अलग दिनो में जबरदस्ती उसकी इच्छा के विरूद्ध गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया था। बीती 24 जून को पीडिता किसी तरह से वहां से भाग आई और अपने परि. जनों को घटना की सूचना थी। तब परिजन पीडिता को रतनपुरी थाने लेकर पहुंचे तो पुलिस ने पीड़िता को बदचलन कहकर भगा दिया। पीड़िता बीते 25 जून को बुढ़ाना में राज्य महिला आयोग की सदस्या सपना कश्यप से मिली तो उसके सीओ बुढ़ाना आफिस में ब्यान दर्ज हुए। बृहस्पतिवार को पीड़िता फिर सीओ आफिस आई और एक प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की गुहार लगाई। पीडिता 3 दिन से गांव से पलायन किए हुए हैं। आरोपी उसके साथ फिर से बदनीयती करने के उद्देश्य से उसे ढूंढ रहे हैं जबकि पुलिस किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रही है।

## आरोपी पहले भी जा चुके हैं जेल....

**बुढ़ाना।** पीड़िता के अनुसार उक्त दो आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति के हैं। अलग अलग थानों में दोनों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमें पंजीकृत हैं। गांव का कोई भी व्यक्ति इनके विरुद्ध गवाही नहीं देता है क्योंकि ये लोग गांव में दबंगता करते हैं और हत्या, जानलेवा हमला, गौकशी और गैंगस्टर जैसे काफी मुक. दमें इनके विरूद्ध दर्ज हैं। इसलिए उक्त आरोपियों से जान व माल का खतरा बना हुआ है।

# गन्ने के खेत में प्रेमी युगल पर हमला, युवती ने भागकर बचाई आबरू

## प्रेमी युगल को देख खेत में घुस गए थे दो अज्ञात युवक

**शाहटाइम्स सवांददाता**
**खतौली।** गुरुवार को एक युवक अपनी प्रेमिका को लेकर दुधली मार्ग स्थित गन्ने के खेत में पहुँचा था, जहां वहां वहां आए दो अज्ञात युवकों ने युवती से छेड़छाड़ की कोशिश करते हुय जबरदस्ती करने लगे।

विरोध करने पर प्रेमी युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी। दोनों पक्षों में जमकर कहासुनी, गाली-गलौच और हाथापाई हुई। मौके की नजाकत को समझते हुए युवती ने खेत से भागकर किसी तरह अपनी जान और आबरू बचाई। युवती कीचड़ से सने पांवों के साथ सीधे कोतवाली पहुँची और पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी। युवती ने बताया कि उसका प्रेमी उसे खेत में लेकर गया था, तभी दो अज्ञात युवक वहाँ आ धमके और उसके साथ जबरदस्ती करने लगे। जब प्रेमी ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। शोरगुल होता देख खेत में काम कर रही कुछ महिलाएं वाह पहुँचीं, युवतीं ने पुलिस से उसके प्रेमी की उक्त युवको से जान बचाने की गुहार लगाई।

पुलिस के युवतीं के साथ मौके पर पहुँच युवतीं के प्रेमी से पूछताछ कर प्रेमी युगल को जमकर फटकार लगाते हुय हमलावर युवको की तलाश की काफी तलाश के बाद भी उक्त युवको का पता नही चल पाया। वही इस घटना के बाद राहगिरों और प्रेमी युगल में अफरातफरी का माहौल बना रहा। प्रेमी युगल द्वारा इस घटना की तहरीर पुलिस को नही दी गई थी।

संक्षिप्त समाचार

## नगर पंचायत मीरांपुर की बोर्ड बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



**मीरापुर।** नगर पंचायत कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता चेयरमैन जमील अहमद ने की। बैठक का संचालन हाल ही में नियुक्त नगर पंचायत अधिकारी नीलम पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत के सभी सभासदों व कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

बैठक में नगर के समग्र विकास को लेकर कई आवश्यक प्रस्तावों पर विचार किया गया और उन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। नगर के ऐतिहासिक महत्व वाले प्राचीन सराय दरवाजे के संरक्षण और सौंदर्यकरण का प्रस्ताव पास किया गया, जिससे स्थानीय विरासत को सहेजने की दिशा में ठोस कदम उठाया जा सके। इसके अतिरिक्त जाटो वाला मोहल्ला स्थित सरकारी स्कूल के सामने स्थित पुराने कुएं के सौंदर्यकरण का भी निर्णय लिया गया। जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से नगर के विभिन्न तालाबों की सफाई का कार्य भी स्वीकृत किया गया। नगर के मुख्य चौराहों पर सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने, सोलर और एलईडी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत तथा नए लाइटों की स्थापना का निर्णय लिया गया, जिससे रात्रिकालीन सुरक्षा व सुविधा में सुधार होगा। इसके साथ ही यात्रियों के लिए शेड निर्माण का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में सभी सदस्यों ने एकमत होकर प्रस्तावों को मंजूरी दी और नगर के विकास को लेकर सहयोग की प्रतिबद्धता दोहराई।

## दिनदहाड़े कस्बे में लाखों की चोरी से हड़कंप

**चरथावल।** दिनदहाड़े कस्बे के छोर पर रह रहे परिवार में ढाई लाख रुपए और 15 तोले सोने की चोरी से हड़कंप मच गया। इस दौरान परिवार अपनी माता नफीसा को लेकर निसार हॉस्पिटल मुजफ्फरनगर गया हुआ था।

चरथावल के कुटेसरा रोड पर अंतिम छोर पर स्थित जुबेर पुत्र नफीस के मकान में दिन दहाड़े लाखों की चोरी से हड़कंप मच गया।परिवार का आरोप है कि बृहस्पतिवार सुबह जुबेर पुत्र नफीस अपने परिवार को लेकर निसार हॉस्पिटल मुजफ्फरनगर अपनी माताजी को देखने अपने मकान पर ताला लगाकर गया था।देर शाम जब परिवार वापस लौटा तो में गेट का ताला खोलने ही परिवार के पैरों तले से जमीन खिसक गई। मकान के अंदर रखें सामान को खुर्द बुर्द कर अज्ञात चोरों ने करीब ढाई लाख रुपए नगद और 15 तोले सोने पर हाथ साफ कर दिया। घटना से परिवार में हड़कंप मच गया।घटना से कस्बे में चरथावल पुलिस को गश्त की पोल खोल दी है।कस्बे में कई बंद मकानों में चोरी की घटनाओं का खुलासा न होने से चोरों के हौंसले बुलन्द नजर आ रहे हैं।सूचना मिलते ही चरथावल थानाध्यक्ष जसवीर सिंह मय पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया।जुबेर और उसके परिवार का रो रोकर बुरा हाल है।जुबेर पुत्र नफीस लोहिया बाजार में स्वर्ण ज्वेलरी का कार्य करता है।देर रात सीओ सदर देवव्रत वाजपेई ने मौके का जायजा लेते हुए डॉग स्क्वायड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को घटना स्थल का जायजा लेकर जांच आगे बढ़ाई हे।देर रात पीड़ित जुबेर अपने परिवार के साथ थाने पहुंचा और अज्ञात चोरों के विरु) लाखों के सोने और नकदी चोरी करने को तहरीर दी।

## ट्रक की टक्कर से पलटी ट्रैक्टर ट्राली

**बुढ़ाना।** ट्रक की टक्कर से पुराली से भरी हुई एक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिसमें ट्रेक्टर चालक घायल हो गया जबकि पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर घायलघ्ट्रेक्टर चालक को सीएचसी में भर्ती कराया और फरार ट्रक चालक की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार पंजाब राज्य का रहने वाला युवक सनव्वर अहमद आज बृहस्पतिवार की सुबह अपनी ट्रैक्टर ट्राली में पुराल लेकर पंजाब राज्य से मेरठ जनपद क्षेत्र के कस्बा सरधना मे जा रहा था। तब बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र में मेरठ-करनाल हाइवे पर स्थित संस्कार फार्म हाउस खेडा मस्तान के पास पीछे से तेज गति से आए ट्रक ने पुराल से भरी हुई ट्रेक्टर ट्राली में जोरदर टक्कर मार दी। इस घटना में पुराल से भरी हुई ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। जिसमें ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना की सूचना मिलते घ्ही फुगाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। फुगाना पुलिस ने घायल चालक सनव्वर अहमद को चिकित्सालय में भर्ती करवाया। इस घटना के बाद ट्रक चालक घटना को अंजाम देकर ट्रक को मौके पर ही छोडकर फरार हो गया। उधर फुगाना पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। फुगाना पुलिस ने फरार ट्रक चालक की तलाश शुरु कर दी है।

## महिला पहलवानों का सम्मान

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय खेल प्राधिकरण की शाखा पचेंडा कला स्थित शहीद बचन सिंह अखाड़ा की लड़कियों ने कुश्ती में मैडल जीतकर लौटी है। गुरुवार को डीएम उमेश मिश्रा ने इन सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। यूपी स्टेट गौंडा में अंडर 15 में बसेड़ा की वंशिका ने 58 किलोग्राम में गोल्ड मैडल जीता, वहीं 46 किलोग्राम में बढ़ेडी की भूमिका पहलवान ने सिल्वर मैडल और 50 किलोग्राम में मखियाली की जोया पहलवान ने कांस्य पदक जीता। नेशनल लेवल पर महाराष्ट्र के नागपुर में 20 से 22 जून तक आयोजित प्रतियोगिता में अंडर-15 में 58 किलोग्राम में बसेड़ा की वंशिका ने कांस्य पदक व 35 किग्रा. में इशिका ने कांस्य पदक जीता। प्रयागराज में नेशनल जूनियर चौंपियनशिप में दौड़ प्रतियोगिता में कोच शुभम बालियान के नेतृत्व में खिलाड़ी निदम ने 100 मीटर दौड में गोल्ड व 200 मीटर दौड में सिल्वर मैडल जीतकर प्रदेश व जनपद का नाम रोशन किया। गुरुवार को अपने कार्यालय पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, उपक्रीड़ा अधिकारी पूनम सिंह, कोच प्रदीप, युधिष्ठिर पहलवान, शुभम, राहुल, कपिल आदि मौजूद रहे।

# अखिलेश यादव से मिले मोरना क्षेत्र के सपा कार्यकर्ता

**मोरना।** क्षेत्र के सपा कार्यकर्ताओ ने सपा मुखिया अखिलेश यादव से भेंट कर इटावा मे कथावाचक के साथ हुई घटना पर रोष प्रकट किया।साथ ही क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया।



तेवडा निवासी जिला पंचायत सदस्य मौ मूसा ने जानकारी देकर बताया की मीरांपुर विधानसभा अध्यक्ष सादिक चौहान संग कार्यकर्ताओ का एक प्रतिनिधि मंडल पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिला है। जहां इटावा मे कथा वाचक के साथ हुई घटना पर रोष प्रकट किया गया। मौ. मूसा ने बताया की समाजवादी सरकार के कार्यकाल मे मोरना क्षेत्र के सभी प्रमुख मार्गो का चोड़ीकरण हुआ था।निर्बाध विद्युत आपूर्ती के लिया बिजली घरों का निर्माण कराया गया था। साथ ही नागरिकों की सुरक्षा के लिए डायल 100 व तडित स्वास्थ्य सेवा के लिए डायल 108 व 102 एम्बुलेंस सेवा प्रदान की गयी थी। आज क्षेत्र अनेक समस्याओं से ग्रस्त है। भ्र्ष्टाचार चरम है। प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। आगामी सरकार समाजवादी पार्टी की होगी। जिसके लिए कार्यकर्ता उत्साह के साथ कार्य कर रहे हैं।

# मोहर्रम माह को लेकर ताजियादारों की गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**भोपा।** आगामी मोहर्रम माह मे निकलने वाले ताजिया के जुलुस व मजलिस को लेकर गुरूवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों के जनप्रति. निधियों व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में आगामी त्यौहार को शांति, सद्भाव के साथ मनाने की अपील की गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि ताजिया जुलूस के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है और ताजिया की ऊंचाई आठ फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही ताजिये जुलूस के दौरान डीजे नहीं रहेगा। उन्होंने आगामी मोहर्रम त्यौहार को सभी लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। पुलिस ने जनप्रतिनिधियों से ताजिया जुलूस के रूट चार्ट पर विशेष चर्चा की। गई।

बैठक में प्रभारी निरीक्षक ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों को मोहर्रम को भाईचारे व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए ताजिया जुलूस, रूट पर शरारती तत्वों पर नजर रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था तैनात की जाएगी।

# अतिरिक्त दहेज के लिए विवाहिता से मारपीट

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली में मिमलाना रोड निवासी हिना ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी शादी किदवईनगर निवासी आबाद के साथ 2023 में हुई थी। शादी में दस लाख रुपये खर्च किए थे। इसके बाद भी उसे अतिरिक्त दहेज के लिए परेशान किया जाने लगा। उससे कार की मांग की जाने लगी। पति ने कहा कि उसने उससे कार के लिए ही शादी की थी। आरोप है कि पति व उसके पांच परिजनों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। शहर कोतवाली पुलिस ने बताया कि मामले में जांच शुरू कर दी है।

# पुण्य तिथि पर पूर्व मुख्यमंत्री रामचन्द विकल को दी गई श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरनगर।** पूर्व मुख्यमंत्री , गुज़र गांधी की उपाधि से सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी, महान योगी, आर्यसमाजी, किसानों, मजदूरों और नौजवानों के लिए आजीवन हितैषी तथा देश में यूथ पार्लियामेंट अर्थात युवा संसद के जनक, पूर्व लोकसभा सांसद बागपत, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं पूर्व अध्यक्ष भारतीय राज्य फार्म निगम भारत सरकार स्वरू डॉक्टर रामचंद्र विकल की 14 वी पुण्यतिथि गाजियाबाद कविनगर स्थित आवास पर मनाई गई। इस अवसर पर हवन आयोजित किया गया।



हवन में समस्त शुभचिंतक व बंधुओं सहित जगबीर सिंह विकल पूर्व सदस्य विधान परिषद, जयप्रकाश विकल सेवा निवृत्त क्षेत्रीय प्रबंधक क्रभको ,विजय वीर विकल भारतीय संसद भवन में सेवारत, महीपाल सिंह ढासरी, अभिनव नागर,उमा सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख मोरना पूर्व अध्यक्ष जिला भाजपा महिला मोर्चा मुजफ्फरनगर तथा रमानागर राष्ट्रीय सचिव रालोद पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत मुजफ्फरनगर, पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी विकास संघ मुजफ्फरनगर उपस्थित रहे हवन पश्चात पिताजी के फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की

# जिला कृषि अधिकारी ने कीटनाशक विक्रेताओं को दी सख्त चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुजफ्फरनगर।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी राहुल तेवतिया ने सभी कीटनाशी विनिर्माता, थोक, फटकर विक्रेताओं को निर्देश दिए है कि यदि किसी के यहां पर गडबडी या फिर अनियमितता आदि मिली को संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस के कीटनाशक का उत्पादन व विक्रय करने पर भी कडी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि बिना लाईसेंस के अनाधिकृत रूप से किसी भी प्रकार के कृषि रक्षा रसायनो का उत्पाद एवं विकय न किया जाये। लाईसेंस धारक कीटनाशक विक्रेताओ के पास निर्धारित प्रारूप पर स्टाक पंजिका जो कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा प्रमाणित हो, उपलब्ध रखे। उस पर नियमित रूप से स्टाक का विवरण अंकित किया जाये।कीटनाशी रसायनो की बिक्री किये जाने पर कृषको का अनिवार्य रूप से कैश मैमो निर्गत की जायें। कीटनाशी लाईसेंस पर जिस कम्पनी का प्रधिकार-पत्र अंकित हो, उस ही कम्पनी के कीटनाशक की बिक्री की जायें। उन्होंने कहा कि नकली, अधोमानक एवं कालातीत रसायनो की बिक्री किसी भी दशा में न की जाए। यदि ऐसा पाया जाता है कि कीटनाशी अधि. नियम 1968 व नियमावली 1971 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत सुसंगत धाराओं में कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# बुढ़ाना महोत्सव में गौरव सम्मान से अलंकृत होंगे पूर्व सांसद शाहिद सिद्दीकी

## नामचीन कवियों व शायरों से सजेगी महफिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना की ओर से बुढ़ाना महोत्सव कार्यक्रम नगर पंचायत परिसर में 29 जून को होगा।

कार्यक्रम 2 भागों में रखा गया है। जिसमें सायं 6 बजे राव अमर सिंह त्यागी रईस स्मृति गौरव सम्मान समारोह होगा। राव अमर सिंह त्यागी रईस बुढ़ाना नगर पंचायत के प्रथम चेयरमैन थे और सफीर बुढ़ाना समाचार पत्र के संस्थापक व प्रकाशक थे। इस उर्दू के अखबार का प्रकाशन 1876 में उन्होंने बुढ़ाना में ही प्रिंटिंग प्रेस लगाकर किया था। अनेकों किताबों का प्रकाशन राव अमर सिंह त्यागी रईस की प्रिटिंग प्रेस में हुआ। राव अमर सिंह त्यागी रईस स्मृति गौरव सम्मान समारोह में देश के प्रख्यात पत्रकार व नई दुनिया उर्दू के संपादक शाहिद सिद्दीकी को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त सहारनपुर अटल राय होंगे।

समारोह की व्यवस्था व खर्च राव अमर सिंह त्यागी रईस के वंशज करेंगे। नगर पंचायत में लाइब्रेरी का भी शिलान्यास होगा। रात 8 बजे कवि सम्मलेन व मुशायरा होगा। नामचीन शायर और कवि इसमें शामिल होंगे। राव अमर सिंह त्यागी रईस शहंशाह आलम द्वितीय के वजीरे आजम राव हरकरण दास त्यागी के पोते व सरधना की बेगम समरु के वजीरे आजम राव दीवान सिंह त्यागी के बेटे थे। यहां प्रमुख शायर कवियों में डॉक्टर नवाज देवबंदी, अजहर इकबाल, इकबाल अश्र, हिमांशी बावरा, शायर अज्म शाकिरी, पॉपुलर मेरठी, वरुण आनन्द, खुशह्लद हैदर, विज्ञानवृत व अन्य शायर भी अपने कलाम पेश करेंगे।

# रसूलपुर में प्रशासनिक कार्रवाई, अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**शाह टाइम्स सवाददाता**
**मीरांपुर।** क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर-जमालपुर बांगर मार्ग पर प्रशासनिक अधिकारियों ने अवैध कब्जा करने वाले लोगो के विरूद्ध अभियान चलाकर उनके द्वारा कब्जा की गई भूमि को कब्जा मुक्त कराया एवं अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया।

उपजिलाधिकारी जानसठ जयेंद्र सिंह, तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता एवं नायब तहसीलदार मीरापुर विपिन चौधरी के निर्देश पर ग्राम रसूलपुर में अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई। कानूनगो संजीव शर्मा व लेखपाल ओमवीर सिंह ने पुलिस बल के साथ मिलकर मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को हटवाया। यह कार्रवाई खसरा संख्या 23 और 298 में स्थित रसूलपुर-जमालपुर बांगर मार्ग पर किए गए अतिक्रमण के साथ-साथ खसरा संख्या 62म की भूमि पर धारा 104/105 के तहत विचाराधीन मामले में की गई। प्रशासनिक टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया तथा अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी कि भविष्य में दोबारा कब्जा करने की कोशिश की गई तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्यवाही की सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। कुछ ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए कहा कि कार्रवाई से पूर्व उन्हें किसी प्रकार की पूर्व सूचना नहीं दी गई, जबकि नियमानुसार पहले सूचना दी जानी चाहिए थी। प्रशास. निक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह भूमि सरकारी है और इस पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गांव रसूलपुर के रास्ते पर किए गए निजी कब्जों को भी प्रशासन ने हटवाया और अवैध कब्जाधारियों को कड़ी चेतावनी दी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में प्रशासन की सक्रियता को लेकर चर्चा तेज हो गई है। ग्रामीणों में मिश्रित प्रतिक्रिया देखने को मिली, कुछ ने प्रशासन की सख्ती का



समर्थन किया, तो कुछ ने प्रक्रिया पर सवाल उठाए।

# 9 घंटे नहीं आई बिजली तो बिलबिला गए जौलावासी

**बुढ़ाना।** गांव जौला की बिजली आपूर्ति लगातार नौ घंटे से भी ज्यादा समय तक ठप्प रही। इसी दौरान गांव जौला के लोग भयंकर गरमी में बिलबिला गये। जौला बिजलीघर की विद्युत आपूर्ति सुबह 11 बजे के आसपास बंद हो गयी थी जो कि समाचार लिखे जाने तक रात आठ बजे तक भी नही आ पाई थी।

इस बारे में आक्रोशित ग्रामीण बिजली घर पर तैनात अधिकारी और कर्मचारियों को बार बार फोन मिलाते रहे लेकिन किसी अधिक. ारी या कर्मचारी ने भी कोई भी संतोषजनक जवाब ग्रामीणों को नहीं दिया। जिसके चलते ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिला। क्या फाल्ट हुआ ये भी किसी अधिकारी या कर्मचारी के द्वारा बताया नहीं गया।

# श्रीराम पॉलिटेक्निक में अपने पॉलिटेक्निक को जानें कार्यक्रम का आयोजन

मुजफ्फरनगर। श्रीराम पॉलिटेक्निक, रूड़की रोड, मुजफ्फरनगर में ''अपने पॉलिटेक्निक को जानें और प्रवेश से लेकर प्लेसमेंट तक जागरूकता कार्यक्रम'' विषय पर छात्र/छात्राओं को पॉलिटेक्निक की ब्रांच, काउंसिलिग की प्रक्रिया व भविष्य में रोजगार अवसर पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र/छात्राओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग कर श्री राम पॉलिटेक्निक का भ्रमण किया एवं संस्थान के एक्सपर्ट करियर काउंसलर से अपने विषय से संबंधित प्रश्नों को पूछा और अपनी मनपसंद ब्रांच के बारे में जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीराम पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य डॉ अश्वनी कुमार, स्नेहलता गर्ग, विभागाध्यक्ष एप्लाइड साइंस, जोनी कुमार, विभागाध्यक्ष सिविल इंजीनियरिंग, नितिन गुप्ता विभागाध्यक्ष कंप्यूटर साइंस, छवि, विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग, शुभम गुप्ता, विभागाध्यक्ष मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलीत कर किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम में संस्थान के एक्सपर्ट करियर काउंसलर श्रीराम पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य डॉ अश्वनी कुमार ने पॉलिटेक्निक काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं को काउंसिलिंग प्रक्रिया एवं पॉलिटेक्निक की ब्रांच एवं प्रवेश क्षमता पॉलिटेक्निक में प्रवेश लेने से लेकर रोजगार के अवसर एवं पॉलिटेक्निक में पढ़े जाने वाले विभिन्न तकनीकी एवं व्यवसायिक पाठ्क्रमों के विषय में सशक्त भविष्य एवं संभावित रोजगार के अवसरों के विषय में विस्तार पूर्वक बताते हुए कौशल विकास में (स्किल डेवलपमेंट) उच्च तकनीकी एवं व्यवसायिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उच्च व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में महाविद्यालय द्वारा कराई गई कार्यशाला ''अपने पॉलिटेक्निक को जानें और




प्रवेश से लेकर प्लेसमेंट तक जागरूकता कार्यक्रम् का उद्देश्य विद्यार्थियों को सम्पूर्ण जानकारी प्रदान कराना है, ताकि छात्र/छात्राओं को काउंसिलिंग के दौरान कोई भी असुविधा न हो। ''अपने पॉलिटेक्निक को जानें प्रोग्राम 25 जून से 30 जून तक नि:शुल्क आयोजित किया जा रहा है। श्रीराम पॉलिटेक्निक में कम्पयूटर साइंस इंजी0, मेकेनिकल इंजी0 ऑटोमोबाईल, मेकेनिकल इंजी0, इलैक्ट्रीकल इंजी0, सिविल इंजी0, इलैक्ट्रोनिक्स एवं कम्यूनिकेशन इंजी0 सभी ब्रांच उपलब्ध है।कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से स्नेहलता गर्ग, जोनी कुमार, नितिन गुप्ता, छवि, शुभम गुप्ता, विवेक धीरयान, मुकुल पुलस्ताया, विक्रांत पांचाल, विपुल कुमार, पंकज कुमार, श्रेया शर्मा, आदि का योगदान रहा।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# महिला की संदिग्ध मौत में पति व सास गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव भनेड़ा उददा में विवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मामले में परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के चलते हत्या के आरोप में मुकदमा पंजीकृत किया है। परिजनों का आरोप था कि महिला को जहर देकर हत्या की गई है। पुलिस ने फिलहाल नाम जद दोनों आरोपी मृतका के पति व सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाभवन क्षेत्र के गांव भनेड़ाउद्दा निवासी बबलू पुत्र सतीश की लगभग 30 वर्षीय पत्नी सुवती की मंगलवार की देर रात संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मामले में मृतका के भाई अमित उर्फ कल्लू पुत्र विलेन्द्र निवासी ग्राम सलेमपुर, मुजफ्फरनगर ने थाने में तहरीर देते हुई दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया था। अमित का कहना था कि आरोपी पति व सास ने अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए महिला पर लगातार बुलेट मोटरसाइकिल व नगद धनराशि की मांग कर रहे थे। जो पूरी न होने के चलते आरोपियों ने महिला सुवती के साथ मारपीट कर उसे जहर देकर हत्या कर दी है। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया था। थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आरा. पी पति बबलू पुत्र सतीश व उसकी मां मुनेश को उसी के घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## बंटवारे के विवाद में सगे भाई पर फावड़े से हमला

**कैराना।** गुरुवार को कस्बे के मोहल्ला आलकलां निवासी इस्तकार घर के अंदर बैठा था। आरोप है कि इसी दौरान उसका भाई इसरार हाथ में फावड़ा लेकर वहां पहुंचा तथा इस्तकार के ऊपर फावड़े से प्रहार कर दिया। फावड़े के प्रहार से सिर में चोट लगने से युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल को उपचार हेतु कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

## कृषि मशीनरी के आवेदन से अवगत कराया

**शामली।** जनपद के सभी सम्मानित कृषक बन्धुओं को सादर सूचित किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग द्वारा संच. ालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन, प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाईजेशल फॉर इन-सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्राप रेज्ड्यू एवं योजना के अन्तर्गत कृषि यंत्र कृषि उपकरण, कम्बाइन हार्वेस्टर विद सुपर एस.एम.एस, मेज सेलर, पॉपिंग मशीन, थ्रेसिंग फ्लोर, समॉल गोदाम, ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट, शुगर केन सेटलिंग प्लांटर, शुगर केन पॉवर वीडर आदि मशीनरी बैंक की स्थापना इत्यादि के आवेदन हेतु बुकिंग 27 जून को दोपहर 12 बजे से 12 जुलाई रात्रि 12 बजे (कट ऑफ डेट) तक की जानी है। अत: समस्त कृषक बन्धुओं से उप कृषि निदेशक, शामली प्रमोद कुमार द्वारा अनुरोध किया गया है कि बुकिंग कर सकते है।

# दो दिन की झमाझम बारिश के बाद खिली धूप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पिछले दो दिनों की झमाझम बारिश के बाद गुरुवार को मौसम ने करवट ली और सुबह से ही आसमान साफ नजर आया। दिन चढ़ते ही तेज धूप निकलने लगी, जिससे सूर्यदेव की तपिश में भारी इजाफा देखने को मिला।

गुरूवार को मौसम का अधि. कतम तापमान 35 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। यह तापमान पिछले दो दिनों के मुकाबले 3 डिग्री सैल्सियस अधिक दर्ज किया गया। बारिश के बाद मौसम में नमी के कारण उमस बढ़ गई है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सड़कें सूखने लगी हैं, लेकिन चुभती धूप और उमस के कारण लोगों को बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। दोपहर के समय तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हुई, जिससे विशेष रूप से बुजुर्गों और बच्चों को काफी परेशानी हुई। मौसम के इस बदलाव को देखते हुए



चिकित्सकों ने लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। फिजिशियन डा। समद अली का कहना है कि तेज धूप और उमस के कारण डिहाइड्रेशन, लू और त्वचा संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में लोग अधिक से अधिक पानी पिएं, धूप में निकलते समय छाता या टोपी का प्रयोग करें तथा हल्के व सूती वस्त्र पहनें। स्थानीय मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क बना रह सकता है, और तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना है।

## भूमि को कब्जामुक्त कराने की लगाई गुहार

**शामली।** कांधला क्षेत्र के गांव मखमूलपुर निवासी ग्रामीणों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर कब्रिस्तान की भूमि को मौके पर अधिकारियों को भेजकर कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है। गुरूवार को दिए शिकायती पत्र में उन्होने कहा कि ग्राम ख्वासपुर उर्फ मखमूलपुर में कब्रिस्तान है। जिसकी जमीन पर आस पास के किसानो द्वारा अवैध कब्जा किया हुआ है जो मौके पर अत्यधिक कम है। शिजरे के अनुसार मौके पर पैमाईश कराई जाकर कब्जा मुक्त कराया जाना न्यायहित मे अति आवश्यक है। उन्होने बताया कि कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर पूर्व में कई बार शिकायत की गई। उन्होने कब्रिस्तान की भूमि की पैमाईश कराकर कब्जामुक्त कराने की मांग की है। मांगा सैफी, रूकमदीन, ताहिर आदि मौजूद रहे।

# लूट की योजना बनाकर अपने ही परिजनों के 42 हजार हड़पने वाला पकड़ा

**शामली।** थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत युवक समीर पुत्र अकबर निवासी मौहल्ला रायजादगान कस्बा व थाना काधला द्वारा थाना कांधला पर 42000 रूपए की लूट व उसके साथ मारपीट कर गले में रस्सी बांधकर पानी में फेकने के सम्बन्ध में सूचना दी गई थी।

थाना कांधला पुलिस द्वारा दी गई सूचना की जांच की गई। जांच उपरान्त समीर उपरोक्त अपनी पिकप गाडी लेकर गाडी के पहिए चौक कराने के लिए जुबैर मिस्त्री दिल्ली रोड एचपी पैट्रोल पम्प के सामने गया था, समीर के पास रखे 42000 रूपये को घरवालो से छुपाकर हडपने के लिए अपने ही शरीर पर किसी चीज से हल्के खरोंच के निशान बनाकर तथा गले में रस्सी का फंदा डालकर स्वयं के साथ मारपीट व रूपये छीन लेने की फर्जी घटना बनाई गई । जिसमें समीर उपरोक्त द्वारा लूट की फर्जी योजना आशु पुत्र खिलाद व मो. हित पुत्र सतपाल निवासीगण कस्बा व थाना कांधला शामली को फसाने के उद्देश्य से बनाई गई थी।

समीर अपने घरवालो से 42000 रूपये छुपाने तथा आशु व मोहित को फर्जी तरीके से फसाने के उद्देश्य से उक्त घटना को अंजाम दिया गया । जांच में उपरोक्त घटना पूर्ण रूप से असत्य पाई गई है । समीर उपरोक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# दस रुपये में कराया जा रहा भोजन उपलब्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा संचालित सम्मान रसोई का एक वर्ष पूरा हो गया है। 26 जून 2024 को आरंभ हुई इस सेवा पहल के माध्यम से मात्र 10 रूपये में लोगों को सम्मानपूर्वक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

शहर के शिव मूर्ति के समीप संचालित यह रसोई मानवीय सेवा, अपनत्व और संवेदना का जीवंत उदाहरण बन चुकी है। क्लब के संस्थापक अध्यक्ष संजय संगल ने बताया कि सम्मान रसोई की सेवा को आज एक वर्ष पूर्ण हो गया है। मानवता की सेवा में इस कार्य को करते हुए जो आत्मिक तृप्ति और मानसिक सुकून मिला है, वह शब्दों से परे है।



बीते वर्ष में इस रसोई ने 49,680 भूखे पेटों को केवल भोजन ही नहीं, बल्कि आत्म-सम्मान और अपनत्व भी प्रदान किया है। इस सेवा यात्रा में स्वयंसेवक के रूप में सुभाष शर्मा, मदन लाल, मनोज कुमार, गिरीश तायल, साबिर अली, अजय संगल की देखरेख में निस्वार्थ निष्ठा से तत्परता के साथ इस सेवा को अंजाम दे रहे हैं। रसोई संचालन में समाज के अनेक भामाशाहों का अमूल्य योगदान है। बताया कि रसोई की स्थापना के समय हम लोगों के मन मन में रसोई संचालक को लेकर आने को सवाल थे, एक सवाल यह था या सेवा किस प्रकार से दी जाएगी, खर्च का वहन कैसे किया जाएगा लेकिन सभी सवालों के जवाब के रूप में हमें नागरिकों का सहयोग और स्वयं सेवकों को श्रम प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विनीत गोयल, प्रदीप विश्वकर्मा, विजय शर्मा, अनूप तायल, रेनू तायल, अंकुर गोयल, अर्जुन वर्मा, आशु गर्ग, राम गोपाल शर्मा, वैभव गोयल, गौरव गोयल, राहुल वर्मा, अमित वर्मा, अरुण गर्ग, आयुष्मान सिंगल, गौरव मित्तल एडवोकेट, प्रशांत सिंहल, संदीप जिंदल, विजय सिंघल, अंकित जैन, अजय शर्मा, प्रतीक गर्ग, मदनलाल, सुभाष शर्मा, गिरीश तायल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### दो गो तस्करों पर एनएसए की कार्रवाई

**शामली।** 23 अप्रैल को थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला काजीवाड़ा में कोतवाली शामली पुलिस को गौकशी की सूचना प्राप्त हुई थी। थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए घटना में लिप्त व्यक्तियों की पहचान कर अभियुक्तगण के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। उसी दिन पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार गोकशी की रोकथाम एवं गोतस्करों के विरुद्द कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला काजीवाड़ा में हुई गौकशी की घटना में लिप्त एक गो-तस्कर इसाम उर्फ हिसाम पुत्र शमीम निवासी आजाद चौक, मौहल्ला काजीवाड़ा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली को पुलिस मुठभेड के दौरान आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में घायलधगिरफ्तार, कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस व कटान करने के उपकरण व मोटर साईकिल बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई थी। 26 मई को उपरोक्त मामले में प्रभावी कार्यवाही करते हुए गो-तस्कर इसाम उर्फ हिसाम पुत्र शमीम निवासी आजाद चौक, मौहल्ला काजीवाड़ा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के विरुद्द जिलाधिकारी शामली के आदेशानुसार राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3 की उपधारा 2 के अन्तर्गत निरुद्द किया गया था। 28 मई को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार गौकशी की रोकथाम एवं गौतस्करों के विरुद्द कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला काजीवाड़ा में हुई गौकशी की घटना में वांछित 25,000/- रूपए के ईनामी गौ-तस्कर सलमान पुत्र रफीक निवासी मौहल्ला आजाद चौक काजीवाडा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली को अवैध हथियार मय कारतूस व एक मोटर साईकिल सहित पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई थी। इसी क्रम में प्रभावी कार्यवाही करते हुए गौ-तस्कर सलमान पुत्र रफीक निवासी आजाद चौक, मौहल्ला काजीवाड़ा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के विरुद्द जिलाधिकारी शामली के आदेशानुसार राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3 की उपधारा 2 के अन्तर्गत निरुद्द किया गया है।

### दो चोर सामान सहित गिरफ्तार

**शामली।** 25 जून को थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत राजो पत्नी पूरण सिंह निवासी ग्राम मतनावली के घर से गांव के रोबिन पुत्र नीरपाल व राजेश पुत्र देवी द्वारा गेंहू व चावल चोरी करने के सम्बन्ध में वादिया राजो उपरोक्त की तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग व चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाए गए अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस द्वारा 2 चोरों को चोरी के सामान व अवैध चाकू सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण रोबिन पुत्र ब्रह्मपाल उर्फ नीरपाल निवासी ग्राम मतनावली थाना कांधला जनपद शामली, राजेश पुत्र देवी सिंह निवासी ग्राम मतनावली थाना कांधला जनपद शामली है।

### अतिरिक्त दहेज में बाइक तथा पांच लाख रुपये मांगने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के ग्राम रोटन निवासी शहनाज पुत्री इरफान ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी तैय्यब उर्फ गुल्लू पुत्र जिन्दा हसन निवासी ग्राम बाढीमाजरा थाना गंगोह जिला सहारनपुर के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ पिता द्वारा दान दहेज देकर की थी, लेकिन शादी में दिए गए सामान से उसकी ससुराल पक्ष से पति तैय्यब उर्फ गुल्लू, सास रहिसा, जेठ अमजद, जेठानी मुसरो, लडके का मामा याबिद पुत्र नाजर निवासी ग्राम मन्सूरा झिंझाना खुश नहीं थे और अतिरिक्त दहेज के रूप मे मोटरसाईकिल की मांग कर रहे थे तथा महिला को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित करने लगे। हालाकि महिला को पति तैय्यब उर्फ गुल्लू से तीन बच्चे पैदा हुए।

पीड़िता ने बताया कि उसके जेठ हत्या को मामले में उम्र कैद की सजा हो गई, जिस कारण उपरोक्त सभी लोग उससे जेठो को छुडाने के लिए 5 लाख रूपये अतिरिक्त दहेज मे पिता के घर से लाने का दबाव बनाने लगे। पीड़िता के मना करने पर उसके सोने चांदी के गहने बिना मर्जी के बेच दिया। तब से पीड़िता अपने पिता के घर रह रही थी। शहनाज पुत्री इरफान निवासी रोटन ने ससुराल पक्ष के पति तैय्यब उर्फ गुल्लू, सास रहिसा, जेठ अमजद, जेठानी मुसरो, लडके का मामा याबिद पुत्र नाजर के खिलाफ तहरीर दी, पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# हर गांव में भाकियू को करेंगे मजबूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक, संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का लिया संकल्प। किसानों की समस्याओं पर चर्चा, बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर जताई चिंता। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की एक अहम बैठक गुरुवार को चौसाना गांव में गुलजार लंबरदार के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बाबा रण कुमार द्धमछरोलीऋ ने की, जबकि संचालन मास्टर जाहीद द्वारा किया गया।

बैठक में प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप पंवार ने बताया कि राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के निर्देश पर संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने के लिए व्यापक स्तर पर बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में चौसाना में आयोजित इस बैठक में किसानों की जमीनी समस्याओं को सुना गया और उनके समाधान को लेकर रणनीति बनाई गई। कुलदीप पंवार ने कहा कि गांव-गांव जाकर किसानों की समस्याएं जानना और उन्हें जागरूक करना संगठन की प्राथमिकता है। उन्होंने विशेष रूप से बिजली विभाग पर निशाना साधते हुए कहा कि विभाग द्वारा रात के समय किसानों के घरों में की जा रही छापेमारी से ग्रामीणों में भय का माहौल है, जिसे लेकर संगठन जल्द ही विरोध जताएगा। प्रदेश महासचिव सजीव राठी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि षकिसान की एक आंख खेत पर और दूसरी सरकार पर होनी चाहिए।ष उन्होंने किसानों से अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देने और उन्हें नशे से दूर रखने की भी अपील की। साथ ही, ज्यादा से ज्यादा किसानों से संगठन से जुड़ने की अपील की गई। बैठक में , रण कुमार, मास्टर जाहीद, जरीफ, महताब, नियामत, साबिर, अफजाल समेत बड़ी संख्या में किसान और यूनियन कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## देवेन्द्र हत्याकांड का उपचाराधीन आरोपी शोबान गिरफ्तार

**कैराना।** विगत 16 जून को हरियाणा के जनपद पानीपत के सनौली खुर्द थानाक्षेत्र के गांव कुराड़ निवासी किसान देवेंद्र की चाकुओं से गोदने के बाद गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। मृतक के पुत्र रो. हित ने गांव मामौर निवासी नदीम, शोबान व फरमान के खिलाफ स्थानीय कोतवाली पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए हत्यारोपी फरमान व नदीम को घटना वाले दिन शाम को ही गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी नदीम को मुठभेड के दौरान पुलिस की गोली लगी थी। जबकि तीसरा आरोपी शोबान पुलिस अभिरक्षा में मेरठ के एक अस्पताल में उपचाराधीन था। गुरुवार को पुलिस ने उपचाराधीन हत्यारोपी शोबान को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया, जिसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा, जिंदा व खोखा कारतूस तथा छुरी बरामद हुई है। हत्यारोपी घटना को अंजाम देते वक्त चाकू लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया था। पकड़े गए आरोपी का पुलिस ने चालान कर दिया है।

# राज्य कर विभाग के ज्वॉइंट कमिश्नर ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला टैक्स बार एसोसिएशन रजिस्टर्ड शामली द्वारा दिनांक 26 जून 2025 दिन बृहस्पतिवार को राज्य कर विभाग के जॉइंट कमिश्नर आदरणीय राकेश कुमार कौशल जी का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया और साथ ही साथ बार से संबंधित समस्याओं को उनके सम्मुख रखा स ज्वाइंट कमिश्नर साहब द्वारा सभी समस्याओं का निदान जल्द से जल्द करने का आश्वासन दिया जिला टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा पंजीयन हेतु समस्याएं पंजीयन निरस्त करने हेतु समस्याएं प्रमुखता से रखी। साथ ही साथ जिला टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा जिला मुख्यालय पर बनाए जा रहे राज्य कर भवन में जिला टैक्स बार एसोसिएशन रजिस्टर्ड शामली के सभी सम्मानित सदस्यों के लिए चेंबर हेतु स्थान की मांग भी प्रमुखता से रखी गई जिसका लिखित में एक ज्ञापन आदरणीय जॉइंट कमिश्नर को दिया गया इस अवसर पर जिला टैक्स बार एसोसिएशन रजिस्टर्ड शामली के अध्यक्ष विकास शर्मा एडवोकेट दिव्य मित्तल एडवोकेट मोहित गुप्ता एडवोकेट अनुज पवार एडवोकेट अनुराग गौड़ एडवोकेट सचिन गोयल एडवोकेट सनूज शर्मा एडवोकेट मनव्वर हसन एडवोकेट सदाकत अली एडवोकेट सावेज एडवोकेट मोहनलाल एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।



## हादसे में भाइयों समेत तीन घायल, दो रेफर

**कैराना।** कैराना-इस्सापुर खुरगान मार्ग पर दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई, जिसमें गांव मण्डावर निवासी आसिफ व इस्सापुर खुरगान निवासी सगे भाई आवेश व अनस गम्भीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को उपचार हेतु कस्बे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सकों ने गम्भीर रूप से घायल आसिफ व आवेश को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

# मकान निर्माण को लेकर महिला के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** थाना गढ़ी पुख्ता क्षेत्र के ग्राम ताना में निर्माण कार्य को लेकर हुए विवाद में एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता मुनेश पत्नी जसबीर सिंह ने थाना गढ़ी पुख्ता में तहरीर देकर आरोप लगाया कि जब वह अपने मकान का निर्माण कार्य करवा रही थीं, उसी दौरान गांव के ही कुछ लोगों ने निर्माण रुकवाने की नीयत से विवाद खड़ा कर दिया।

पीड़िता के अनुसार जब वह अपने पति जसबीर सिंह के साथ निर्माण कार्य पर मौजूद थीं, तभी पड़ोस में रहने वाले सतबीर व अनिल पुत्रगण टिकम सिंह व गुड्डी पत्नी सतबीर व हिमांशु व सुमित पुत्रगण सतबीर ने आकर निर्माण स्थल पर ईंटें तोड़नी शुरू कर दीं।

विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए पीड़िता व उसके पति के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि पीड़िता के कपड़े तक फाड़ दिए गए और जान से मारने की धमकी भी दी गई।

पीड़िता का कहना है कि इस घटना के बाद से उसका परिवार दहशत में है और उसे व उसके परिवार को अपनी जान का खतरा बना हुआ है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में गढ़ीपुखघ्ता पुलिस का कहना है पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर आई हैं। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच करआगे की कानून कारवाई की जाएगी।

# पर्यावरण संरक्षण पर जिलाधिकारी ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज कैम्प कार्यालय पर जिला गंगा समितिधजिला पर्यावरण समि. तिधजिला वृक्षारोपण समिति बैठक का आयोजन किया गया।आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने एजेंडा बिन्दु के अनुसार समीक्षा करते हुए जिन बिंदुओं पर कमी दिखी उसमें सुधार के निर्देश दिए।

बैठक में समीक्षा करते हुए प्रदूषण विभाग के अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद में समस्त ड्रेनों में जहां पर भी बायोरेमिडिएशन का कार्य चल रहा है जो अव्यवस्थित रूप से बिना किसी रोकथाम के किया जा रहा है जिससे जल की गुणवत्ता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, जिसके लिए नगर निकायों द्वारा नालों पर जल उपच. ारध्बायोरेमिडिएशन के कार्य पर व्यय की गई धनराशि की जांच कर रिपोर्ट



प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। वृक्षारोपण समिति के संबंध में सभी विभागों को निर्देश दिए गए कि जिन विभागों द्वारा वृक्षारोपण कार्ययोजना नहीं भेजी गई।

जल से जल्द भेजना सुनिश्चित करें इसमें किसी भी प्रकार के लाप. रवाही ना बरती जाए।

बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ने अवगत कराया कि शासन द्वारा सभी जनपदों को वृक्षारोपण लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है 1 जुलाई से 7 जुलाई के बीच वृक्षारोपण अभियान प्रस्तावित है, उन्होंने अवगत कराया कि हमारे जनपद को 1364080 का लक्ष्य मिला है जिसके क्रम में सभी विभागों से अपने-अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार वृक्षारोपण की तैयारी के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, प्रभागीय वनाधिकारी जगदेव सिंह, सत्एन्द्र सिंह, अपर जिलाधिक. ारी (वि./रा), शामली,कृषि विभाग, PWD उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिंचाई विभाग, पंचायती राज विभाग, परिवहन विभाग आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र **संजीव** व मेरी पत्नी **रामवती** आये दिन मेरे साथ लड़ाई झगड़ा व मारपीट करते हैं तथा मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। जिससे परेशान होकर मैं उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में पुत्र **संजीव** व मेरी पत्नी **रामवती** के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेनदेन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सोमपाल पुत्र श्री दयाराम**
निवासी: ग्राम उस्मानपुर, पोस्ट व थाना थानाभवन, जिला शामली, उ0प्र0

**कार्यालय नगर पालिका परिषद शामली (जनपद-शामली)**

पत्रांक: 496/SF1 दिनांक: 26.6.2025

**ई-टैण्डर अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद शामली राज्य वित्त आयोग / बोर्ड फण्ड मद के अन्तर्गत (नगर क्षेत्र शामली में बहने वाला मुख्य नाला की सफाई व सिल्ट ढुलाई का कार्य एवं नाले की सिल्ट बाहर निकालने पश्चात मशीनों द्वारा सिल्ट ट्राली में भरकर भैंसवाल रोड स्थित कूडा प्लांट पर ढुलाई का कार्य) दिनांक 09.07.2025 समय 5:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर निविदाएं रजिस्टर्ड श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से शर्तों के आधार पर आमंत्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। अभिलेख दिनांक 27.6.2025 से दिनांक 9.7.2025 तक सांय 5:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। सभी निविदादाता दिनांक 9.7.2025 की सांय 5:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते हैं। जो दिनांक 10.7.2025 को समय: 11:00 बजे से खोले जाएंगे। निर्धारित निविदा शुल्क पालिका के निम्न खाता में जमा किया जा सकता है। जिसकी प्रप्ति निविदा के साथ अपलोड की जानी अनिवार्य होगी, अन्यथा की स्थिति में निविदा पर कोई विचार नही किया जाएगा।

| | |
|---|---|
| **बैंक का नाम** | **आई.सी.आई.सी.आई. बैंक शाखा शामली** |
| **खाता संख्या** | **066801001515** |
| **आई.एफ.एस.सी. कोड** | **ICIC0000668** |

| Tender Referance | /E-T/SFI/2025-26 |
|---|---|
| Publish and Time for RFP | 27-6-2025 UPTO 4:00 PM |
| Last Date and time for Submission of tender | 9-7-2025 AT 5:00 PM |
| Open E-Tender Date | 10-7-2025 AT 11:00 PM |
| Place of Opening of E-Tender | Nagar Palika Parishad Shamli Office |
| E-Tender Secutity | Net Amount of RTGS |
| E-Tender Document Processing | 500+GST@18%=590 (RTGS) for eatch work |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद शामली

# निर्माणाधीन पुल के पास टला बड़ा हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** गन्देवड मार्ग पर सुलतानपुर से धोलाहेडी के बीच निर्माणाधीन पुल के बराबर में उस समय बडा हादसा होने से टल गया जब सडक का एक किनारा बैठ जाने के कारण वहां से गुजरती हुई ईंटो से भरी ट्रैक्टर ट्राली एक साईड से सडक में धंस गयी। जिससे यहां पर आवागमन करने वाले राहगीरों के लिए बड़ा खतरा पैदा हो गया, गमीनत रही कि किसी राहगीर को कोई शारी. रिक क्षति नही पहुंची।



जानकारी के लिए बता दें कि बरसात के मौसम में बरसाती नदी व नालों में ऊफान के कारण पानी के दबाव से हर वर्ष चिलकाना गन्देवड मार्ग पर सुलतानपुर से धोलाहेडी के बीच सडक का कटाव हो जाता है। लगभग 02 वर्ष पूर्व भी बरसात के मौसम में हथनीकुंड बैराज से पानी छोड़े जाने पर पानी के तेज बहाव से इसी जगह सड़क क्षतिग्रस्त होने के बाद यहां पर गहरा कुंड बनने से यह मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया था। तत्पश्चात यातायात संचालन कराये जाने हेतु उक्त कुंड के ऊपर से अस्थाई पुल का निर्माण कराया गया था।

क्षेत्रवासियों की इस गम्भीर समस्या को देखते हुए स्थानीय विधायक मुकेश चौधरी के प्रयास से उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कार्य भी शुरू हो गया था। लेकिन पुल निर्माण कार्य के दौरान प्रशासन द्वारा मार्ग परिवर्तन नही किया गया, जिसका प्रकाशन स्थानीय पत्रकारों द्वारा अपने अपने समाचार पत्रों में प्रमुखता से किया गया था। जिसके बाद भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मार्ग परिवर्तन के मामले को गंभीरता से नही लिया गया ओर भारी वाहनों का आवागमन इसी मार्ग से होता रहा।

परिणामस्वरूप आज यहां पर ईंटो से भरी एक ट्राली सड़क किनारे धंस गई और एक बडा हादसा होने से बाल बाल बचा। घटना की जानक. ारी मिलते ही प्रशासन के हाथ पांव फूल गये व आनन फानन में मार्ग परिवर्तित कर सडक पर घटना स्थल के दोनों ओर कुछ दूरी पर सिपाहियों को खडा कर दिया गया है ताकि भारी वाहनों की आवाजाही को रोका जा सके एवं अन्य मार्गो से उन्हे गंतव्य तक भेजा जा सके।

## आनंद ने टेस्ट परीक्षा में प्राप्त की उत्कृष्ट रैंक

**गंगोह।** शोभित विवि के आदर्श विजेंद्र इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के छात्र आनंद स्वरूप ने ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट परीक्षा में उत्कृष्ट रैंक प्राप्त कर पोस्ट ग्रेजुएशन में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त कर लिया है।

राष्ट्रीय स्तर की उक्त प्रवेश परीक्षा भारत भर के प्रतिष्ठित फार्मेसी संस्थानों में छात्रों को पोस्ट ग्रेजुएशन में प्रवेश देने के लिए आयोजित की जाती है। यह परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत छात्र को पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया द्वारा प्रति माह छात्रवृत्ति दी जाती है। कुलपति प्रो. रणजीत सिंह ने परीक्षा में उत्तीर्ण आनंद स्वरूप खंडेलवाल को शुभकामनाये देते हुए कहा कि इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परीक्षा में उत्कृष्ट रैंक हासिल कर छात्र ने संस्थान और अपने परिवार का गौरव बढ़ाया है। कुलसचिव प्रो. महिपाल सिंह, डायरेक्टर प्रो. भूपेंद्र चौहान ने भी शुभकामनाएं दी।

# लोगों को आता देख फरार हुए गौ तस्कर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** क्षेत्र में गौकशो के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे गौवंश को बेहोशी का इंजेक्शन देकर ले जाने की फिराक में थे। लेकिन लोगों को आते देख गौतस्कर अपनी कार छोड़कर फरार हो गए।

घटना थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित चाण्क्य कालेज के सामने से जा रहे रास्ते की है। जहां पर एक आम के बाग में एक गौवंश बेहोशी की हालात में राहगीरों ने देखा और मौके पर पहुंचे हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओ ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और इसकी जानकारी जुटाने की कोशिश की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। कुछ ही दूरी पर पुलिस को लावारिस हालत में एक होंडा सिटी कार दिखाई दी जिसका नंबर डीएल 4सी ए एच 9822 है। यह खबर आसपास के क्षेत्र में फैल गई। हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता गौकशों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।

कोतवाली पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेकर अज्ञात गौकशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस लगातार गौकशो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है।लेकिन हौसले फिर भी बुलंद नजर आ रहे हैं।

इस दौरान दिग्विजय शर्मा, जयराज पँवार, शेंकि, नितिन सभासद सारण गुर्जर, शिवम, नरेंद्र पंवार, हर्षित रोहिला, पंकज, करण, भूरा पंवार आदि काफी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नीट परीक्षा में राव कफील ने चमकाया नाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नकुड़।** कहते हैं मेहनत समर्पण और सही मार्गदर्शन हो तो कामयाबी की ऊंचाइयां तय की जा सकती हैं। यह साबित किया है मौहल्ला बंजारान निवासी राव कफील अहमद उर्फ राजा भाई ने जिन्होंने नीट 2025 की परीक्षा में 720 में से 553 अंक प्राप्त कर जनपद सहारनपुर में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल नगर में हर्ष का वातावरण है, बल्कि यह सफलता समूचे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन गई है।

राव कफील की प्रारंभिक शिक्षा के.आर. पब्लिक स्कूल से हुई। इसके बाद उन्होंने किशोरी लाल गांधी मेमो. रियल इंटर कॉलेज, से कक्षा 11 व 12 की पढ़ाई की। इस दौरान उन्हें विद्यालय के शिक्षक गौरव मिश्रा ट्यूशन टीचर सुमेरा खान एवं नेत्रपाल सिंह जैसे शिक्षकों का मार्गदर्शन मिला। जिनके योगदान को कफ्फील आज भी याद करते हैं। कफ्फील की सफलता के पीछे सबसे मजबूत कड़ी उनके मामा परवेज राणा (निवासी: मुजफ्फरनगर) हैं, जो एक व्यापारी हैं। उन्होंने न केवल उन्हें मेडिकल क्षेत्र में जाने को प्रेरित किया, बल्कि मानसिक रूप से हर कदम पर उनका संबल बने। कफ्फील का मानना है कि यदि मामा का सहयोग न मिला होता तो यह मुकाम हासिल करना मुश्किल था। इंटरमीडिएट के बाद कफील ने राजस्थान के कोटा जाकर मोशन कोचिंग सेंटर से नीट की तैयारी की। इस संस्थान में गंगोह निवासी अमित वर्मा जैसे अनुभवी शिक्षक से उन्हें मार्गदर्शन मिला। पहले प्रयास में उन्होंने 505 अंक प्राप्त किए। अलबत्ता वह इससे संतुष्ट न हुए। दोबारा तैयारी की इस बार उन्होंने फिजिक्स व केमिस्ट्री में 99.5-99.5 तथा बायोलॉजी में 97 अंक अर्जित किए। जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने ऑल इंडिया रैंक 11000 प्राप्त की। कफ्फील के पिता राव शकील अहमद नगर में एक दुकानदार हैं, जबकि माता आयशा गृहिणी हैं। परिवार ने हमेशा उन्हें अनुशासन, नैतिक मूल्यों और शिक्षा के महत्व का पाठ पढ़ाया। यही कारण है कि सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने बड़ा सपना देखा और उसे साकार किया। राव कफील का लक्ष्य कार्डियोलॉजिस्ट बनना है लेकिन वह इस पेशे को केवल करियर नहीं मानते। उनका कहना है कि मैं डॉक्टर बनकर ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में सस्ती और सुलभ सेवाएं देना चाहता हूं।

## महिलाओं को नि:शुल्क यात्रा कराने का लिया निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** विगत 35 वर्षों से श्री बाबा बर्फानी व श्री माता वैष्णों देवी यात्रा का आयोजन करने वाले बाबा अमरनाथ सेवा दल मलोट पंजाब व सहारा महिला कल्याण समिति ने इस वर्ष की पावन यात्रा आप्रेशन सिंदूर को समर्पित की है। जिसके तहत यात्रा में जाने वाली महिलाओं के लिए निशुल्क व्यवस्था की गई है।

सेवादार नरेन्द्र सैनी के अनुसार यात्रा में 13 से 65 वर्ष वाली महिलाओं की यात्रा का प्रबन्ध निशुल्क होगा। केवल व्यवस्था शुल्क देय होगा। उन्होने बताया कि आगामी 30 जून को श्री रामलीला भवन मख्दुम जहां सराय से शुरु वाली यात्रा को अनेक श्रृद्धालुजन द्वारा शुभकामनायें देकर रवाना किया जायेगा।

# अपने दायित्व का निष्ठा से निर्वाहन करें: विजयपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** देहरादून रोड स्थित मनोहरपुर में भाजपा नेता प्रवेश काम्बोज के निवास पर गुरुवार को छुटमलपुर मंडल की कार्यशाला बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि रामपुर मनिहारान ब्लॉक प्रमुख विजय पाल सिंह ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया।



विजय पाल सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए 29 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक शक्ति केंद्र के हर बूथ पर सुनने और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने शक्ति केंद्रों पर जिम्मेदारी संभाल रहे कार्यकर्ताओं से अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने को कहा। साथ ही, केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को कार्यकर्ताओं के साथ साझा किया, जिसमें विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं पर जोर दिया गया।

मंडल अध्यक्ष अमित सेन ने संगठनात्मक मजबूती पर बल देते हुए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता प्रवेश काम्बोज, यशपाल प्रजापति, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बाबूराम राठौर, अंकुर सैनी, गौरव वर्मा, प्रधान अनुज काम्बोज, मोर्चा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र मोनी काम्बोज, विकास राठौड़, दिनेश शर्मा, डॉ. राकेश कुमार, अविनाश मित्तल, रकम सिंह सैनी, अनिल काम्बोज, हिमांशु कश्यप, राजकुमार बीडीसी, ओमप्रकाश रविद. ासी, उमेश काम्बोज, दीक्षांत काम्बोज, गीता राम काम्बोज, प्रीतम सिंह, शिवकुमार राठौर, श्याम सिंह शास्त्री सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह बैठक संगठन को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण रही।

# स्वकर निर्धारण के खिलाफ नहीं दर्ज कराई गई कोई आपत्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत में स्वकर निर्धारण प्रणाली की प्रक्रिया प्रगति पर है। इसके तहत आज वार्ड संख्या 1 से 5 के भवन करदाताओं को उनकी आपत्तियों के निस्तारण के लिए नगर पंचायत कार्यालय में आमंत्रित किया गया था। दिन के 4:00 बजे तक 22 लोगों ने अपने भवन कर से संबंधित जानकारी प्राप्त की, लेकिन किसी भी वार्ड के निवासी ने स्वकर निर्धारण के खिलाफ कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई।

नगर पंचायत कार्यालय ने सूचित किया है कि आगामी तिथियों में भी आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया जारी रहेगी। 27 जून को वार्ड संख्या 6 से 10 तक और 28 जून 2025 को वार्ड संख्या 11 से 15 तक के भवन स्वामियों की स्वकर प्रणाली से संबंधित आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। यह प्रक्रिया दोनों तिथियों पर सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलेगी।

स्वकर प्रणाली से संबंधित सभी वार्डों की सूची नगर पंचायत कार्यालय में प्रकाशित कर दी गई है। भवन स्वामियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथियों और समय पर अपनी आपत्तियां दर्ज कराएं, ताकि उनका समयबद्ध निस्तारण किया जा सके। उन्होने कहा कि अधिक जानकारी के लिए नगर पंचायत कार्यालय, छुटमलपुर से संपर्क किया जा सकता है।

# एसडीएम व पूर्व विधायक ने किया पुलिया का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** गांव अब्दुल्लापुर में भारी वर्षा के चलते टूटी पुलिया का निरीक्षण पूर्व विधायक नरेश सैनी एवं एस डी एम मानवेंद्र सिंह ने किया। ग्रामीणों को समझा बुझाकर गांव में आवागमन के लिए अस्थाई पुलिया का निर्माण कराया गया है।



उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व हुई भरी वर्षा के चलते कोतवाली बेहट के गांव अब्दुल्लापुर मे बनी पुलिया टूट गई थी। जिस के चलते गांव का कस्बा बेहट से संपर्क टूट गया था और ग्रामीणों को आवागमन के लिए बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। पुलिया के टूटने से गांव में वर्षा का पानी भी भर गया था।ग्रामीणों ने पुलिया के टूटने की शिकायत स्थानीय प्रशासन से कर निर्माण कराए जाने की मांग की थी।

गुरुवार को एस डीएम मानवेन्द्र सिंह , भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक नरेश सैनी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और पानी की निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था कराई। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मांग की गई कि पुलिया के टूटने से गांव में आवागमन बंद हो गया है ग्रामीण आस पास खेतों से आवाजाही कर रहे है। पुलिया के निर्माण की मांग की है। एस डी एम मानवेंद्र सिंह ने पुलिया निर्माण के संबंध में अपने उच्चाधिकारियों से बात की गई। जिस पर अधिकारियों ने पी डब्लू डी के अधिकारियों को अस्थाई पुलिया निर्माण कराए जाने निर्देश दिए गए। पी डब्लू डी के अधिकारियों ने सड़क के दोनों ओर मिट्टी से भरे कट्टे लगाकर अस्थाई पुलिया निर्माण करा गया है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता संजीव कर्णवाल उर्फ बॉबी, राकेश गाबा, एवं पी डब्लू डी के अधिकारी , हल्का लेखपाल मौजूद रहे।

इस संबंध में एस डी एम मानवेंद्र सिंह ने बताया कि ग्रामीणों के आवागमन के लिए फिलहाल अस्थाई पुलिया बनवा दी गई है। बजट आने पर स्थाई पुलिया का निर्माण करा दिया जायेगा।

# टूटा पड़ा बिजली का खम्भा दे रहा हादसे को दावत

**छुटमलपुर।** अलावलपुर रोड पर 5 मई 2025 से टूटा हुआ बिजली का खंभा आज भी सड़क पर लटका हुआ है, जिससे बड़ा हादसा होने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवा. सियों के अनुसार, बिजली विभाग ने इस खंभे को बदलने या मरम्मत करने की कोई कोशिश नहीं की, जबकि यह रोड अत्यधिक व्यस्त है। नशे में धुत ड्राइवर ने तेज रफ्तार कार से इस खंभे को टक्कर मार दी, जिससे यह और क्षतिग्रस्त होकर सड़क पर लटक गया। हादसे में पास का एक परिवार बाल-बाल बचा, और क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ड्राइवर को हिरासत में लिया, जो शराब के नशे में था। उसके खिलाफ नशे में वाहन चलाने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया है। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग की लाप. रवाही पर आक्रोश जताया और तत्काल खंभा बदलने व सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

क्षेत्रीय निवासियों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद बिजली विभाग की उदासीनता के कारण खतरा बढ़ रहा है। यह व्यस्त सड़क होने के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। पुलिस ने जनता से यातायात नियमों का पालन करने और नशे में वाहन न चलाने की अपील की है। बिजली विभाग से इस मामले में तत्काल कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

# प्रसव कराने की एवज में नर्स पर तीन हजार मांगने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** चिलकाना निवासी महिला ने मुख्यमंत्री व शेखुल हिन्द मौलाना महमूद मदनी मैडिकल कॉलेज पीलखनी के प्रधानाचार्य को शिकायती पत्र लिखकर पीजीआई की एक नर्स पर प्रसव कराने के एवज में तीन हजार रूपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है।

नगर के मोहल्ला मजहर हसन निवासी महिला का आरोप है कि पीडिता की भाभी की डिलीवरी होनी थी जिसे वह पीजीआई पीलखनी लेकर गये। जहां उसे ऑपरेशन द्वारा प्रसव होने की बात कहते हुए भर्ती कर लिया था। वहीं पर पीड़िता की मुलाकात खुद को महिला चिकित्सक बताने वाली फरमीना नामक एक महिला से हुई। फरमीना ने उन्हे प्रसूता का रंगीन अल्ट्रासाउंड कराने को कहा, जबकि पीड़िता ने प्रसूता का एक दिन पूर्व ही कराया गया रंगीन अल्ट्रासाउंड भी उसे दिखाया। लेकिन उक्त नर्स ने अल्ट्रासाउंड को गलत बताते हुए सहारनपुर के एक अल्ट्रासाउंड सैंटर का नाम बताते हुए कहा कि यदि उसके द्वारा बताये गये सैंटर से अल्ट्रासाउंड कराओगे तभी डिलीवरी होगी नही तो यहां से भगा दिये जाओगे। जिसके चलते पीडिता को नर्स द्वारा बताये गये सैंटर पर ही अल्ट्रासाउंड कराना पडा। जिसके बाद चिकित्सकों द्वारा अगले दिन प्रसूता की डिलीवरी करा दी गयी।

डिलीवरी के बाद फरमीना ने पीड़िता से तीन हजार रूपये की मांग करते हुए कहा कि यह रुपये डिलीवरी कराने वाले चिकित्सक को डिलीवरी कराने के एवज में देने पड़ेंगे।

# गुर्जर समाज ने विधायक के पक्ष में आयोजित की पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** गांव बरसी में गुर्जर समाज के लोगों ने विधायक के पक्ष में पंचायत का आयोजन किया।

पंचायत में गांव मनहोरा, टिकरोल, लंढौरा, माधोपुर, सालियर, ननौता, कोलाखेड़ी आदि गांव के लोग पहुंचे और कहा की विधायक की छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। मामले का निस्तारण जल्द से जल्द होना चाहिए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष वीर सेन, मनोज राणा, कुशल पाल चौधरी, नवाब चौधरी, महक सिंह, प्रकाश चौधरी, अशोक चौधरी, अमर चौधरी, संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र विपिन व उसकी पत्नि ईशा को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**श्रीमति राजेश पत्नि लौकेश निवासी बिहारीगढ, थाना बिहारीगढ, जिला सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र कुलदीप शर्मा व पुत्रवधू शीतल उर्फ प्राची उर्फ साक्षी को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**सुभाष शर्मा पुत्र जगपाल शर्मा निवासी रणदेई, थाना नकुड जिला सहारनपुर।**

# मौहर्रम व कांवड़ यात्रा को लेकर थानों में बैठक, शांति से त्यौहार मनाने की अपील









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर ने कहा कि सभी शांतिपूर्वक अपने त्यौहार मनाएँ, अफवाह फैलाने और शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाही की जाएगी।

आगामी मोहर्रम व कांवड़ यात्रा को लेकर कोतवाली परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर ने कहा कि आगामी दिनों में मोहर्रम और कावंड़ यात्रा का आयोजन होगा।सभी को नियमों का पालन करना होगा।मोहर्रम के जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकलेंगे कोई नया रूट या नई परम्परा न बनाई जाए।सभी एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। कावंड़ यात्रा के दौरान मीट मांस की सभी दुकानें होटल आदि पूर्ण रूप से बंद रहेंगे।उन्होंने कहा कि कुछ भी संदिग्ध दिखने पर पुलिस को सूचना दी जाए।अफवाहों पर यकीन म करें न अफवाह फैलाएं।न ही सार्वजनिक या सोशल मीडिया पर किसी तरह की विवादित या आपत्तिजनक टिप्पणी करें।यदि कोई व्यक्ति क्षेत्र की शांति व्यवस्था को भंग करने का प्रयास करेगा तो पुलिस उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाही करेगी। अखाड़ा यूनियन के सरपँच आफताब लाला व रविंद्र चौधरी भी अपने विचार रखे।

इस दौरान एसएसआई सुरेश कुमार,सलीम ख्वाजा, नाजिम कुरैशी, विकास सैनी, जाहिद कुरैशी, सत्तार अहमद, तारिक मलिक, फिरोज बहादुर सिद्दीकी, अनवर अली,आफताब मलिक, सचिन रुहेला आदि मौजूद रहे।

**गागलहेड़ी।** काँवड़ मेला व मोहर्रम को लेकर थाना प्रांगण में एक बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमे एएसपी मनोज कुमार यादव और एसडीएम सदर सुबोध कुमार ने काँवड़ मेले मेंवलगने वाले शिविर संचालको को निर्देशित किया और ताजियादारों को शांति से त्यौहार मनाने की अपील की है।

गुरुवार को थाना गागलहेड़ी प्रांगण में अगामी काँवड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया है, गोष्ठी में पहुंचे एएसपी मनोज कुमार यादव और एसडीएम सदर सुबोध कुमार ने थाना क्षेत्र में लगने वाले सभी शिविर संचालको को निर्देशित करते हुए कहाँ कि सभी अपने शिविर में खान पान की गुणवत्ता पर ध्यान दे व शिविर में निगरानी के लिए सीसीटीवी केमरे लगाए और साफ सफाई का विशेष धयान रखे, शिविर में सड़क पर कोई ना सोये और डीजे कम आवाज में बजाय और डीजे पर कोई भी अश्लील गाना ना बजाया जाए।वही मोहर्रम को लेकर भी ताजियादारों से अपील करते हुए कहाँ कि सभी लोग त्यौहार को शांति पूर्वक मनाये और पूर्व की घटनाओ को देखते हुए ताजिये की ऊचाई पर विशेष ध्यान देऔर ताजिये का जुलुस निराधारित रास्ते से ही निकले इस दौरान थाना प्रभारी विनोद कुमार, उपनिरीक्षके प्रवेश शर्मा, काली नदी चौकी प्रभारी लोकेश राणा, उपनिरीक्षक रविकांत, उपनिरीक्षक शिवकुमार, राजेश जोहरी, नवनीत शर्मा, विपिन कुमार, संजय कुमार, जाकिर खान, डाक्टर कासिम, सुलेमान प्रधान, शहजाद प्रधान, इंतजार, राजकुमार, योगेश, राजिक प्रधान मौजूद रहे।

**चिलकाना।** थाना प्रांगण मे आगामी पर्व मोहर्रम एवं कावड़ यात्रा को शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराये जाने को दृष्टिगत रखते हुए शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे वक्ताओं द्वारा आगामी त्यौहारों को मिल जुलकर मनाने की अपील की गई।

बृहस्पतिवार को आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए एसडीएम सदर सुबोध कुमार ने आगामी त्योहारों को आपस में मिलजुल कर शांतिपूर्ण रूप से मनाए जाने की अपील करते हुए कहा कि आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराये जाने में नगर व क्षेत्र के सभी जिम्मेदार लोग पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। सीओ सदर मनोज यादव ने सभी लोगो से आगामी त्यौहारो को सौहार्द पूर्वक रूप से मनाए जाने व किसी भी प्रकार की कोई समस्या होने पर माहौल खराब न करके पुलिस प्रशासन से सम्पर्क करने को कहा।

इस दौरान कार्यवाहक थाना प्रभारी विनोद ढाका, नगर पंचायत ईओ राजीव कुमार, भाजपा मण्डल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, भाजपा नेता जायर हुसैन चाँद मियां, मौलाना गमखार हैदर, जैनुल आबेदीन व मौलाना हसन रजा आदि ने भी अपने विचारो में सभी लोंगो से त्यौहार को शांतिपूर्ण रूप से मनाए जाने व पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

इस अवसर पर थाना एसआई सतीश शर्मा, पीयूष शिवाच, श्याम सिंह, रिंकू कुमार, राकेश सिंह, पूर्व सभासद यूनुस कुरैशी, मौलाना हसन रजा, विनोद प्रधान, सैयद मूसा त्रिमीजी, जाकिर प्रधान, सभासद अमजद अली, करेशन प्रधान, जुनैद गौर, पूर्व सभासद वकील अंसारी, प्रकाश चंद सैनी, कलीराम, ऋषिपाल सैनी, दीपक सैनी, जयपाल सैनी, मरगूब अंसारी, शराफत प्रधान, शमीम हैदर, ओम प्रकाश धीमान, रामपाल, आजम, गुफरान प्रधान, राजकुमार सैनी, जैनुल आबेदीन, शोबी हैदर, रिहान जैदी आदि लोग मौजूद रहे। संचालन पूर्व सभासद भाजपा नेता सुधीर कुमार जैन ने किया।

**छुटमलपुर।** आगामी कांवड़ यात्रा-2025 को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए आज उप-जिलाधिकारी बेहट मनविंदर सिंह ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान फतेहपुर थाना प्रभारी सचिन पूनिया, वरिष्ठ उपनिरीक्षक भूपेंद्र शर्मा और छुटमलपुर कस्बा इंचार्ज सौरभ यादव उनके साथ मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कांवड़ मार्ग की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था, और यातायात प्रबंधन का जायजा लिया। उन्होंने मार्ग पर पड़ने वाले संवेदनशील स्थानों की जांच की और पुलिस अधिकारियों को यात्रा के दौरान भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा, और यातायात सुगमता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विशेष रूप से, मार्ग पर अवरोध, बिजली के तारों की स्थिति, और अन्य संभावित खतरों पर ध्यान दिया गया ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। एसडीएम मनविंदर सिंह ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और कांवड़ियों की सुविधा के लिए सभी जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी सचिन पूनिया ने बताया कि कांवड़ यात्रा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। वरिष्ठ उपनिरीक्षक भूपेंद्र शर्मा और कस्बा इंचार्ज सौरभ यादव ने भी स्थानीय स्तर पर सभी तैयारियां पूरी करने का आश्वा. सन दिया।

एसडीएम ने कांवड़ियों और स्थानीय निवासियों से शांति बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। इस निरीक्षण से कांवड़ यात्रा के लिए व्यापक तैयारियों को बल मिला है, जिससे यात्रा सुचारू और सुरक्षित होने की उम्मीद है।

# कुत्ते से काटने से हुई महताब की मौत, परिजनों का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** हाईवे किनारे चाय की दुकान करने वाले कोहला बस्ती निवासी महताब की मौत हो गई। करीब बीस दिन पूर्व महताब के हाथ पर कुत्ते ने काट लिया था। परिजनों का कहना है कि कुत्ते के काटने के कारण ही महताब की मौत हुई है।

नगर के कोहला बस्ती निवासी खुरशीद के 35 वर्षीय पुत्र महताब मोहल्ले के बाहर ही हाईवे किनारे चाय की दुकान चलाता था करीब 20 दिन पूर्व सुबह के समय महताब के एक कुत्ते ने उस समय काट लिया था जब वह अपनी दुकान के बाहर खड़े होकर कुत्तों को बिस्किट खिला रहा था। घाव ज्यादा गहरा न होने के कारण महताब ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और रैबीज के इंजेक्शन आदि भी नहीं लगवाए। महताब के भाई साबिर के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से उसकी तबीयत खराब रहने लगी थी, वह अजीब हरकतें कर रहा था इतना ही नहीं वह पानी को देखकर भी डर रहा था। जिसके बाद महताब को एक प्राइवेट चिकित्सक को दिखाया गया जिसने इसे रेबीज का असर बताते हुए सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया। बाद में महताब को पिलखनी स्थित मेडिकल कालेज ले जाया गया जहां पर उपचार के दौरान उसने गुरुवार की सुबह दम तोड़ दिया। मृतक महताब की करीब आठ साल पहले शादी हुई थी उसके दो बेटी और एक 3 वर्ष का बेटा भी है। वह घर पर अकेला कमाने वाला था। महताब की मौत से परिजनों पर गम का पहाड़ टूट गया है और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। गुरुवार की देर शाम महताब को सुपुर्द खाक कर दिया गया।


मृतक का फाईल फोटो

### रैबीज एक गंभीर बीमारी है: रियंका

**देवबन्द।** सरकारी अस्पताल की प्रभारी रियंका चौधरी ने कहा कि रैबीज एक गंभीर बीमारी है, यदि कोई व्यक्ति संक्रमित जानवर का शिकार बन जाए तो उसे तुरंत रैबीज के इंजेक्शन लगवाने चाहिए। सीएचसी में रैबीज के इंजेक्शन उपलब्ध हैं।

# मोबाइल वापिस मांगने पर युवक को किया घायल

**देवबन्द।** मोबाइल वापिस मांगने को लेकर हुई मामूली कहासुनी के बाद युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल युवक ने दो युवकों के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी वहीं दूसरें पक्ष के युवक ने भी पुलिस से कार्रवाई किये जाने के लिए कोतवाली में तहरीर दी हैं।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरडी निवासी राजेश परिवार के साथ कोतवाली पहुंचा और उसने गांव के ही दो युवकों पर उसके साथ मारपीट और अभद्रता का आरोप लगाया। राजेश ने बताया कि गांव के युवक रजत ने उसका मोबाइल लिया था। जिसे वह वापिस लेने गया तो वह उसके साथ अभद्रता करने लगा। इतना ही नहीं आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर उस पर लाठी-डंडो से हमला बोल दिया जिसमे उसकी उंगलियां टूट गई। इतना ही नहीं शरीर पर अन्य स्थानों पर चोंटो के निशान है। उधर, रजत ने भी कोतवाली पहुंच राजेश के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए कार्रवाई को तहरीर दी। पुलिस के मुताबिक दोनों पक्षों की तहरीर मिल गई है। जांच उपरांत जो भी आरोपी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



# विवाहिता की मौत के मामले में ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने विवाहिता के पिता की तहरीर के आधार पर पति समेत तीन ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बडगांव थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव निवासी सूरजमल की 28 वर्षीय बेटी मोनिका का विवाह करीब 11 वर्ष पूर्व देवबंद कोतवाली क्षेत्र के गांव अंबोली निवासी जौनी के साथ हुआ था। मोनिका की चार दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। बुधवार की देर शाम मोनिका के स्वजन देवबंद कोतवाली पहुंचे और ससुरालियों पर उनकी बेटी को जहर देकर हत्या कर देने का आरोप लगाया। मृतका के परिवार के लोगों का कहना था कि मोनिका का पति नशे का आदी है। वह अक्सर मोनिका से मारपीट करता था और उसे मायके से पैसे लाने के लिए मजबूर करता था। कुछ दिन पहले पति जौनी ने मो. निका से 20 हजार रुपये मायके से लाने को कहा था। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर चार दिन पूर्व उसे जहर दे दिया गया। जानकारी होने पर भाई संदीप गांव पहुंचा और बहन को गंभीर हालत में नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में उसे मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया गया जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सोनकर ने जानकारी देते हुए बताया कि तहरीर के आधार पर पति जौनी, ससुर बिरम सिंह और सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## बच्चों को समग्र विकास में उनकी भूमिका के प्रति किया जागरुक

**देवबन्द।** दून वैली पब्लिक स्कूल में 'एजुकेटिंग पेरेंट्स अबाउट एजुकेशन' विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें अभिभावकों को वर्तमान शैक्षणिक प्रणाली, मूल्य आधारित शिक्षा, समावेशी शिक्षा एवं बच्चों के समग्र विकास में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया गया। रिसोर्स पर्सन रविंद्र रहेजा ने माता-पिता की भूमिका को विद्यालय के साझेदार के रूप में रेखांकित किया। कार्यशाला में संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया तथा अनुभव और शंकाएं साझा की गयी। अंत में प्रधानाचार्या डा. सीमा शर्मा ने सभी रिर्सास पर्सन का आभार जताया।

# बाइकों की भीड़ंत में छात्र सहित तीन घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बाइको की आमने सामने से हुई भिंड़त में मदरसा छात्र सहित तीन लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंचे राहगीरो की सूचना पर पुलिस ने घायलो को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि दूसरी बाइक सवार दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया।

दारुल उलूम में दौरा-ए-हदीस में पढ़ने वाले छात्र मोहम्मद आकिब बिजनौर से बाइक पर सवार होकर देवबन्द मिलने आए साथी शहजान और शादाब के साथ किसी काम से गुरुवार शाम बरला मार्ग स्थित सांपला रोड पर गया था। इस दौरान उनकी बाइक सामने से आ रहे किसी अन्य बाइक सवार से टकरा गई।

जिससे आकिब, शहजान और शादाब घायल हो गए। जिन्हें राहगिरों की सूचना पर पुलिस ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि दुर्घटना के बाद दूसरी बाइक सवार व्यक्ति वहां से फरार हो गया। घायल बाइक सवार छात्र या उसके साथी ने किसी के खिलाफ कार्रवाई किये जाने के लिए अभी तक पुलिस को तहरीर नहीं दी थी।

# नवनिर्मित राजकीय इंटर कॉलेज में नहीं हैं मूलभूत सुविधाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ग्राम पंचायत थानाभवन देहात के ग्राम प्रधान इसरार अहमद ने डीएम को ज्ञापन देकर ग्राम पटटी मसावी में एमएसडीपी योजना के अन्तर्गत नवनिर्मित राजकीय इण्टर कॉलेज में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

गुरूवार को ग्राम प्रधान इसरार अहमद ने डीएम को ज्ञापन देकर कहा कि ग्राम पट्टी मसावी में बहु क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम द्धएमएसडीपीत्र्न के अन्तर्गत एक राजकीय इण्टर कॉलेज का निर्माण हाल ही में पूर्ण हुआ है। जो ग्रामीण क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ हो सकेगी। परन्तु अत्यन्त खेद का विषय है कि इस कॉलेज में अभी तक मूलभूत सुविधाएे उपलब्ध नहीं हो पाई है।




उन्होने मांग की कि फर्नीचर कक्षाओं व कार्यालयों के लिए डेस्क, बैंच, कुर्सियां व अलमारियां मिले। पंखे सभी कक्षाओं में समुचित संख्या में लगे। पीने योग्य पानी की व्यवस्था की जाए।

नियमित विद्युत आपूर्ति के लिए तत्काल विद्युत कनेक्शन व आवश्यक बिजली फिटिंग की जाए। शिक्षण एवं गैर शिक्षक स्टाफ की नियुक्ति विद्यालय संचालन के लिए की जाए। उन्होंने कहा कि उक्त सभी आवश्यकताएे पूरी किए बिना विद्यालय में शिक्षण कार्य प्रारम्भ किया जाना संभव नहीं है। शिक्षण कार्य प्रारम्भ होने में कुछ ही समय शेष है। उन्होंने डीएम से मांग की कि स्वयं इस विषय को संज्ञान में लेकर कार्यवाही की जाए।

## आरकेएसएम पब्लिक स्कूल में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** आरकेएसएम पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ मनाई गई। शिक्षकों से समय के अनुकूल अपने आपको अपग्रेड करने को कहा गया। तीन दिवसीय टीचर्स वर्कशॉप का शुभारम्भ सरस्वती माता तथा प्रथम आदर्श शिक्षिका सावित्री बाई फूले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

देश में 25 जून 1975 को लगे आपातकाल की प्रमुख घटनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में मुख्य वक्ता धामपुर के वरिष्ठ शिक्षक किशोर कुमार रहे। उन्होंने शिक्षकों से कहा दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है। बदलते परिवेश में हमें अपने आपको अपडेट करना है। अध्यापन कार्य को प्रभावी व रोचक पूर्ण बनाना है। कार्यशाला में प्रधानाचार्य सौरभ राजपूत, उप प्रधानाचार्य श्रीमती स्वाति चौहान ने कक्षा वातावरण सृजन, ब्लैक बोर्ड की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का संचालन कमलजीत सिंह नूर ने किया। विद्यालय प्रबंध तंत्र की ओर की मुख्य अतिथि किशोर कुमार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्होंने आपसी भाईचारा कायम रखना का संदेश दिया। कोई भी धर्म भेदभाव का संदेश नहीं देता है।

# एसडीएम व सीओ ने डीजे संचालकों के साथ में की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** आगामी कांवड़ यात्रा के मद्देनजर एसडीएम व पुलिस क्षेत्राधिकारी ने तहसील मुख्यालय पर डीजे संचालकों के साथ में बैठक करके आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने दस फीट से ऊंचे कांवड़ डीजे व फूहड़ गानों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहने की बात कही है। नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्यवाही के लिए चेताया गया है।

पुलिस-प्रशासन ने आगामी श्रावण माह में शुरू होने जा रही कांवड़ यात्रा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु अपनी तैयारियों को अमली जामा पहनाना शुरू कर दिया है। इसी के मद्देनजर गुरुवार को तहसील मुख्यालय पर स्थित उपजिलाधिकारी कार्यालय पर एसडीएम निधि भारद्वाज व सीओ श्याम सिंह ने डीजे संचालकों के साथ में बैठक आहूत की। एसडीएम ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान शासन के निर्देशों का गम्भीरता से पालन किया जाए।



ताकि कांवड़ यात्रा सुगमता व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो सके। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में कांवड़ डीजे की ऊंचाई दस फीट से अधिक न हों।

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार डीजे वॉल्यूम 70 से 110 डेसिबल के बीच ही रखी जाए। सीओ ने कहा कि कांवड़ यात्रा एक धार्मिक पर्व है। ऐसे में यात्रा के दौरान डीजे पर धार्मिक गाने ही बजाए जाए। जातिगत एवं धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले फूहड़ गीतों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे को मार्ग से हटाकर खड़ा करने को कहा ताकि किसी भी प्रकार की सड़क दुर्घटना की संभावनाओं से बचा जा सके। साथ ही, नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी है। इस अवसर पर तहस. ीलदार अर्जुन चौहान, इंस्पेक्टर संजय राणा आदि मौजूद रहे।

# वन आवरण बढ़ाने को लेकर विधायक अशरफ अली से मिले वन अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** प्रदेश में हरित आवरण को बढाने के लिए मुख्यमंत्री के संकल्प को पूर्ण करने के लिए वन क्षेत्र अधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक से उनके आवास पर मुलाकात कर उनकी विधायक निधि का 1 प्रतिशत धनराशि पेड लगाओ पेड बचाओ र्प्यावरण बचाओ अभियान में देने सम्बन्धी पत्र सौंपा है।

गुरूवार को वन क्षेत्र अधिकारी झिंझाना राजेश कुमार, एसआई सतेंद्र चौहान, सुनील कुमार थानाभवन विधायक अशरफ अली खान के जलालाबाद स्थित किला निवास पहुंचे एवं उनसे मुलाकात कर उत्तर प्रदेश के मख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रदेश के हरित वन आवरण को संरक्षित किए जाने के संकल्प को पूर्ण करने के लिए उनकी विधायक निधि से वृक्षारोपण महा अभियान 2025 के लिए 1 प्रतिशत धनराशि अवमुक्त करने का अनुरोध किया।

इसके लिए विधायक अशरफ अली को इस सहयोग के लिए प्रदेश के वन पर्यावरण जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री डा0 अरूण कुमार द्वारा जारी पत्र भी सौंपा जिसमें उक्त अभियान की सफलता के लिए सभी विधायको से 1 प्रतिशत धराशि दिए जाने की अपेक्षा की गई है।

भेंट के दौरान क्षेत्र की किसी एक सडक पर एक ही प्रजाति के पेड, टी गार्ड लगाकर उस पर अपना नाम अंकित कर उसके संरक्षण का जिम्मा लेने का आग्रह किया गया है।



जिससे लगाए गए पेडो का संरक्षण जिम्मेदारी से हो सके। विधायक अशरफ अली द्वारा वन अधिकारियो को सहयोग का भरोसा दिया गया है।

## राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रवेश हेतु काउंसलिंग 27 जून से प्रारंभ

**शामली।** उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा आयोजित पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित होने के पश्चात अब काउंसलिंग प्रक्रिया/प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। जनपद शामली के राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में काउंसलिंग की प्रक्रिया 27 जून 2025 में आरंभ होगी। जनपद शामली स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक MMIT जसाला एवं राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, शामली में ऑनलाइन काउंसलिंग हेतु व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। दोनों संस्थानों में हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं, जहां अभ्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित एम.एम.आई.टी. जसाला में वर्तमान में निम्नलिखित तीन शाखाएं संचालित हैं: मैकेनिकल, फूड टेक्नोलॉजी तथा पेपर एंड पल्प टेक्नोलॉजी वहीं, राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, शामली में छात्राओं के लिए निम्नलिखित ब्रांचे उपलब्ध हैं: कंप्यूटर साइंस, फैशन डिजाइनिंग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स। एम.एम.आई.टी. जसाला के प्रधानाचार्य नवीन कुमार ने जानक. ारी दी कि काउंसलिंग की प्रक्रिया 27 जून से संस्था में प्रारंभ की जा रही हैं तथा इस हेतु संस्थान में हेल्पलाइन नंबर (9450412891, 9045609031) भी जारी किया गया है।

## जैन मंदिर में सामूहिक णमोकार मंत्र जाप

**धामपुर।** नगर के मोहल्ला गुजरातियान स्थित बड़े जैन मंदिर में हर माह की भांति इस बार भी सामूहिक णमोकार महामंत्र का जाप श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन अनिल जैन एवं नमन जैन परिवार द्वारा किया गया। एक घंटे तक चले इस मंत्र जाप का सानिध्य प्रदीप जैन शास्त्री द्वारा प्रदान किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एक स्वर में महामंत्र का उच्चारण कर सुख-शांति, समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना की। प्रदीप जैन शास्त्री ने अपने प्रवचन में बताया कि णमोकार मंत्र का नियमित जाप मान. सिक शांति, आध्यात्मिक उन्नति और पारिवारिक समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है। यह जैन धर्म का सबसे पावन और शक्ति-संपन्न मंत्र है, जिसे प्रत्येक जैन अनुयायी को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

# भाजपा नेत्री की पंचायत के खिलाफ विधायक समर्थक मुखर

**सहारनपुर।** भाजपा नेत्री द्वारा बुलाई पंचायत के खिलाफ विधायक समर्थक हुए मुखर हो गए हैं। समर्थकों ने कल (आज) होने वाली पंचायत के खिलाफ आर पार की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया है। रामपुर मनिहारन में प्बुलाई बैठक में विधायक किरत सिंह के समर्थन में बडी संख्या में समर्थक जूट गए। सोशल मीडिया पर कई दिनों से विवादित बयानबाजी करते हुए एक महिला भाजपा नेता ने एक मीटिंग करके 27 जून को विधायक के खिलाफ पंचायत करने की घोषणा की है जिसके विरोध में जुटे विधायक समर्थकों ने एकमत से 27 जून को विधायक के खिलाफ आयोजित महापंचायत में आरपार की लडाई लडने और आरोपों का मुंह तोड़ जवाब देने की घोषणा की।



# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने सड़क पर हुआ जलभराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर में एक दिन पूर्व हुई बरसात से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने सड़क पर भारी जलभराव हो गया है। जलभराव अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों व राहगीरों के लिए समस्या का सबब बना हुआ है। मोहल्ला आलकलां निवासी व्यक्ति ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर जलभराव की समस्या का निस्तारण कराए जाने की मांग की है।

विगत बुधवार को नगर एवं क्षेत्र में हुई बरसात ने जहां लोगो को भयंकर गर्मी से राहत दिलाई है, वहीं नगर में कई स्थानों पर हुआ जलभराव भी लोगो के लिए परेशानी का सबब बनकर रह गया है।

कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने स्थित सड़क जलभराव के चलते तालाब बन गई है, जिसके चलते अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों को जलभराव से होकर गुजरना पड़ रहा है। मार्ग पर गंदा पानी एकत्र होने के कारण संक्रमित रोगों का खतरा पनप रहा है।



मरीजों के अलावा मोहल्ला आर्यपुरी व कस्बे के बाजारों में पहु. चने वाले राहगीर भी जलभराव से होकर गुजरने को मजबूर है। अस्पताल के सामने सड़क के दूसरी ओर खाली पड़ी जमीन पर लगे कूड़े-कर्कट के ढेर कोढ़ में खाज का काम कर रहे है। बरसात के दौरान कूड़े-कर्कट के ढेर से गंदगी घुलकर सड़क पर भरे पानी में जाकर इकठा होती है, जिससे बीमारी के बैक्टीरिया तेजी के साथ पैदा हो रहे है। जलभराव का कारण गंदे पानी की निकासी की समूची व्यवस्था न होना बताया जा रहा है। यह समस्या वर्षों पुरानी है, लेकिन जिम्मेदार लोग इस ओर से आंखे मूंदे हुए है। कस्बे के मोहल्ला आलकलां निवासी राहुल सहरावत ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती-पत्र भेजकर समस्या का निराकरण कराए जाने की मांग की है।

## फार्मासिस्ट ने मुख्य चिकित्साधिकारी को भेजा शिकायती पत्र

**देवबन्द।** अस्पताल में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की कार्यशैली से नाराज फार्मासिस्ट ने मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र भेजकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। आरोप है कि अस्पताल के अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से भी यह कर्मचारी अभद्र व्यवहार करता है। सरकारी अस्पताल के फार्मासिस्ट नरेश कुमार ने अस्पताल के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पर अभ्रदता करने एवं रौब गालिब करने का आरोप लगाते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी और चिकित्सा अधीक्षक से शिकायत की है।

नरेश का आरोप है कि आरोपी कर्मचारी अभद्र भाषा का प्रयोग करता है। इतना ही नहीं स्वास्थ्य कर्मियों पर रौब गालिब करता है और विरोध करने पर धमकी देता है। फार्मासिस्ट ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डा. रियंका चौधरी ने बताया कि उन्हें शिकायती पत्र मिला है। आरोपी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से उसका पक्ष जानने के बाद तथ्यों के आधार पर कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को लिखा जाएगा।

# बहन ने ही बिगाड़ दिया बहन का घर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र में एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है जहां एक बहन ने ही दूसरी बहन का घर खराब कर दिया है, जिसके चलते 9 साल बाद महिला के पति ने महिला को घर के बाहर का रास्ता दिखा दिया है। उधर पति की निकाली महिला जब अपने घर पहुंची और आपबीती और अपनी बहन की करतूत परिजनों को बताई तो सदमे में पीड़िता के पिता भी चल बसे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थानां क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने हीमपुर दीपा थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसका निकाह 9 वर्ष पूर्व गांव के ही एक युवक से संपन्न हुआ था, जिसमें महिला ने उसके परिजनों द्वारा 5 लाख रुपये दिए जाने की बात भी कही। पीड़िता ने बताया कि उसके शौहर से उसे तीन बच्चे भी है। पीड़िता ने बताया कि अब उसका पति उसके साथ आय दिन मारपीट करता है। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति ने अब 9 साल बाद उसे घर से बाहर निकाल दिया और उसकी छोटी बहन उसके साथ रह रही है। पीड़िता ने बताया कि उसका पति और पीड़िता की बहन ने मारपीट कर उसे घर से बेघर कर दिया है।

## रेडीनेस मेले का किया आयोजन

**देवबन्द।** रेडीनेस मेले का आयोजन किया, बच्चों को स्कूल जाने के लिए मान्सिक व शारिरिक रूप से तैयार करना हैं। प्राथमिक विद्यालय बढ़ेड़ी खुर्द में आईसीडीएस एवं आईटीसी के तत्वावधान में हुआ। सीडीपीओ सुरेखा ने बताया कि रेडीनेस मेले का उद्देश्य बच्चों को खेल में शिक्षा प्रदान करना व स्कूल जाने के मानसिक, शारीरिक, सामाजिक व भावनात्मक रूप से तैयार करना है। प्रिंस मालियान, प्रधान लाल सिंह, मुकेश, अजमेर सिंह, सुनीता, सरिता, बबीता, बरखा, रूकमेश, दीपा मौजूद रहे।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मौहम्मद तालिब से दुखी होकर अपनी कुल चल व अचल संपित्त से बेदखल कर उससे अपने सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं भविष्य में मैं मेरी पत्नी व मेरा परिवार मौहम्मद तालिब के किसी भी कृत्य व लेनदेन का जिम्मेदार नहीं होगा।

वारिस पुत्र मौहम्मद मियां
निवासी ग्राम अम्बेहटा मोहन
थाना बड़गांव जिला सहारनपुर

खेल विशेष

## तेलंगाना में मुक्केबाजी टूर्नामेंट में लवलीना, निखत करेंगी शिरकत

**तेलंगाना, वार्ता।** दो बार की विश्व चैंपियन निखत ज़रीन, ओलंपिक गेम्स टोक्यो 2020 की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो, 27 जून से एक जुलाई तक तेलंगाना के सरूरनगर इंडोर स्टेडियम में खेले जाने वाले एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली शीर्ष भारतीय महिला मुक्केबाजों में शामिल होंगी। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ और तेलंगाना खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में तेलंगाना मुक्केबाजी महासंघ द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में 15 इकाइयों की मुक्केबाज़ भाग लेंगी, जिसमें आठवीं एलीट महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शीर्ष 12 टीमें रेलवे, हरियाणा, अखिल भारतीय पुलिस, सेवाएं, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और सिक्किम शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा मौन, ओलंपियन प्रीति, विश्व युवा चैंपियन अरुंधति चौधरी और 100 से अधिक अन्य शीर्ष दावेदार शामिल हैं। मुक्केबाज दस भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रत्येक में स्वर्ण और रजत पदक विजेता को पटियाला में विशिष्ट राष्ट्रीय शिविर में शामिल होने का अवसर मिलेगा। सभी टीमें अधिकतम 10 मुक्केबाजों को मैदान में उतार सकती हैं, बशर्ते उनका जन्म 1 जनवरी 1985 और 31 दिसंबर 2006 के बीच हुआ हो। चैंपियनशिप विश्व मुक्केबाजी तकनीकी और प्रतियोगिता नियमों के अनुसार आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक मुकाबले में तीन मिनट के तीन राउंड होंगे, जिनके बीच में एक मिनट का आराम होगा। दस-अंक-अनिवार्य स्कोरिंग प्रणाली का पालन किया।

# BCCI-ECB सऊदी टी-20 लीग के विरोध में

**● नहीं देंगे खिलाड़ियों को एनओसी, सऊदी की एसआरजे स्पोर्ट्स कन्वेस्टमेंट्स 4400 करोड़ का निवेश करेंगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) सऊदी अरब की ओर से शुरू किए जाने वाले वर्ल्ड टी-20 लीग का विरोध करेंगे। वहीं, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इस लीग के पक्ष में है और अपने यहां मैच कराने के लिए भी सहमत है।

द गार्जिन की रिपोर्ट के मुताबिक, लॉर्ड्स में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान ईसीबी और बीसीसीआई ने इस नई लीग का विरोध करने का फैसला किया। दोनों बोर्ड अपने खिलाड़ियों को इस लीग में खेलने के लिए 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' (एनओसी) नहीं देंगे और इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) से भी इसे मंजूरी न देने की अपील करेंगे। ईसीबी ने आईपीएल प्लेऑफ में अपने खिलाड़ियों को खेलने की नहीं दी थी अनुमति ईसीबी के साथ बीसीसीआई का गठबंधन इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत-पाक के बीच तनाव के कारण आईपीएल के शेड्यूल में बदलाव किया गया था। आईपीएल के प्लेऑफ के मैच के दौरान ही वेस्टइंडीज-इंग्लैंड की वनडे सीरीज के भी मुकाबले थे। इसकी वजह से ईसीबी ने जोस बटलर, जैकब बेथेल और विल जैक्स को आईपीएल में खेलने की अनुमति नहीं दी गई थी।

जिसके बाद बीसीसीआई के साथ संबंध खराब होने की चर्चा हो रही थी। ईसीबी ने जोस बटलर सहित कई खिलाड़ियों को आईपीएल के प्ले ऑफ में खेलने की अनुमति नहीं दी थी। सऊदी की एसआरजे स्पोर्ट्स इन्वेस्टमेंट्स इस लीग में 4400 करोड़ रुपए निवेश करेगा सऊदी की एसआरजे स्पोर्ट्स इन्वेस्टमेंट्स ने इस नई लीग के लिए 400 मिलियन यूके पाउंड (लगभग 4400 करोड़ रुपए) निवेश करने की योजना बनाई है, जिसमें आठ टीमें हर साल चार अलग-अलग जगहों पर टूर्नामेंट खेलेंगी, जैसे टेनिस के ग्रैंड स्लैम खेला जाता है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इस नई लीग के पक्ष में है। वह चार में से एक टूर्नामेंट अपने यहां कराने के लिए भी राजी है। क्योंकि उनकी बिग बैश लीग में अभी तक बड़ा निजी निवेश नहीं हुआ है। दूसरी ओर, ईसीबी ने अपनी द हंड्रेड लीग की 49प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 520 मिलियन यूके पाउंड (लगभग 5700 करोड़ रुपए) कमाए हैं, और क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने एसए 20 लीग की फ्रेंचाइजी बेचकर ने सिर्फ100 मिलियन (5000 करोड़) से ज्यादा जुटाए हैं। भारत-इंग्लैंड के बिना लीग का महत्व कम हो सकता है भारतीय और इंग्लिश खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी से इस नई लीग का महत्व कम हो सकता है। वहीं, वर्ल्ड कैलेंडर पहले ही 20 से ज्यादा टी-20 और 10 ओवर की लीग से भरा है। रॉयल चौंलेजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 का खिताब अपने नाम किया। आईसीसी से इस लीग पर अभी आधिकारिक बयान नहीं आए आईसीसी ने अभी इस लीग पर कोई औपचारिक फैसला नहीं किया है। वहीं उसके बीसीसीआई के खिलाफ जाने की संभावना भी कम है। आईसीसी के नए चेयरमैन शाह पहले बीसीसीआई के सचिव रह चुके हैं।

# भारत ने इंग्लैंड को दो विकेट से हराया

**● भारत की मिश्रित दिव्यांग टीम ने सीरीज के तीसरे मुकाबले में रोमांचक जीत दर्ज की**

**लंदन, वार्ता।** भारत की मिश्रित दिव्यांग टीम ने ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मिश्रित दिव्यांग विटालिटी टी-20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में इंग्लैंड को आखिरी ओवर में दो विकेट से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की।

यह अवसर इसलिए भी ऐतिहासिक रहा क्योंकि पहली बार कोई भारतीय दिव्यांग टीम इस मैदान पर खेल रही थी।तारीख, मैदान और नतीजा तीनों ने 1983 की यादें ताजा कर दीं, जब कपिल देव की कप्तानी में भारत ने 25 जून को लॉर्ड्स में ही विश्व कप जीता था। जीत के बाद भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) के महासचिव रवि चौहान ने कहा कि हम अपनी टीम की इस ऐतिहासिक जीत को कपिल देव सर की 1983 की विश्व कप विजेता टीम को समर्पित करते हैं। मुकाबले के दौरान दोनों टीमों ने भारत के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर दिलीप दोषी के सोमवार को लंदन में निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए काली पट्टियां बाँधी थीं।

इसके अलावा इस दिन यहां 25 जून को ही विश्व मिश्रित दिव्यांग दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। लॉर्ड्स में यह मुकाबला क्रिकेट डिसएबिलिटी डे का हिस्सा था।

# हर्षित को टीम से रिलीज किया गया

**बर्मिंघम नहीं गए, पहले टेस्ट के लिए टीम में शामिल किए गए थे हर्षित राणा**



**लंदन, वार्ता।** भारत के तेज गेंदबाज हर्षित राणा को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट से पहले टीम से रिलीज कर दिया गया है। युवा गेंदबाज को पहले टेस्ट में कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, राणा टीम के साथ लीड्स से बर्मिंघम नहीं गए हैं। टीम इंडिया लीड्स से बर्मिंघम रवाना भारतीय टीम लीड्स से बर्मिंघम के लिए रवाना हो गई। टीम अगले दो दिन आराम करेगी और फिर दूसरा टेस्ट शुरू होने से पहले ट्रेनिंग शुरू करेगी। दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से खेला जाना है। भारतीय टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से पीछे है। कोच ने राणा को टीम से रिलीज के दिए थे संकेत कोच गौतम गंभीर ने राणा के बारे में कहा, श्मैंने अभी चीफ सिलेक्टर से बात नहीं की है, लेकिन कुछ खिलाड़ियों को छोटी-मोटी चोट की आशंका थी। इसलिए हमने उन्हें बैकअप के तौर पर रखा था।

लेकिन अब सब ठीक लग रहा है, तो अगर सब फिट हैं, तो उन्हें वापस जाना होगा। भारत हेडिंग्ले टेस्ट में पांच बल्लेबाजों के शतक लगाने के बाद भी टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा।

यह टेस्ट इतिहास में पहली बार हुआ कि किसी टीम ने पांच शतक लगाने के बावजूद मैच गंवाया। यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल और ऋषभ पंत (दो बार) ने शतक बनाए, लेकिन इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 371 रनों का लक्ष्य हासिल कर पांच विकेट से जीत दर्ज की। बेन डकेट ने दूसरी इनिंग में 149 रनों की पारी खेली। दोनों टीमों के बीच कुल 1673 रन बने, जो भारत-इंग्लैंड टेस्ट में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट 2 जुलाई को एजबेस्टन में खेला जाएगा।

## पाकिस्तान के खिलाफ तीन टी-20 की मेजबानी करेगा बांग्लादेश

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश 20 जुलाई से मीरपुर में तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए पाकिस्तान की मेजबानी करेगा। इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान में इतने ही टी-20 मैच खेलने वाले दोनों देश एक बार फिर सबसे छोटे प्रारूप में एक दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। पाकिस्तान में सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद बांग्लादेश आगामी मुकाबले में जीत की राह पर लौटना चाहेगा। जुलाई में होने वाले सभी तीन मैच मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह सीरीज दोनों टीमों के लिए उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों में तैयारी का काम करेगी, क्योंकि अगले साल आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप होना है। बांग्लादेश इस समय श्रीलंका के दौरे पर है जहां वह दो टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी-20 मैच खेलने गयी है। गॉल में टेस्ट सीरीज़ का पहला मैच ड्रा समाप्त हुआ था।



# सर्जरी के बाद सूर्या की सेहत में सुधार

**म्यूनिख, वार्ता।** भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव जर्मनी में हर्निया की सर्जरी के बाद स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं और उनकी सेहत में अपेक्षित सुधार है। सूर्यकुमार ने सोशल मीडिया पर खुलासा किया कि उन्होंने यहां सर्जरी करवाई है और वह पहले की तरह ही मैदान पर वापसी के लिए उत्सुक हैं। उन्होने लिखा कि पेट के निचले हिस्से में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी करवाई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सर्जरी के बाद मैं स्वास्थ्य लाभ ले रहा हूं। वापसी का बेसब्री से इंतजार है। भारत के इस विस्फोटक बल्लेबाज ने भारत के लिए आखिरी बार फरवरी की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में खेला था। इसके अलावा 34 वर्षीय खिलाड़ी हाल ही में हुए इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। इस लीग में उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 16 पारियों में 717 रन बनाए थे और इस इवेंट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। भारत ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला शुरू की है।

# विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन के साथ 9 साल के आरित ने ड्रॉ खेला

**अर्ली टाइटल्ड टयूसडे टूर्नामेंट में किया कारनामा, भारत के वी.प्रणव बने चैंपियन**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के 19 साल के गुकेश के बाद अब 9 साल के आरित कपिल ने वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन के साथ ड्रॉ खेला है। दिल्ली के आरित ने कार्लसन को ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट 'अर्ली टाइटल्ड टयूसडे' में ड्रॉ पर रोक दिया।



आरित ने पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन कार्लसन के हर मूव का शानदार जवाब दिया और उन्हें पूरी तरह हार की स्थिति में पहुंचा दिया था। हालांकि, मैच के आखिरी पलों में आरित के पास समय बहुत कम बचा था। सिर्फ कुछ सेकंड बचे होने के कारण वह अपनी बढ़त को जीत में नहीं बदल सके और मुकाबला ड्रॉ हो गया। गुकेश से हारने के बाद कार्लसन ने चेस बोर्ड पर गुस्सा उतारा था हाल ही में डी गुकेश का सामना करते हुए जब मैग्नस कार्लसन को हार मिली थी, तो उन्होंने अपनी झल्लाहट को खेल की मेज पर दिखाया था। हाथ पटककर उन्होंने सारे मोहरे गिरा दिए और चेस रूम से बाहर चले गए। वहीं, आर प्रागन. नंदा 16 वर्ष की उम्र में कार्लसन का हरा चुके हैं। कार्लसन के खिलाफ ड्रॉ, एक बड़ी उपलब्धि कार्लसन को शतरंज इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में गिना जाता है। वे 2013 से 2023 तक वह वर्ल्ड चैंपियन रहे हैं। उन्होंने क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज तीनों फॉर्मेट में वर्ल्ड खिताब जीते हैं। नॉर्वे के इस दिग्गज खिलाड़ी को मात देना या उनके खिलाफ ड्रॉ निकालना किसी भी युवा खिलाड़ी के लिए बड़ी उपलब्धि होती है।

## अब शिक्षा के मैदान पर नई पारी की शुरुआत करेंगे रिंकू

**लखनऊ, वार्ता।** टीम इंडिया के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह जल्द ही शिक्षा के क्षेत्र में अपनी नयी पारी की शुरुआत कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नीति के तहत खेल विभाग ने रिंकू की बीएसए के पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव शासन को भेजा है जिसे जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद जतायी जा रही है। यूं तो रिंकू ने नौवीं कक्षा तक पढाई की है मगर उन्हे पद के लिए न्यूनतम योग्यता पूरी करने के लिए पर्याप्त समय दिया जा सकता है। इस संबंध में बेसिक शिक्षा निद. `शालय ने पत्र जारी कर रिंकू से शैक्षणिक दस्तावेज और अन्य औप चारिकताएं पूरी करने को कहा है। आईपीएल में दो साल पहले अपनी धुआंधार पारी के बाद चर्चा में आये अलीगढ़ के 28 वर्षीय रिंकू ने 2023 में आयरलैंड के खिलाफ टी20 मैच में भारत के लिए पदार्पण किया था।

# दूसरे टेस्ट से पहले आर्चर घरेलू मैच खेलें तो बेहतर: वॉन

**आर्चर काउंटी मैच में फिट रहे तो दूसरे टेस्ट में उन्हें खिलाया जाएगा**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने तेज गें. दबाज जोफ्रा आर्चर को भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट खेलने से पहले लाल गेंद से एक और घरेलू मैच खेलने की सलाह दी है। तेज गेंदबाज आर्चर भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।

आर्चर रविवार से काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स टीम से खेलेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, आर्चर काउंटी मैच में फिट रहे तो दूसरे टेस्ट में उन्हें खिलाया जा सकता है। दूसरा टेस्ट दो जुलाई से एजबेस्टन में खेला जाएगा। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने भी भारत-इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले बयान दिया था कि 30 साल के आर्चर फिर से टेस्ट जर्सी पहनने के लिए बेताब हैं। आर्चर चार साल से टेस्ट टीम से बाहर हैं। आर्चर ने इस सप्ताह की शुरुआत में चार साल से अधिक समय के बाद लाल बॉल से अपना पहला मैच खेला। वह चेस्टर-ले-स्ट्रीट में डरहम के खिलाफ चार दिवसीय मैच में ससेक्स के लिए उतरे और अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की झलक दिखाई। आर्चर ने 31 रन बनाए और 18 ओवरों में 32 रन देकर एक विकेट हासिल किया था। राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने आर्चर के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी को टेस्ट क्रिकेट में वापसी का रास्ता माना था, लेकिन वॉन को भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इस बेहतरीन दाएं हाथ के गें. दबाज को जल्दबाजी में शामिल करने का कोई कारण नहीं दिखता। इंग्लैंड पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाए हुए है। वॉन का मानना है कि आर्चर को रविवार से वार. विकशायर के खिलाफ ससेक्स के लिए एक और चार दिवसीय मैच खेलना चाहिए और देखना चाहिए कि वह अपनी चोट से कितने उबर गये है, उसके बाद ही उन्हें टेस्ट टीम में शामिल किया जाना चाहिए। वॉन ने बीबीसी से कहा कि अच्छी बात यह है कि जोफ्रा की वापसी हो रही है, लेकिन मैं उसे एक और चार दिवसीय मैच खेलते देखना चाहूंगा। वह चार साल से लंबे प्रारूप में नहीं खेले हैं, तो डरहम के खिलाफ ससेक्स के लिए एक मैच के बाद आप उसे वापस क्यों बुलाएंगे। उन्होने कहा कि हम जानते हैं कि टेस्ट मैच के स्तर पर काउंटी क्रिकेट से बहुत अलग होता है। उसे एक और चार दिवसीय मैच खेलने दें। मैं उसी लाइन-अप के साथ जाऊंगा, जब तक कि गेंदबाज ठीक हैं और कोई परेशानी नहीं है तभी उसे खिलाना चाहिये। इंग्लैंड और भारत के बीच दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में शुरू होगा।

## विंडीज ने दबदबा बनाया मगर ऑस्ट्रेलिया ने की वापसी

**बारबाडोस, वार्ता।** जेडन सील्स और शमर जोसेफ की घातक गेंदबाजी की मदद से वेस्टइंडीज ने पहले टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को 180 रन पर समेट दिया। 1995 के बाद से कैरेबियाई क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया का सबसे कम पहली पारी का स्कोर है। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला ऑस्ट्रेलिया के लिए कठिन जान पड़ा जब उसके तीन अहम बल्लेबाज मात्र 22 रन पर पवेलियन लौट गये। हालांकि उस्मान ख्वाजा (56) और ट्रैविस हेड (59) ने 89 रनों की साझेदारी करके पारी को कुछ हद तक संभाला।

# जूनियर हॉकी : भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया

**अजीत यादव 52वें मिनट पर चौथे क्वार्टर में गोल करके जीत सुनिश्चित की**

**बर्लिन, वार्ता।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने यहां चल रहे चार देशों के टूर्नामेंट में तीसरे स्थान के लिए ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया। रोहित ने 45वें मिनट में भारत के लिए बराबरी का गोल किया, जबकि अजीत यादव ने 52वें मिनट पर चौथे क्वार्टर में गोल करके जीत सुनिश्चित की।

इससे पहले, कप्तान टोबी मैलन ने बुधवार को दूसरे हाफ में ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिलाई थी। पहले हाफ में दोनों टों ने एक दूसरे पर हमले किए लेकिन शुरुआती दो क्वार्टर में कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो पाई। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरकार तीसरे क्वार्टर में गोल किया, जब टोबी मैलन ने 40वें मिनट में फील्ड गोल करके टीम को 1-0 से आगे कर दिया। भारत ने तेजी से जवाब दिया और पांच मिनट बाद ही बराबरी का गोल कर दिया। रोहित ने पेनल्टी कॉर्नर के बाद गोल करके बराबरी हासिल की। भारत ने अपनी लय को बनाए रखते हुए अंतिम क्वार्टर में जीत हासिल की। 52वें मिनट में अजीत यादव ने ओपन प्ले में गोल करके भारत को बढ़त दिलाई और जीत सुनिश्चित की। इस जीत के साथ ही चार देशों के टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त हो गया। पूल चरण में भारत ने मेजबान जर्मनी से 1-7 से हार के साथ शुरुआत की, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3-1 की जोरदार जीत के साथ वापसी की और फिर स्पेन के खिलाफ 1-5 से हार का सामना किया।

# पाक क्रिकेटर अब्बास ने ईशान के साथ फोटो शेयर की

**दोनों काउंटी चैंपियनशिप में नॉटिंघमशायर के लिए खेल रहे, ईशान ने 87 रन बनाए**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास ने भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन के साथ दो फोटो शेयर की है। दोनों खिलाड़ी फिलहाल काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन वन में नॉटिंघमशायर की ओर से खेल रहे हैं। नॉटिंघमशायर और यॉर्कशायर के बीच खेला गया मैच ड्रॉ रहा। इस मैच में ईशान किशन ने 87 रनों की पारी खेली। वहीं, उन्होंने अब्बास की गेंद पर यॉर्कशायर के ओपनर एडम लिथ का कैच पकड़ा। लिथ बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। ईशान किशन ने मोहम्मद अब्बास की गेंद पर यॉर्कशायर के ओपनर एडम लिथ का कैच पकड़ा। ईशान का नॉटिंघमशायर के साथ दो मैचों के लिए अनुबंध ईशान किशन नॉटिंघमशायर के साथ इस सीजन के दो काउंटी चैंपियनशिप मैचों के लिए एक अनुबंध किया है। किशन ने साउथ अफीका के खिलाड़ी काइल वेरिन का स्थान लिया है, जो इस महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए नेशनल डड्यूटी पर हैं। किशन ने कहा कि इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेलने का मेरा पहला अनुभव बहुत रोमांचक है और मुझे अपनी प्रतिभा को दिखाने का शानदार मौका मिला है। मैं बेस्ट क्रिकेटर बनना चाहता हूं।श ईशान की इस साल सेंट्रल क्रॉन्ट्रेक्ट में वापसी हुई ईशान की इस साल 2024-2025 के सेंट्रल क्रॉन्ट्रेक्ट में वापसी हुई। उन्हें ग्रेड सी में रखा गया है। इस ग्रेड के खिलाड़ियों को 1 करोड़ रुपए मिलते हैं। पिछले साल ईशान को बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट 2023-24 से बाहर किया गया था। ईशान मानसिक थकान की बात कहकर साउथ अफीकी दौरे के बाद से टीम में शामिल नहीं हुए थे। उसके बाद वह घरेलू क्रिकेट में भी उपलब्ध नहीं रहे थे। ईशान ने 2023 में हुए रणजी मैच में झारखंड टीम से नहीं खेला था, वहीं अगले सीजन में भी वह अपने टीम के साथ खेलते नहीं दिखे।




# हार्दिक पांडया संग रिश्ते पर ईशा गुप्ता ने तोड़ी चुप्पी

**कहा: सिर्फ कुछ समय तक बातचीत हुई, हम दोनों एक दूसरे के लिए नहीं बने थे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एक्ट्रेस ईशा गुप्ता ने क्रिकेटर हार्दिक पांडडा के साथ रिश्ते को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि दोनों कुछ समय के लिए एक-दूसरे से बातचीत कर रहे थे, लेकिन वह रिश्ता कभी डेटिंग तक नहीं पहुंचा।

ईशा ने सिद्धार्थ कन्नन को दिए एक इंटरव्यू में कहा, ष्हां, कुछ समय तक हमारी बातचीत हुई थी। मैं इसे डेटिंग नहीं कहूंगी, लेकिन हम कुछ महीनों तक बात कर रहे थे। हम उस स्टेज पर थे जहां लगता था शायद कुछ हो जाए, शायद नहीं। ये बातचीत डेटिंग स्टेज तक पहु. चने से पहले ही खत्म हो गई। हम एक या दो बार ही मिले थे।ष जब ईशा से पूछा गया कि क्या उनके बीच कपल बनने की संभावना थी, तो उन्होंने कहा, ष्शायद हो सकता था, लेकिन लगता है कि ऐसा होना नहीं था। उस समय हार्दिक पहले से ही टीवी पर कुछ बयान देकर विवादों में थे और तब तक हमारी बातचीत भी बंद हो चुकी थी।ष ईशा गुप्ता ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत फिल्म श्जन्नतश 2 से की थी।

ईशा ने 'कॉफी विद करण' के उस एपिसोड का भी जिक्र किया जिसमें हार्दिक पांडडा और केएल राहुल साथ आए थे। इस एपिसोड में हार्दिक के बयानों पर विवाद हुआ था। उन्होंने कहा कि मैं उस समय तक खुद को काफी मजबूत बना चुकी थी।

# 56 करोड़ रुपये की परियोजनाएं की स्वीकृत

## 15 वें वित्त आयोग व अवस्थापना निधि बैठक में जनमंच जीर्णोद्धार व प्रेस क्लब को एक-एक करोड़ की मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में नगर निगम में हुई 15वें वित्त आयोग एवं अवस्थापना विकास निधि की बैठक में जनमंच के जीर्णोद्धार तथा जनमंच के समीप प्रेस क्लब व मीडिया हाल के निर्माण सहित 56 करोड़ 33 लाख की अनेक परियोजनाओं को हरी झंडी दी गयी। मुख्य अभियंता निर्माण ने परियोजनों के सम्बंध में महापौर व जिलाधिकारी को विस्तार से जानकारी दी गयी।

नगर निगम के शाकुंभरी हाल में महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग एवं अवस्थापना विकास निधि की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी मनीष बंसल, नगरायुक्त शिपू गिरि, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार व सहायक लेखाधिकारी राजीव कुशवाह के अलावा निगम व एसडीए के अधिकारी शामिल रहे।

बैठक के बाद महापौर डॉ. अजय कुमार ने बताया कि पंद्रहवें वित्त के तहत 47 करोड़ 51 लाख तथा अवस्थापना निधि के तहत 08 करोड़ 82 लाख 54 हजार की अनेक परियोजनाएं स्वीकृत की गयी हैं।



15वें वित्त के तहत जनमंच जीर्णोद्धार के लिए एक करोड़ रुपये तथा जनमंच के बराबर में ही पहली बार प्रेस क्लब एवं मीडिया हाल के लिए एक करोड़ रुपया स्वीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा नगर निगम अपनी आय बढ़ाने के लिए नगर निगम द्वारा निगम परिसर में एक तथा दिल्ली रोड पर दो कमर्शियल भवन बनाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि करीब 04 करोड़ 57 लाख की लागत से शहर की 14 सड़कों के निर्माण तथा चिलकाना रोड व हुसैन बस्ती में दो नालों के निर्माण के लिए एक करोड़ 12 लाख रुपये स्वीकृत किये गए है।

उन्होंने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए मल्हीपुर रोड स्थित एसटीपी प्लांट एवं मातागढ़ स्थित जल कम्पाउण्ड परिसर में स्टेटिक ट्रांसफार्मर स्टेशन बनाये जायेंगे। जिनमें काम्पेक्टर मशीन,कन्टेनर एवं हूक लिफ्ट सिस्टम आदि स्थापित किये जायेंगे। इसके अलावा अवस्थापना निधि से फायर स्टेशन के पीछे नगरायुक्त के आवास तथा गांधी पार्क के पास पुराने भवन के स्थान पर अपर नगरायुक्तों के दो आवासों तथा महाप्रबंधक जल व मुख्य अभियंता निर्माण के आवासों को भी स्वीकृति दी गयी।

# विधायक आशु मलिक ने उठाए चीनी उद्योग व गन्ना विभाग से जुड़े मुद्दे



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी से देहात विधायक आशु मलिक ने उत्तर प्रदेश विधानसभा याचिका समिति की बैठक में चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाया।

इस महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेते हुए विधायक आशु मलिक ने अपनी विधानसभा क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। विशेष रूप से गागालहेडी स्थित दया शुगर मिल के किसानों का 21 करोड़ 70 लाख रुपये का गन्ना भुगतान बकाया होने के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, क्षेत्र की कई प्रमुख सड़कों की जर्जर स्थिति और मूलभूत ढांचे की समस्याओं से भी विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया।

इन सभी बिंदुओं को याचिका समिति के सभापति के माध्यम से विभाग के प्रमुख सचिव को मौखिक और लिखित रूप से पत्र के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

प्रमुख सचिव ने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। विधायक आशु मलिक ने कहा कि हमारा लक्ष्य स्पष्ट जनता की समस्याएं सदन तक पहुँचें और उनका शीघ्र समाधान हो।

# सपा ने मनाई साहूजी महाराज की जयंती



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर राजर्षि साहूजी महाराज की जयंती मनाते हुए नमन किया गया।

गुरुवार को अम्बाला रोड स्थित कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चौ अब्दुल वाहिद ने साहूजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की राजर्षि साहूजी महाराज कोल्हापुर रियासत के शासक थे। उन्होंने सदैव दबे कुचले व निर्धनों की सेवा करते हुए अनेकों कार्य किये। जिलाध्यक्ष ने बताया की उन्होंने शिक्षा व सामाजिक न्याय तथा समानता मे सुधार को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करते हुए इस दिशा मे कड़ा संघर्ष किया। चौ अब्दुल वाहिद ने कहा अपने शासनकाल के मध्य उन्होंने सभी असाधारण कार्य करके अपने आपको स्थापित किया आज जों दबे कुचले व निर्धनों के लिए शिक्षा व सेवा मे आरक्षण की व्यवस्था हे ये भी सर्वप्रथम उन्होंने ही वंचित समाज को मुख्यधारा मे जोड़ने के लिए शुरू की थी। इसीलिए आज के दिन समूचे देश मे राजर्षि साहूजी महाराज की जयंती बड़ी धूम धाम से मनाई जाती है।

कार्यक्रम मे काशिफ अलवी, अब्दुल गफूर,हसीन कुरैशी, नदीम कुरैशी, विशाल यादव, महेंद्र पाल राकेश, चौ राजकुमार गाठेड़ा, नावेद पंडोली, सतीश कुमार, जमील सावरी, अहसान चिलकाना, इम्तियाज खान, अच्छन यादव, शाहिद मंसूरी, शाहजमा एडवोकेट, नदीम अंसारी, जिंदा हसन, वेद पाल पटनी मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

# डीआईजी व एसएसपी का जुलूस मार्ग पर निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** आगामी त्यौहार मोहर्रम एंव कॉवड़ यात्रा के दृष्टिगत जनपद में कानून व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु मोहर्रम माह में निकलने वाले जुलूस मार्ग पर आज डीआईजी व एसएसपी ने पैदल मार्च किया और जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिये।

पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह व एसएसपी रोहित सजवाण पुलिस फोर्स के साथ नगर के चौकी सराय पहुंचे। जहां से वह पैदल मार्च करते हुए जामा मस्जिद पहुंचे। जिसके बाद बड़ी इमाम बारगाह से होते हुए बेहट रोड स्थित करबला तक के मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने पैदल मार्च के दौरान मौजूद जामा मस्जिद प्रबंधक मौलाना फरीद मजाहिरी से भी जुलूस को लेकर जानकारी ली। इस दौरान एसपी सिटी व्योम बिंदल, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रथम अशोक कुमार सिसौदिया, प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली सुनील नागर, चौकी प्रभारी सराय नरेश सिंह, समाजसेवी आरिफ खान, बड़ा इमामबाड़ा प्रबंधक डॉ अथर अब्बास, छोटा इमामबाड़ा प्रबंधक दानिश आब्दी, करबला प्रबंधक तालिब जैदी, एसपीओ अशोक मलिक, ट्रैफिक चीफ वार्डन डा योगेन्द्र दुधेरा, समीर अंसारी, किशनपुरा बिजलीघर के जेई प्रवीण कुमार, किशनपुरा बिजलीघर व पुल खुमरान बिजलीघर का समस्त स्टाफ, मोहम्मद सरफराज, नागरिक सुरक्षा कोर से डाक्टर हंसराज सैनी आदि मौजूद रहे।



# किसानों को बिजली नहीं तो होगा जनांदोलन: आशु

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी से देहात विधायक आशु मलिक ने कहा कि जिले के किसानों को यदि विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से न मिली तो एक बड़ा जनांदोलन होगा।

आशु मलिक ने कहा कि जिले के किसानों को बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं मिल रही है। जिसके कारण किसान परेशान है। इस संबंध में विद्युत चीफ से भी बात की गई थी तो उन्होंने आश्वासत किया था, लेकिन आज भी हालात में कोई सुधार नहीं आया है और किसान आज भी परेशान है।

CMYK

# 3 चुनाव अधिकारी बनाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** दि कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी मंडल का पुनर्गठन किया गया है जिसमें तीन नए चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

दि कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन के प्रांगण में आयोजित बैठक का मुख्य उद्देश्य अधिवक्ताओं के मध्य उत्पन्न आपसी मतभेदों पर विचार करना तथा आगामी बार चुनावों को निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराना रहा। इस क्रम में विचार-विमर्श के पश्चात सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चुनाव अधिकारी मंडल का पुनर्गठन किया जाए। बैठक में पूर्व नियुक्त चुनाव अधिकारियों गोकरण दत्त शर्मा एडवोकेट, अश्वनी कुमार एडवोकेट एवं श्रीमती प्रतिभा चौहान एडवोकेट के साथ अब तीन नए चुनाव अधिकारियों को भी जोड़ा गया है जिसमें विनोद कुमार शर्मा एडवोकेट, महेश चंद गुप्ता एडवोकेट एवं श्रीमती दीपाली वर्मा एडवोकेट शामिल हैं। बैठक में सभी चयनित चुनाव अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ वर्ष 2025-26 के चुनावों की संपूर्ण प्रक्रिया का संचालन करें। इसके अतिरिक्त अब तक घोषित किए गए चुनाव कार्यक्रम को सर्वसम्मति से निरस्त कर दिया गया है। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता ठा. राजसिंह एडवोकेट, रघुवीर सिंह मलिक एडवोकेट, राजकुमार वर्मा एडवोकेट, चन्द्रशेखर त्यागी एडवोकेट सहित कई प्रतिष्ठित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# जीआई सर्वे टैक्स के विरोध में सपा का धरना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा किए जा रहे जी. आई. सर्वे टैक्स के विरोध में आज समाजवादी पार्टी महानगर इकाई ने नगर निगम परिसर में जोरदार धरना प्रदर्शन किया।

धरने का नेतृत्व समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी और विधानसभा प्रभारी सहारनपुर नगर अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने किया। धरने के दौरान नगरायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए हाजी नवाब अंसारी ने कहा कि जीआई सर्वे के माध्यम से नगर निगम जनता पर एक अनावश्यक टैक्स थोप रहा है जिससे आमजन में भय का माहौल उत्पन्न हो गया है। यह टैक्स पूरी तरह से जनविरोधी है और इसे तुरंत निरस्त किया जाना चाहिए। वहीं टिंकू अरोड़ा ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महंगाई और बेरोजगारी से परेशान जनता पर यह नया टैक्स एक और बोझ है। सरकार जनहित की बजाय जनविरोधी नीतियों को लागू कर रही है, जिसे समाजवादी पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जीआई सर्वे को जल्द निरस्त नहीं किया गया तो समाजवादी पार्टी बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी। धरने पर फैसल सलमानी, अहमद मलिक पार्षद, फहाद सलीम पार्षद, अदनान प्रधान, शहजाद अहमद, गुलशन खान, शाजामा, जमाल साबरी, विशाल यादव, मुकीम मलिक, दानिश मलिक, राजकुमार, गुलशन अंसारी, शावेज मलिक, सायरा सिद्दीकी, हिना सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।




# जाम पर तमाशा देख रहा है एनएचएआई: मुजतबा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सहारनपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तराखंड सरकार में दर्जाधारी मंत्री रहे मुजतबा एडवोकेट ने कहा कि जाम से हालात बहुत ज्यादा खराब होते जा रहे है इसलिये सरकार तत्काल नये ऐलिवेटिड रोड को चालू करें।

उन्होंने कहा कि प्रतिदिन हजारों लोगों को देहरादून आना जाना पड़ता है बेहतर इलाज के लिये और नोकरी करने वाले और छात्र हर रोज आना जाना करते है अब हर रोज कोई ट्रक बस लोड की गाड़ी खराब होने के कारण रोड पर फँसी रहती है डेली चार पाँच घंटे का जाम लग रहा है लेकिन एनएचएआई वाले आँख पर पट्टी बांधे तमाशा देखते रहते है। अगर कोई वीआईपी मंत्री या कोई आता है तब दोनों और से रोड को खाली दिया जाता है जिससे भेदभाव साफ दिखाई देता है यूपी और उत्तराखंड सरकार और एनएचएआई के अधिकारियों के अलावा दोनों राज्यों के उच्च अधिकारियों को इस पर ध्यान देकर विचार कर आम जनमानस को राहत दिलाने का कार्य करने के लिये पहल करनी चाहिये, ताकि डेली आने वाले को राहत दी जा सके।

# जिम संचालकों ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

**सहारनपुर।** जिले के जिम संचालकों ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गौरव कपिल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री संबोधित सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपकर जिम का पंजीकरण शुल्क में छूट व श्रेणी निर्धारित की मांग की है।

जिले के जिम संचालक आज अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी गौरव के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पहुंचे जहां उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मैजिस्ट्रेट गजेंद्र सिंह को सौंपकर कहा कि जिम के पंजीकरण शुल्क 15,000 वार्षिक की अनिवार्यता में राहत दी जाए और जिम के क्षेत्रफल, आय, लोकेशन व संसाधनों के अनुसार श्रेणियां निर्धारित की जाएं। गौरव कपिल ने बताया कि क्षेत्रीय खेल कार्यालय, सहारनपुर द्वारा 27 जुलाई 2020 के शासनादेश के तहत सभी जिम संचालकों को पंजीकरण शुल्क जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। पंजीकरण न होने पर वैधानिक कार्रवाई का भी प्रावधान है। उन्होंने कहा कि जिले के अधिकांश जिम आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों द्वारा संचालित हैं, जिनकी फीस 500 से 3000 तक होती है। वहीं जिम के क्षेत्रफल भी 1000 से लेकर 5000 वर्गफुट तक हैं। ऐसे में सभी जिमों को एक ही श्रेणी में पंजीकृत करना अनुचित है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि कोविड-19 काल के बाद फिटनेस इंडस्ट्री को उबरने में काफी समय लगा। कई जिम संचालक किराए व लोन के बोझ के कारण अपने जिम बंद करने को विवश हुए। आज भी अधिकांश जिम किराए पर संचालित हैं और सीमित संसाधनों के साथ चलाए जा रहे हैं। ऐसे में ₹15,000 की एकसमान पंजीकरण फीस एक अतिरिक्त आर्थिक दबाव डालती। जिम संचालकों ने मांग की है कि पंजीकरण शुल्क जिम की श्रेणी और क्षमता के आधार पर तय किया जाए। ताकि छोटे और मध्यम स्तर के जिम संचालकों को राहत मिल सके। साथ ही, पंजीकरण प्रक्रिया को खिलाड़ियों के हित में सरल व सुविधाजनक बनाया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में तरुण शर्मा, अनुज वीर, नदीम अहमद व समीर मित्तल ने भी अपने सुझाव साझा किए। ज्ञापन देने वालों में विवेक पंवार, रजत पंवार, नवीन कसाना, धर्मेंद्र सैनी, रविंद्र सैनी, सचिन रावल, नूर, दानिश, वसीम, हिमांशु शर्मा, शुभम पाल, नितिन, शिवा, विनय सैनी समेत कई जिम संचालक और खिलाड़ी उपस्थित रहे।



# बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**साढ़ौली कदीम।** बंद मकान का ताला तोड़कर बदमाशों ने कमरे में रखी अलमारी से 50 हजार की नगदी समेत लाखों रुपए कीमत के जेवरात चोरी कर लिए। पीड़ित महिला ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

बृहस्पतिवार को बेहट कोतवाली क्षेत्र के मीरपुर गंदेवड़ गांव निवासी वंदना शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार को वह अपने पुत्र व पुत्रवधू के साथ पास के गांव में दवाई लेने गई थी तथा उनकी पुत्री घर का ताला लगाकर पडोस में गई थी। जैसे ही लगभग दिन के 3-45 बजे उसकी पुत्री पडोस से घर आई तो देखा कि घर का मेन गेट का ताला टूटा हुआ हैं। ताला टूटा देखकर वह घर में गई तो उसने देखा कि कमरे में रखी अलमारी खुली पड़ी हैं और उसमें रखे लगभग 50 हजार रुपए की नगदी समेत लाखों रुपए कीमत के सोने के जेवरात चोरी हो गए हैं। उसकी पुत्री ने चोरी की सूचना उन्हें दी। सूचना मिलते ही उनके होश-फाख्ता हो गए। कोतवाल सूबे सिंह ने बताया पीड़ित महिला की चोरी की तहरीर आई हैं। घटना की जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा।

# कोषाध्यक्ष बनाने पर संदीप का स्वागत




शाह टाइम्स संवाददाता

**अंबेहटा।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संदीप सिंह पंवार को प्रदेश स्तर पर कोषाध्यक्ष बनाये जाने पर ब्लॉक नकुड़ कार्यकारिणी द्वारा उनके सम्मान में एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संदीप सिंह पंवार ने अपने सम्बोधन में कहा कि अब समय आ गया है कि हमें एकजुट होकर शिक्षक समाज के सम्मुख आ रही विकट परिस्थितियों का मुकाबला करना है। आज शासन द्वारा विभिन्न प्रकार के अव्यावहारिक प्रावधान करके शिक्षक को प्रताड़ित किया जा रहा है। हमें आपसी सामंजस्य बनाकर अपने आत्मसम्मान की रक्षा करनी है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष पंकज तंवर, मंत्री कमलकांत, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र नरवाल, सुशील चौधरी, प्रताप सिंह, श्रीपाल पारुल बालियान, प्रतिभा चौधरी, अवधेश, पंकज सिरोही, बसंत, भूपेश, विकास शर्मा, अनिल कुमार, विजेश, सुभाष, रंजोर, विपिन, फैसल खान, ललित त्यागी, राजेन्द्र, शशिकांत, प्रीति आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# लंगर सेवा में कच्चे चावल का योगदान



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** सिंह ब्रदर्स वेलफेयर सोसाइटी एवं समूह साध संगत के सहयोग से श्री हेमकुंट साहिब जाने वाली संगत के लिए लंगर की सेवा। जून से निरंतर चल रही जिसमें सिंह ब्रदर्स वेलफेयर सोसाइटी के सारे सेवादार तन मन धन व दिल से इस सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं।

आज पंजाबी गुरुद्वारा नुमाइश कैंप की प्रबंधक कमेटी चल रही लंगर सेवा में संगत के लिए कुछ कच्चे राशन की सेवा लेकर पहुंचे। सिंह ब्रदर्स वेलफेयर सोसाइटी ने नुमाइश कैंप गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं समूह साध संगत का धन्यवाद किया और कहा कि दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की अपार कृपा एवं आप सभी संगत के प्यार और आशीर्वाद से श्री हेमकुंट साहिब जाने वाली संगत की सेवा लगातार चल रही है और आगे भी यह सेवा चलती रहेगी। इस दौरान पंजाबी गुरुद्वारा नुमा. इश कैंप कमेटी से तजिंदर सिंह, दविंदर सिंह, रणजीत सिंह, भाई परमजीत सिंह एवं सिंह ब्रदर्स वेलफेयर सोसाइटी के सेवादार मनजीत सिंह, चरणप्रीत सिंह, शेरसिंह, साहिब सिंह, तेजपाल सिंह, मंजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह, राघव, गगनदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# संस्था से जोड़े जागरूक लोग

शाह टाइम्स संवाददाता

**गंगोह।** नेत्रदान को समर्पित संस्था दृष्टि एक प्रयास के विस्तार के लिए नगर के अनुभवी चिकित्सकों व समाज के जागरुक व्यक्तियों को संस्था में मनोनीत किया गया है।

संस्थाध्यक्ष अमित गर्ग ने मनोनीत सदस्यों डॉ. वीणा सैनी, नामदेव पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर पंकज कुमार तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. महेश गर्ग का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि उनके अनुभव और समर्पण से संस्था को नई ऊर्जा मिलेगी। डॉ. वीणा सैनी ने कहा कि नेत्रदान जैसे पुण्य कार्य से जुड़ना उनके लिए गर्व की बात है। पंकज राजपूत ने इसे सामाजिक उत्तरदायित्व बताया। डॉ. महेश गर्ग ने नेत्र रोग विशेषज्ञ के रूप में इसे अपने पेशे और सेवा भाव से जोड़ते हुए संस्थान की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

# मेयर डा. अजय ने ब्लैकलिस्ट कराई ठेकेदार की कम्पनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** नगर के विकास में बाधा बन रही भ्रष्ट निर्माण व्यवस्था के खिलाफ महापौर डॉ. अजय कुमार ने एक साहसिक एवं निर्णायक कदम उठाते हुए ठेकेदार कंपनी मै. याशिका एंटरप्राइजेज को दो वर्षों के लिए ब्लैकलिस्ट करा दिया है। साथ ही नगर निगम ने कंपनी की रुपये 9.65 लाख की जमानत और परफॉर्मेंस गारंटी राशि जब्त कर ली है।

यह कार्रवाई कोर्ट रोड स्थित दीवानी कचहरी के सामने निर्माणाधीन आरसीसी नाले में घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल और लापरवाही के चलते की गई है। नाले की दीवार बारिश में ढह गई थी, जिससे व्यापारिक प्रतिष्ठानों में जलभराव हुआ और जन-धन की क्षति की आशंका पैदा हुई। लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेकर महापौर डॉ. अजय कुमार ने गत 19 जून को नाला निर्माण कार्य का स्वयं निरीक्षण किया था और प्राथमिक दृष्टि से गुणवत्ता में भारी खामियां पाकर गहन जांच और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे।



मुख्य अभियंता बी. के. सिंह द्वारा कंपनी को भेजे गए आदेश पत्र में कहा गया है कि नाले के सरेखण गलत था, रिइंफोर्समेंट की दूरी मानकों के अनुरूप नहीं थी, और बेस कंक्रीट तक नहीं डाला गया था। इसके बावजूद कंपनी ने न तो किसी निर्देश का पालन नहीं किया, न ही वर्षा से बचाव के लिए बैरिकेडिंग की।

उक्त कार्रवाई पर महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि नगरायुक्त व मुख्य अभियंता के सहयोग से की गई इस कार्रवाई ने स्पष्ट कर दिया है कि शहर में अब विकास कार्यों में लापरवाही व भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि "जो भी ठेकेदार गुणवत्ता से समझौता करेगा, उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होगी।"

# विश्वास की कमी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प व कतर के शासकों के प्रयासों से यूं तो ईरान-इजरायल के बीच जो सीजफायर हुआ, वह बदस्तूर जारी है, लेकिन जिस तरह दोनों तरफ से अभी भी शब्दों के बाण चल रहे हैं। वह यह बताने के लिए काफी हैं कि जो शांति दिखाई दे रही है वह केवल सतही है। इसमें गहराई नहीं है और दोनों देशों के बीच जो अविश्वास की खाई है, वह किसी भी तरह से भरती दिखाई नहीं दे रही है। ईरान के विदेश मंत्री सईद खातिबजादेह ने एक लेबनानी चैनल के माध्यम से कहा है कि अमेरिका ने जिस तरह ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया है, वह उसका मुआवजा वसूलेगा। इसके लिए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज कराने की बात भी कही है। ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला खामेनेई ने ईरान के लोगों को जंग जीतने की बधाई दी है और एक्स पर कहा है कि ईरान ने अपने हमलों से इजरायल को धराशाई कर दिया, उसको कुचल दिया। यह कहते हुए उन्होंने अमेरिका पर भी हमला बोला और कहा कि अमेरिका ने इजरायल का खुलकर साथ दिया और जंग के आखिर में तो वह खुलकर मैदान में आ गया क्योंकि उसे डर था कि अगर वह जंग में नहीं कूदा तो इजरायल का ईरान के हाथों खात्मा तय है। खामेनेई ने कहा है कि हालांकि अमेरिका भी कुछ नहीं कर पाया और ईरान ने अमेरिका के मुंह पर जोरदार तमाचा मारा। ईरान ने अमेरिकी एयरबेस पर हमला किया और उसे नुकसान पहुंचाया। इस तरह ईरान ने बता दिया कि मिडिल ईस्ट में अमेरिका के ठिकाने उसकी पहुंच से दूर नहीं हैं। ब्रिटिश संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स के कन्जर्वेटिव सदस्य रिचर्ड भी मानते हैं कि ईरान व इजरायल के बीच युद्ध विराम से सैन्य कार्रवाई में कमी आ सकती है, लेकिन इससे शांति समझौते की संभावना नहीं है। वहीं दूसरी तरफ अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट सामने आई है कि जो कहती है कि सीजफायर कराना ही डोनाल्ड ट्रम्प के लिए भारी पड़ सकता है। द टेलीग्राफ की एक खबर के अनुसार सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि असली जवाब ईरान अमेरिका की सरजमीं से दे सकता है और वह भी स्लिपर सेल्स के जरिये। अखबार यहां तक कहता है कि यह बात ट्रम्प समेत पूरे सिस्टम के लिए खतरे की घंटी है। ये तमाम बातें हैं, जो यह बता रही हैं कि भले ही सीजफायर हो गया है, लेकिन अभी यह गारंटी मिलनी बाकी है कि समय के साथ इसमें मजबूती आएगी, क्योंकि कोई भी पक्ष झुकने के लिए जरा भी तैयार दिखाई नहीं दे रहा है और सबसे बड़ी बात यह है कि जिन बातों को लेकर यह युद्ध शुरू हुआ था वे मुद्दे जस के तस हैं। उनको लेकर कोई समाधान निकलता दिखाई नहीं दे रहा है। गाजा की समस्या भी जस की तस बनी है। इजरायल वहां रोज हमले कर रहा है। इजरायल ईरान के बीच सीधी भिड़ंत के दौरान ही 12 दिनों में 800 से अधिक फलस्तीनियों की जान इजरायली हमलों में चली गई है। ईरान बराबर अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे न हटने की बात कह रहा है। जब तक झगड़े का कारण बने मुद्दों पर बैठकर बातचीत नहीं होती तब तक मध्य पूर्व में शांति स्थापना को लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता।

## सपना बनकर रह गया घर खरीदना



महंगाई चरम पर है और शहरी अर्थव्यवस्था में गरीब तथा मध्यम वर्ग के लोगों के लिए घर खरीदना सपना बनकर रह गया है, मुंबई में घर लेने के लिए भारत के सबसे अमीर पांच प्रतिशत लोगों को भी 109 साल तक अपनी आमदनी का 30 प्रतिशत बचाना पड़ेगा, यही हाल ज्यादातर बड़े शहरों का है, जहां आप अवसर और सफलता की तलाश में एडियां घिस देते हैं, कहां से आएगी इतनी बचत, गरीब और मध्यम वर्ग की विरासत दौलत नहीं, जिम्मेदारियां होती हैं, बच्चों की महंगी शिक्षा, महंगे इलाज की चिंता, माता-पिता की जिम्मेदारी या परिवार के लिए छोटी-सी गाड़ी, फिर भी दिलों में रहता है एक सपना एक दिन एक घर होगा अपना।

**-राहुल गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता**

# इस्लामी हिज़्री के पहले महीने मोहर्रम की अज़ीम है फज़ीलत




आलमे इन्सानियत में जब भी नए साल की बात जेहन में आती है हर इंसान खुशी और जश्न के तसव्वुर में डूब जाता है, मगर मजहबे-इस्लाम एक ऐसा वाहिद मजहब है जिसका नया साल अल्लाह-तआला की इबादत, वाजिबात की अदायगी और रंज व गम के साथ इंसानी जेहन को मकसदे-जिन्दगी की फिक्र और तहफ्फुजे दीन की दावत देता हुआ शुरू होता है। मोहर्रम जहां मजहबे-इस्लाम का पहला महीना है वहीं यह इस्लाम के चार मोअतबर महीनों में से एक है। जिसमें अल्लाह तआला की तरफ से किसी भी तरह की लड़ाई पर पाबंदी है। माहे- मुहर्रम की एक खुसूसियत यह भी है कि तारीख में यह महीना हमेशा से एक अहम महीना रहा है फिर चाहे वह नुजूले-इस्लाम के पहले का दौर हो या बाद का, क्योंकि इसमें तारीख के अहम वाकिआत गुजरे हैं और इन्हीं वाकिआत की वजह से यह गौर का मौजू रहा है कि आखिर वो कौन सा वाकिआ है जिसने इस महीने को इतनी अहमियत दी।

वैसे अगर हम तारीख में इसका जवाब तलाश करें तो पाएंगे कि इस महीने में तारीख के दो अहम वाकिआत गुजरे हैं जिसमें पहला तो यह है कि इस महीने में हजरत मूसा अलै. ने फिरऔन पर फतह हासिल की थी और दूसरा वाकिआ यह है कि इस महीने में सन 61 हिजरी में पैगम्बरे इस्लाम के नवासे इमाम हुसैन (अलै.) ने दीने- इस्लाम की रूह को बचाने के लिए कर्बला के मैदान में अपने अहले बैत और असहाब के साथ अपनी अजीम कुर्बानी दी, जिसके बाद माहे - मुहर्रम इमाम हुसैन (अलै.) और करबला से ऐसा मंसूब हुआ कि मोहर्रम का जिक्र आते ही आलमे-इंसानियत के जेहन में जो पहली बात आती है वो वाकि. आ-ए-करबला है।

दूसरा सवाल जो जेहन में आता है कि आखिर क्या वजह थी जो नवासा-ए-रसूल को इतनी अजीम कुर्बानी देनी पड़ी। इस सवाल का जवाब दो तरह से दिया जा सकता है, जिसमें पहला तो यह है कि उस वक्त का खलीफा जिसका नाम यजीद इब्ने माविया था, वह एक फासिको फाजिर इंसान था और जाती तौर पर शराब खोरी का आदी था जुआ खेलने वाला, तमाम हराम कामों को करने वाला इंसान था, यहां तक कि उसने अपने दौर हुकूमत में काबे का भी एहतराम ना किया और उसमें भी आग लगवा दी थी इसके बाद मआशरे पर मजहबे- इस्लाम के हलाल की हुई चीजों को हराम और हराम की हुई चीजों को हलाल करने पर आमादा था और अपने अमल को जायज करार देने के लिए वो इमाम हुसैन से बेअत लेना चाहता था, क्योंकि वह जानता था कि अगर इन्होंने बेअत कर ली तो तमाम आलमे-इस्लाम की जबान उसके खिलाफ चुप हो जाएगी। मगर इमाम हुसैन ने बेअत करने के बजाए अपना पूरा कुनबा इस्लाम पर कुर्बान करना कुबूल किया और शहादत तक बेअत कुबूल ना की।

इसी के मद्देनजर उन्होंने यजीद इब्ने माविया के खिलाफ कयाम किया और अपने अहलेबैत और असहाब के साथ करबला के मैदान में 3 दिन की भूख और प्यास के साथ इस्लाम पर कुर्बानी पेश की। एक और सवाल जो मेरे जेहन में इस वक्त आया वह यह कि करबला की जंग हुकूमत के लिए हुई थी या जंग- इस्लाम के दिफा के लिए हुई थी। अगर हम दूसरे सवाल के जवाब पर गौर करें तो खुद बखुद समझ सकते हैं कि यह इस्लाम जंग खुदा की राह में थी। जिसमें इमाम हुसैन (अलै.) ने दीने इस्लाम की खातिर अपना भरा घर लुटा दिया।

पैगम्बरे इस्लाम ने फरमाया: 'हसनैन (हसन और हुसैन) जवानाने जन्नत के सरदार हैं यानि जन्नत में मर्दों के सरदार हैं और कुरआन कहता है कि दुनिया की मुहब्बत गुनाह है, तो अब समझने की बात यह है कि अगर कुरआन दुनियावी मुहब्बत को गुनाह समझता है और गुनहगार का जन्नत में कोई तसव्वुर नहीं तो जन्नत में मर्दों के सरदार से दुनियावी हुकूमत की ख्वाहिश कैसे मनसूब किया जा सकता है।

अब दूसरी जगह कुरआन कहता है कि अहलेबैत, खुदा तो बस यह चाहता है कि तुमको हर तरह की बुराई से दूर रखे और जो पाक व पाक. ीजा दिखने का हक है वैसा पाक व पाकीजा रखे। तो कुरआन जिस हुसैन (अलै.) (अहलेबैत) की पाकीजगी की गवाही दे रहा है उन्होंने मदीने से निकलते वक्त एक खुत्बा दिया जिसमें इमाम हुसैन (अलै.) ने फरमाया, मैं अपने नाना की उम्मत की इस्लाह के लिए कयाम कर रहा हूं, तो अब मानना पड़ेगा के कयामे हुसैन (अलै.) खालिस खुदा के लिए था। अब आखिर में एक हदीस और बयान करना चाहूंगा, जिसमें उन्होंने फरमाया कि मेरा लाल हुसैन करबला की मिट्टी पर कत्ल किया जाएगा, हर इंसान जो उस वक्त मौजूद हो तो उसको चाहिए कि हुसैन की मदद करे।

अब यह बात मुकम्मल तौर पर जाहिर है कि अगर कयामे हुसैन (अलै.) दुनिया की मुहब्बत में होता तो पैगम्बरे इस्लाम कभी हसैन (अलै.) का साथ देने के लिए न कहते, तो अब यह काफी है इस बात को समझने के लिए कयामे इमाम हुसैन खालिस रजाए परवरदिगार को हासिल करने के लिए था। यजीद हुसैन को कत्ल कर के भी हार गया और हुसैन (अलै.) अपना सब कुछ लुटा कर भी दुनिया और आखिरत में कामयाब हो गए।



ज़िया अब्बास ज़ैदी
सीनियर जर्नलिस्ट
मोबाइल नंबर 9837776610,
मेल आईडी-
ziaabbaszaidist@gmail.com

# बेटियों के लिए मोह बढ़ना संतुलित समाज का आधार

**भारत में भी यही स्थितियां देखने को मिल रही है। जबकि सदियों से भारत की समाज-व्यवस्था एवं परिवार-परम्परा पुत्र मोह की ग्रंथि से ग्रस्त रहा है। जिसके चलते शिशु लिंग अनुपात में असंतुलन बढ़ता गया है। देश में हुई 2016 की जनगणना में लड़कों की तुलना में लड़कियों की घटती संख्या के आंकड़े चौंकाते ही नहीं बल्कि दुखी भी करते हैं। जिस तरह से लड़के-लड़कियों का अनुपात असंतुलित हो रहा है, उससे ऐसी चिन्ता भी जताई जाने लगी है कि यही स्थिति बनी रही तो लड़कियां कहां से लाएंगे?**



ललित गर्ग

दुनियाभर में माता-पिता आमतौर पर अब तक बेटियों की तुलना में बेटों को ज्यादा पसंद करते आ रहे हैं, लेकिन प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में एक सूक्ष्म, महत्वपूर्ण और बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि अब लड़के की तुलना में लड़कियों को अधिक पसंद किया जाने लगा है। ऐसा इसलिए हो सकता है, क्योंकि लड़कियों के प्रति पूर्वाग्रह कम है और संभवतः लड़कों के प्रति पूर्वाग्रह ज्यादा है। नए साक्ष्य एवं अध्ययन इस बदलाव का संकेत देते हैं, जो संभवतः बढ़ते एकल परिवार परम्परा, तथाकथित आधुनिक-सुविधावादी जीवनशैली एवं कैरियर से जुड़ी प्राथमिकताओं के चलते लड़कों से जुड़े एक सूक्ष्म भय, उपेक्षा एवं उदासीनता को उजागर करते हैं। द इकोनॉमिस्ट द्वारा ताजा प्रकाशित रिपोर्टों में, लिंग प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में कुछ ऐसे ही दिलचस्प रुझान सामने आए हैं, जिसमें लड़कों के प्रति सदियों पुराना झुकाव अब कम हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में माता-पिता अब लड़कों की तुलना में लड़कियों को भविष्य की सुरक्षा को लेकर अधिक पसंद कर रहे हैं। विकासशील देशों में, लड़कों के प्रति पूर्वाग्रह कम हो रहा है, जबकि अमीर देशों में लड़कियों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, युवा पुरुषों और महिलाओं के बीच लैंगिक भूमिकाओं को लेकर विचारों में अंतर बढ़ता जा रहा है।

ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में, भारत 148 देशों में 131वें स्थान पर है, जो पिछले वर्ष की तुलना में दो स्थान नीचे है और इसका लैंगिक समानता स्कोर 64.1 प्रतिशत है।

वर्तमान प्रगति की दर से, पूर्ण लैंगिक समानता प्राप्त करने में 134 वर्ष लगेंगे, जो दर्शाता है कि प्रगति की समग्र दर धीमी है। इन रिपोर्टों से पता चलता है कि दुनिया भर में लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति हो रही है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। भारत के लिए लैंगिक समानता की दिशा में दो पायदान की गिरावट का सबसे बड़ा कारण महिला समानता को लेकर चल रहे आन्दोलन है। भारत की बेटियां आज अंतरिक्ष से लेकर खेल के मैदान तक में बुलंदियां छू रही हैं। वे परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने में उल्लेखनीय भूमिकाओं का निर्वाह कर रही है। सरकार द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'सुकन्या समृद्धि योजना' जैसे सराहनीय पहल के जरिए बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। 21वीं सदी की चौखट पर खड़ी दुनिया में बड़े व्यापक बदलाव हो रहे हैं। इंसानी रिश्तों की अहमियत को लेकर भी नई सोच पनप रही है। अब अमेरिका, दक्षिण कोरिया, भारत और चीन में, लिंग अनुपात सामान्य या यहां तक कि बेटी की पसंद के संकेत दिखाने लगा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस बदलाव की असल वजह क्या है? दरअसल, माता-पिता में यह धारणा बलवती होती जा रही है कि बेटियां उनकी ढलती उम्र में धीरे-धीरे अधिक विश्वसनीय देखभाल करने वाली साबित हो सकती हैं। उन्हें परिवार से गहरे तक जुड़े रहने की अधिक संभावना के रूप में देखा जाने लगा है। आज बेटियों को बेटों के मुकाबले बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शनकर्ता, परिवार सार-संभालकर्ता, माता-पिता के प्रति जिम्मेदारी निर्वाहकर्ता के रूप में देखा जाने लगा है। तेजी से कामकाजी दुनिया का हिस्सा बनने के कारण वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी होने से अनेक पारिवारिक जिम्मेदारियों के लिए अधिक संवेदनशील है। ऐसा माना जाने लगा है कि बेटियां बेटों के मुकाबले में ज्यादा संवे. दनशील होती हैं और जीवन के अंतिम पड़ाव में मां-बाप को सुरक्षा कवच प्रदान कर सकती हैं। जिसके चलते लोग बेटों के मुकाबले बेटियों को अपनी प्राथमिकता बनाने को तरजीह देने लगे हैं। पश्चिमी देशों में गोद लेने और आईवीएफ के डेटा दिखाते हैं कि बेटियों को चुनने की दिशा में स्पष्ट झुकाव है। दरअसल, पश्चिमी देशों के एकल परिवारों में बेटे अपनी गृहस्थी बसाकर मां-बाप को उनके भाग्य पर छोड़ जाते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# लाइलाज बीमारी डीएमडी से जूझते देश के बच्चे



रजनीश कपूर

ड्यूशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (डीएमडी) एक ऐसी दुर्लभ और लाइलाज जेनेटिक बीमारी है, जो मुख्य रूप से लड़कों को प्रभावित करती है। यह बीमारी मांसपेशियों को धीरे-धीरे कमजोर करती है, जिससे रोगी का चलना-फिरना, सांस लेना और अंततः जीवित रहना मुश्किल हो जाता है। भारत में हर 3500 पुरुष जन्मों में से एक बच्चा इस बीमारी का शिकार होता है। इसका इलाज इतना महंगा है कि यह सामान्य परिवारों की पहुंच से बाहर है। ऐसी ही एक मार्मिक कहानी है अमृतसर के जंडियाला गुरु निवासी हरप्रीत सिंह और उनकी पत्नी की, जो अपने 9 वर्षीय बेटे इशमीत को बचाने के लिए दिन-रात संघर्ष कर रहे हैं। इशमीत को डीएमडी है और उसके इलाज के लिए 27 करोड़ रुपये की जरूरत है, एक ऐसी राशि जो किसी सामान्य परिवार के लिए असंभव-सी प्रतीत होती है।

हरप्रीत सिंह भारतीय सेना में सैनिक हैं और उनकी पत्नी का जीवन तब तक सामान्य था, जब तक उनके इकलौते बेटे इशमीत में कुछ असामान्य लक्षण दिखाई नहीं दिए। इशमीत जब चार साल का था तब उसके माता-पिता ने देखा कि वह ठीक से चल नहीं पाता, बार-बार गिरता है और अन्य बच्चों की तरह दौड़-भाग नहीं कर पाता। शुरू में उन्होंने इसे सामान्य कमजोरी समझा, लेकिन जब लक्षण बढ़ने लगे, तो वे उसे स्थानीय डॉक्टरों के पास ले गए। कई जांचों और अस्पतालों के चक्कर काटने के बाद, दिल्ली के एम्स में डॉक्टरों ने पुष्टि की कि इशमीत डीएमडी से पीड़ित है।



यह खबर सुनकर हरप्रीत और उनकी पत्नी के पैरों तले जमीन खिसक गई। डीएमडी एक अनुवांशिक बीमारी है, जो डिस्ट्रोफिन जीन में उत्परिवर्तन के कारण होती है। यह जीन शरीर में डिस्ट्रोफिन प्रोटीन का निर्माण करता है, जो मांसपेशियों को मजबूत रखने के लिए जरूरी होता है। इस प्रोटीन की कमी से मांसपेशियां कमजोर होकर धीरे-धीरे नष्ट हो जाती हैं। डीएमडी से पीड़ित बच्चों की औसत आयु 11 से 21 वर्ष तक होती है और ज्यादातर मरीज किशोरावस्था के अंत तक व्हीलचेयर पर निर्भर हो जाते हैं। जब हरप्रीत को पता चला कि उनके बेटे का इलाज संभव है तो उनके चेहरे पर उम्मीद की किरण जगी। एम्स के डॉक्टरों ने बताया कि अमेरिका में एक जीन थेरेपी उपलब्ध है, जिसमें एक विशेष इंजेक्शन जोल्जेंस्मा या समकक्ष दवा के जरिए डीएमडी का इलाज किया जा सकता है। डॉक्टरों ने आश्वा. सन दिया कि यह इंजेक्शन इशमीत को पूरी तरह स्वस्थ कर सकता है, लेकिन इस उम्मीद के साथ एक ऐसी सच्चाई भी सामने आई जिसने परिवार को हताश कर दिया। इस इंजेक्शन की कीमत 27 करोड़ रुपये है।

27 करोड़ रुपये की यह राशि किसी मध्यमवर्गीय परिवार के लिए कल्पनातीत है। हरप्रीत सिंह ने अपनी सारी जमा-पूंजी, जमीन, और अन्य संसाधनों को बेचने की कोशिश की, लेकिन इससे भी इस राशि का एक छोटा सा हिस्सा ही जुट पाया। भारत में डीएमडी का कोई किफायती इलाज उपलब्ध नहीं है और स्टेरॉयड जैसी दवाएं केवल लक्षणों को कुछ समय के लिए नियंत्रित कर सकती हैं, जिनके गंभीर दुष्प्रभाव भी हैं। हरप्रीत और उनकी पत्नी ने हार नहीं मानी। उन्होंने अपने बेटे को बचाने के लिए क्राउड फंडिंग का सहारा लिया। सोशल मीडिया, स्थानीय समुदाय और विभिन्न संगठनों के माध्यम से उन्होंने लोगों से मदद की अपील की। हरिमंदिर साहिब के बाहर खड़े होकर उन्होंने गुहार लगाई, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग उनकी कहानी सुन सकें। उनकी मेहनत रंग लाई और अब तक करीब दो करोड़ रूपए जमा हो चुके हैं।

अभी भी पच्चीस करोड़ रूपए की जरूरत है और समय तेजी से बीत रहा है। डीएमडी जैसी दुर्लभ बीमा. रियों के इलाज के लिए भारत में कोई ठोस नीति या सरकारी सहायता नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2021 में दिल्ली हाईकोर्ट में बताया था कि देश में करीब पांच लाख लोग डीएमडी से पीड़ित हैं और प्रत्येक मरीज के इलाज पर सालाना पांच करोड़ रूपए का खर्च आता है, लेकिन बजट की कमी के कारण सरकार इस दिशा में कोई कदम नहीं उठा पा रही। हरप्रीत ने कई बार सरकार से मदद की गुहार लगाई, लेकिन उन्हें केवल आश्वा. सन ही मिले। डीएमडी के मरीजों के लिए न तो मुफ्त दवाएं उपलब्ध हैं, न ही फिजियोथेरेपी जैसी सहायक सेवाएं। ऐसे में परिवार अकेले ही इस जंग को लड़ने के लिए मजबूर हैं। डीएमडी के बारे में भारत में जागरूकता का अभाव भी एक बड़ी समस्या है।

बहुत कम लोग इस बीमारी को समझते हैं, जिसके कारण मरीजों और उनके परिवारों को सामाजिक समर्थन नहीं मिल पाता। 2023 में दिल्ली के जंतर-मंतर पर डीएमडी जागरूकता के लिए एक रैली निकाली गई थी जिसमें 21 राज्यों से करीब 500 परिवार शामिल हुए। इस रैली में माता-पिता ने सरकार से सस्ती दवाओं, शोध के लिए फंड और मुफ्त इलाज की मांग की थी। हरप्रीत जैसे परिवारों का मानना है कि अगर समाज इस बीमारी को समझे और सरकार इसमें शोध को प्रोत्साहित करे, तो शायद भविष्य में इलाज किफायती हो सके। हरप्रीत और उनकी पत्नी का संघर्ष केवल इशमीत के लिए नहीं, बल्कि उन सभी परिवारों के लिए एक मिसाल है, जो डीएमडी जैसी बीमारियों से जूझ रहे हैं।

उनकी कहानी यह सवाल उठाती है कि क्या भारत जैसे देश में, जहां स्वास्थ्य सेवाएं पहले से ही चुनौतियों से भरी हैं, दुर्लभ बीमारियों के मरीजों को जीने का हक मिलेगा? क्या समाज और सरकार मिलकर इन परिवारों के लिए कोई रास्ता निकाल सकते हैं? यह न केवल हृदयविदारक है, बल्कि यह समाज और सरकार के लिए एक आंख खोलने वाली सीख भी है। 27 करोड़ रुपये का इलाज एक असंभव लक्ष्य जरूर है, लेकिन अगर समाज एकजुट हो जाए और सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाए, तो इशमीत जैसे बच्चों को नया जीवन मिल सकता है। डीएमडी से जूझ रहे बच्चों के लिए जागरूकता, शोध और किफायती इलाज की जरूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# न्यूक्लियर ठिकानों पर अमेरिकी हमलों की संयुक्त राष्ट्र में भरपाई मांगेगा ईरान

## बंकर बस्टर बम गिराना अमेरिका को पड़ेगा भारी

**तेहरान।** ईरान और इजरायल के बीच दो हफ्तों तक चली जबरदस्त जंग के बाद भले ही सीजफायर हो गया हो, लेकिन तनाव अब भी बना हुआ है। इस पूरे टकराव में अमेरिका भी इजरायल के साथ खुलकर सामने आया था और ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर बंकर बस्टर बम गिराए। अब ईरान इस हमले की कीमत वॉशिंगटन से वसूलने की तैयारी कर रहा है।

ईरान के डिप्टी विदेश मंत्री सईद खतिबजादेह ने लेबनानी चैनल अल-मयादीन से बातचीत में कहा कि तेहरान संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज करेगा और न्यूक्लियर ठिकानों को हुए नुकसान की भरपाई की मांग करेगा। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराक्ची ने भी पहली बार माना है कि न्यूक्लियर ठिकानों को भारी नुकसान हुआ है। उनके मुताबिक, ये टकराव इजरायली मिसाइल हमलों से शुरू हुआ था, जिनमें ईरान के न्यूक्लियर, मिसाइल और सैन्य ठिकाने सीधे निशाने पर थे। अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गैबार्ड के मुताबिक, ईरान के तीन प्रमुख न्यूक्लियर ठिकाने नतांज, फोर्दो और इस्फहान पूरी तरह तबाह हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगर ईरान चाहे भी तो इन्हें दोबारा तैयार करने में सालों लग जाएंगे। इजरायल की एटॉमिक एनर्जी कमीशन ने भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के उस बयान का समर्थन किया है जिसमें उन्होंने कहा था कि फोर्दो ठिकाने को पूरी तरह मिटा दिया गया है। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता हुसैन केर्मनपौर के मुताबिक, संघर्ष में 627 लोगों की मौत हुई है जबकि 4870 लोग घायल हुए हैं। सबसे ज्यादा जानें राजधानी तेहरान में गई हैं। हालांकि गोलीबारी थमी है, लेकिन हालात सामान्य नहीं हुए हैं। अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत की संभावना है, लेकिन इजरायल और ईरान के बीच दुश्मनी फिर से भड़क सकती है। ईरान जहां मुआवज़े के लिए केस की तैयारी में है, वहीं अमेरिका और इजरायल इसे अपनी जीत बता रहे हैं।



**हमले की कीमत वॉशिंगटन से वसूलने की तैयारी, ईरान करने जा रहा है मुआवजे के लिए मुकदमा**



श्रीनगर। डल झील पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर आयोजित 'शिकारा रैली' में भाग लेते शिकारा वाले।

## इजरायली बसाने वालों के हमले में तीन फलस्तीनी मारे गए

**रामल्लाह/यरूशलम।** वेस्ट बैंक के मध्य रामल्लाह के पूर्व में काफ़र मलिक शहर पर बुधवार को इजराइली बसने वालों के हमले में तीन फलस्तीनी मारे गए और सात अन्य घायल हो गए। फलस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने यह जानकारी दी। स्थानीय स्रोतों का हवाला देते हुए डब्ल्यूएएफए ने कहा कि दर्जनों बसने वालों ने काफ़र मलिक शहर पर हमला किया और शहर में नागरिकों के वाहनों और घरों को जला दिया, जबकि शहर और आस-पास के गांवों के निवासियों ने उनका सामना करने का प्रयास किया। डब्ल्यूएएफए ने कहा कि इजरायली बलों ने बसने वालों को सुरक्षा प्रदान की, फलस्तीनियों पर गोलियां चलाईं और एंबुलेंस को घायलों तक पहुंचने और उन्हें ले जाने से रोका। इजरायली अखबार हारेत्ज़ ने एक स्थानीय निवासी का हवाला देते हुए बताया कि यह इजरायली सेना थी जिसने तीन फलस्तीनियों को मार डाला, हालांकि बसने वालों ने हैंडगन से भी गोलियां चलाईं।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में बर्फ की झील के फटने की चेतावनी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने देश के उत्तरी पहाड़ी क्षेत्रों में बढ़ते तापमान के कारण बर्फ की झील (जीएलओएफ) के फटने के खतरे को लेकर अलर्ट जारी किया है। बुधवार को जारी चेतावनी में तेजी से बढ़ते तापमान और पश्चिमी मौसम प्रणाली के प्रभाव का हवाला दिया गया है। एनडीएमए ने कहा कि प्रमुख घाटियों में ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने से बर्फ की झीलों के फटने का खतरा बढ़ गया है जिससे अचानक बाढ़ आ सकती है और सड़कों और पुलों सहित बुनियादी ढांचे को नुकसान हो सकता है।

### उत्तरी इराक में दो आतंकवादी को किया ढेर

**बगदाद।** उत्तरी इराक में एक सैन्य अभियान के दौरान इस्लामिक स्टेट (आईएस) के दो आतंकवादी मारे गए। इराकी आतंकवाद निरोधी सेवा ने बुधवार को एक बयान में कहा कि खुफिया रिपोर्टों पर कार्रवाई करते हुए आतंकवाद निरोधी बलों ने किरकुक प्रांत के बीहड़ इलाके में आतंकवादियों पर घात लगाकर हमला किया जिसमें दो आतंकवादी मारे गए। आतंकवाद निरोधी सेवा ने कहा कि वह इराक के हर कोने से आतंकवाद का मुकाबला करना जारी रखेगी। गौरतलब है कि इराक ने वर्ष 2017 में आईएस पर जीत की घोषणा की थी, लेकिन आईएस समूह शहरी क्षेत्रों, रेगिस्तान और दूरदराज के क्षेत्रों में सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ हमले करते रहते हैं।

### मेक्सिको में संत उत्सव में गोलीबारी में दस की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मध्य मेक्सिको के गुआनाजुआटो राज्य के एक शहर इरापुआटो में संरक्षक संत उत्सव में 24 जून की रात को गोलीबारी में बच्चों सहित कम से कम 10 लोग मारे गए। राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने बुधवार सुबह इसकी पुष्टि की। राष्ट्रपति ने मेक्सिको सिटी में नेशनल पैलेस में अपने दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह वास्तव में एक झड़प थी, लेकिन दुर्भाग्य से बच्चों की मौत हो गई। शीनबाम ने कहा कि जो हुआ वह बहुत खेदजनक है। उन्होंने कहा कि घटना की जांच चल रही है और उन्होंने राज्य में चल रही हिंसा से निपटने के लिए गुआनाजुआटो के गवर्नर लीबिया डेनिस गार्सिया मुनोज़ लेडो के साथ मिलकर काम करने का वादा किया है।

## इजरायल को बचाने जंग में कूदा अमेरिकाः खामेनेई



**सुप्रीम लीडर ने कहाः ईरान ने कतर में अमेरिकी एयरबेस पर हमला कर मुंह पर तमाचा मारा**

**ईरान में इजरायली हमलों में 13 जून से अब तक 627 लोगों की मौत**

**तेहरान।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने ईरान के लोगों को इजरायल के खिलाफ जंग जीतने की बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा कि मैं झूठे इजरायली सरकार पर जीत के लिए बधाई देता हूं।

ईरान ने अपने हमलों से इजरायल को धराशाई कर दिया, कुचल दिया। खामेनेई ने कहा कि अमेरिका दोनों देशों के बीच खुली जंग में इसलिए कूदा क्योंकि उसे डर था कि अगर उसने दखल नहीं दिया, तो इजरायल पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। लेकिन अमेरिका को कुछ हासिल नहीं हुआ। ईरान ने अमेरिका के चेहरे पर जोरदार तमाचा मारा। ईरान ने अमेरिकी एयरबेस पर हमला किया और उसे नुकसान पहुंचाया, जो मिडिल ईस्ट में अमेरिका के प्रमुख ठिकानों में से एक है। ईरान के पास मिडिल ईस्ट में अमेरिका के अहम ठिकानों तक पहुंच है। अगर कोई हमला हुआ, तो दुश्मन को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इजरायल ने 13 जून को ईरान पर सबसे पहले हमला किया था। इसके बाद दोनों तरफ से जंग छिड़ गई। 12 दिनों तक चली जंग के बाद ट्रम्प ने 24 जून को सीजफायर का ऐलान किया था। ईरान में जंग से 627 और इजरायल में 28 लोगों की मौत हुई। वहीं ईरान में 13 जून से अब तक इजरायल के हवाई हमलों में कम से कम 627 लोग मारे गए हैं और 4870 अन्य घायल हुए हैं।

## ब्रिक्स समिट में शामिल नहीं होंगे जिनपिंग

### पीएम मोदी को स्टेट डिनर का न्योता दावाः भारत के प्रधानमंत्री को बुलाए जाने से नाराज



**ब्राजील में 6-7 जुलाई को 17वां ब्रिक्स समिट होने वाला है, समिट के बाद ब्राजीलियन राष्ट्रपति सिल्वा ने पीएम मोदी को बुलाया है**

**रियो डी जेनेरियो/बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले हफ्ते ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में होने वाले ब्रिक्स समिट में भाग नहीं लेंगे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट (एससीएमपी) ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया है कि जिनपिंग समिट के बाद स्टेट डिनर में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुलाए जाने से नाराज हैं।

ब्राजील में 6-7 जुलाई को 17वां ब्रिक्ससमिट होने वाला है। समिट के बाद स्टेट डिनर के लिए ब्राजीलियन राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा ने पीएम नरेंद्र मोदी को बुलाया है। एससीएमपी के मुताबिक, जिनपिंग को लग रहा है कि मोदी के सामने उन्हें कम तवज्जो मिलेगी। हालांकि, चीन ने ब्रिक्ससमिट के मेजबान ब्राजील को राष्ट्रपति जिनपिंग के बिजी शेडयूल का हवाला देते हुए उनके न आने की जानकारी दी है। बैठक से करीब 10 दिन पहले चीनी राष्ट्रपति के इस फैसले से ब्राजील के नाराज होने की भी खबरें हैं। शी जिनपिंग के बतौर राष्ट्रपति 12 सालों के कार्यकाल में ऐसा पहली बार होगा, जब वे ब्रिक्ससमिट में नहीं जाएंगे। वे 2013 से हर साल समिट में शामिल हुए हैं। कोविड महामारी के दौरान, उन्होंने दो साल ब्रिक्स में वर्चुअली भाग लिया था। शी जिनपिंग और पीएम मोदी 23 अक्टूबर, 2024 को रूस के कजान में ब्रिक्स समिट में मिले थे। 2020 में गलवान झड़प के बाद दोनों नेताओं की यह पहली बाइलैटरल मीटिंग थी। जिनपिंग की जगह चीनी पीएम के ब्राजील जाने की संभावना एससीएमपी के मुताबिक, ब्रिक्स समिट में चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग की जगह अब प्रधानमंत्री ली कियांग देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने 2023 में भी जिनपिंग की जगह भारत में जी-20 समिट में भाग लिया था। हालांकि, चीन की तरफ से अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने ब्राजील के अखबार फोल्हा से कहा कि सही समय आने पर इसकी जानकारी दी जाएगी। शी जिनपिंग के समिट में भाग न लेने की रिपोर्ट्स पर ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के आंतरिक फैसलों पर टिप्पणी नहीं करेगा। मई 2025 में ब्राजीलियन राष्ट्रपति से मिले थे जिनपिंग एससीएमपी ने चीनी अधिकारियों के हवाले से बताया कि जिनपिंग पहले ही एक साल से भी कम समय में दो बार ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा से मिल चुके हैं। इसलिए उनका मानना है कि ब्रिक्स समिट में उनका जाना उतना जरूरी नहीं है। जिनपिंग नवम्बर, 2024 में दक्षिण अमेरिकी देश में जी-20 समिट और फिर मई, 2025 में बीजिंग में चीन-सेलाक फोरम में ब्राजील के राष्ट्रपति से मिले थे।

## इजरायल जैसा डिफेंस सिस्टम तैयार कर रहा ताइवान

### यूक्रेन और इजरायल से सबक लेते हुए ताइवान अपनी सुरक्षा को नए सिरे से मजबूत कर रहा

**ताइपे।** चीन के बढ़ते खतरे के बीच ताइवान अब पूरी तरह से तैयारियों में जुट गया है। यूक्रेन और इजरायल जैसे देशों से सबक लेते हुए ताइवान अपनी सुरक्षा व्यवस्था को नए सिरे से मजबूत कर रहा है। खासकर आम जनता की सुरक्षा के लिए अब एयर रेड शेल्टर यानी हवाई हमले से बचने के ठिकाने को लेकर गाइलाइंस में बड़ा बदलाव किया जा रहा है। ताइवान सरकार अगले हफ्ते नई एयर रेड शेल्टर गाइडलाइंस जारी करने वाली है।




इस गाइडलाइंस में बताया जाएगा कि अगर चीन की ओर से हमला होता है और एयर रेड सायरन बजता है, तो लोगों को कैसे और कहां शरण लेनी चाहिए। सरकारी दस्तावेजों के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति तय समय (लगभग तीन मिनट) में किसी शेल्टर तक नहीं पहुंच पाता है, तो उसे क्या करना चाहिए, इसकी भी साफ हिदायत दी जाएगी।

ण्जैसे कम से कम दो दीवारों के पीछे छुपना और मुंह थोड़ा खुला रखना ताकि धमाके के असर से कान और सिर को कम नुकसान हो। ताइवान के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि शहरों में बड़ी संख्या में लोग ऊंची बिल्डिंग्स में रहते हैं और तीन मिनट में शेल्टर तक पहुंचना मुश्किल होता है। इसलिए सरकार अब लोगों को घर में ही खुद को सुरक्षित रखने के तरीकों के बारे में जागरूक कर रही है। इस साल जुलाई में होने वाला हान कुआंग 41 सैन्य अभ्यास पहली बार 10 दिनों तक चलेगा। इसमें आम नागरिकों को भी शामिल किया जाएगा, ताकि इमरजेंसी में जरूरी सामान कैसे बांटा जाए और कैसे शांति बनाए रखी जाए, इसकी रिहर्सल कराई जा सके। ताइवान ने देशभर में एयर डिफेंस शेल्टर्स बनाए हैं, मेट्रो स्टेशन से लेकर मॉल तक। अकेले ताइपेई में 4,600 से ज्यादा शेल्टर्स हैं, जिनमें 1।2 करोड़ लोगों के बैठने की क्षमता है, जो कि शहर की आबादी से चार गुना ज्यादा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद ताइवान को एहसास हुआ कि अगला नंबर उसका हो सकता है। वहीं, इजरायल के 'आयरन डोम' जैसी तकनीकों और वहां के सिविल डिफेंस सिस्टम ने दुनिया को दिखाया कि आम जनता को भी युद्ध के वक्त तैयार रहना चाहिए। ताइवान का ये कदम बताता है कि अपने लोगों की जान बचाने के लिए वह किसी बड़े देश से कम नहीं।

## डोनाल्ड ट्रम्प की टेंशन बढ़ा रही खुफिया रिपोर्ट

**अमेरिका के कोने-कोने में एक्टिव है ईरान का खतरनाक 'हथियार'**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जैसे ही ईरान-इजरायल के बीच संघर्ष विराम की घोषणा की, वॉशिंगटन के साथ पूरी दुनिया में कुछ राहत की सांस ली गई।



अब भले ही सीजफायर हो गया हो मगर अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की एक रिपोर्ट सामने आई है जो कहती है सीजफायर कराना ही ट्रम्प के लिए भारी पड़ सकता है। द टेलीग्राफ ब्रिटेन की एक खबर के मुताबिक सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि असली जवाब ईरान अमेरिका की सरजमीं पर दे सकता है। वो भी स्लीपर सेल्स के जरिए। और यही बात ट्रम्प समेत पूरे सिस्टम के लिए खतरे की घंटी है। ये स्लीपर सेल्स आम ज़िंदगी जीते हुए किसी भी समय एक्टिव हो सकते हैं। ये ऐसे लोग होते हैं जो दिखने में आम नागरिक लगते हैं। नौकरी करते हैं, समाज में घुल-मिल जाते हैं लेकिन असल में ये किसी विदेशी एजेंसी से जुड़े होते हैं। जैसे ही उन्हें ग्रीन सिग्नल मिलता है, वो हमला कर सकते हैं, ब्लैकमेलिंग कर सकते हैं या फिर किसी रणनीतिक टारगेट को नुकसान पहुंचा सकते हैं। रिपोर्ट में सामने आया है कि ईरान के एजेंट अमेरिका के शहरों में छुपे बैठे हैं। ये एजेंट ईरानी या आपराधिक नेटवर्क के ज़रिए मिशन पूरा करते हैं। अतीत में कई ऐसे ऑपरेशन पकड़े गए हैं, जहां ईरानी एजेंट्स ने हत्या या अपहरण की कोशिश की।

## भारत ने दिया पाक को करारा जवाब

**बच्चों के खिलाफ अत्याचार और आतंकवाद फैलाने वाले पाकिस्तान का संरा में उपदेश देना घोर पाखंड**

**न्यूयॉर्क।** भारत ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। भारत ने संयुक्त राष्ट्र की प्रक्रियाओं पर पाकिस्तान के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पाकिस्तान अपने क्षेत्र में बच्चों के अत्याचार के मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने कहा कि बच्चों के खिलाफ अत्याचार और आतंकवाद फैलाने वाले पाकिस्तान का संयुक्त राष्ट्र में उपदेश देना घोर पाखंड है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में बच्चों और सशस्त्र संघर्ष (सीएएसी) पर वार्षिक खुली बहस के दौरान भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि मैं पाकिस्तान के प्रतिनिधि की ओर से की गई राजनीति से प्रेरित टिप्पणियों पर खारिज करता हूं। पाकिस्तान सीएएसी एजेंडे के गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक है। पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र की प्रक्रियाओं पर गलत तरीके से संदेह व्यक्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपने नापाक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न चर्चाओं में भारत को बदनाम कर रहा है। ऐसा करके पाकिस्तान अपने ही देश में बच्चों के खिलाफ किए जा रहे अत्याचारों से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहा है। भारत इसे अस्वीकार करता है। इसके अलावा भारत सीमा पार से किए जा रहे बड़े पैमाने पर आतंकवाद को भी अस्वीकार कर रहा है। भारत के स्थाई प्रतिनिधि और राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि हमारी दुनिया संघर्षों और आतंकी हमलों में एक खतरनाक वृद्धि देख रही है और बच्चे उनके सबसे ज्यादा शिकार हो रहे हैं।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)